सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 20 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 20, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.71 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सम्मान समारोह में होंगी शामिल राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अप्रैल में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में शामिल होंगी, जिसमें इस वर्ष का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। } 16

## भारतीय महिला व पुरुष खो-खो टीम बनी विश्व चैंपियन



एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की मेंस और विमेंस टीम ने खो-खो का पहला वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में दोनों कैटेगरी के फाइनल खेले गए। विमेंस टीम ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं मेंस टीम ने भी नेपाल को ही हराया, लेकिन अंतर 54-36 का रहा। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुख्यमंत्री योगी ने किया महाकुंभ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण

○ महाकुंभ में आयेंगे पीएम, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व गृहमंत्री ○ संचार, स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था को बनायें और पुख्ता : सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया।

उन्होंने कहा है कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढ़कर मदद करें। सीएम ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान प्रयागराज और मां गंगा की कृपा से इन दोनों स्नानों को सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। उसके बाद अरैल स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में व्यासपीठ को प्रणाम किया और मोरारी बापू का अभिनंदन किया। पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, गुरु गुरुशरणानंद समेत अन्य संतों से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने संविधान गैलरी, पुलिस गैलरी का अवलोकन करने के साथ ही आईट्रिपलसी में अफसरों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

रविवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति जी, उपराष्ट्रपति जी, प्रधानमंत्री जी और केंद्रीय गृह मंत्री जी सहित अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए। आइसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक 07 करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पौषपूर्णिमा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ में लगी भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

## गीता प्रेस के 180 कॉटेज जलकर हुए खाक



विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। हालांकि अग्निशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया, लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया। सभी को मना किया गया कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम न करें, जहां हमने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम ने मौके पर जाकर लिया जायजा



विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तुरंत हरकत में आए और मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान की जाए और घटना के कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सैफ अली खान पर हमले के तार बांग्लादेश से जुड़े

### पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हमले का आरोपी

एजेंसी



मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित अभियोजन पक्ष की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक है, और उसके कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) को दोपहर डेढ़ बजे बांद्रा में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के सामने पेश किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर भारत में अवैध रूप से रहने वाला एक बांग्लादेशी नागरिक था और उसके कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि इस मामले का संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश से है या नहीं। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील संदीप डी शेरखाने ने तर्क दिया कि उनका मुवक्किल कई वर्षों से देश में रह रहा है और उसके पास (देश में रहने के लिए) महत्वपूर्ण दस्तावेज है, और उसका परिवार भी भारत में रह रहा है। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान की मौजूदगी के कारण इस मामले को तूल दिया गया है। हालांकि, पुलिस ने यह कहते हुए 14 दिन की हिरासत की मांग की कि मामला सिर्फ ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## गाजियाबाद : घर में लगी आग, चार की मौत

गाजियाबाद (उप्र)। गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में एक घर में रविवार तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसमें एक महिला और उसके बच्चों समेत चार लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में लगी आग को बुझाया तथा आग बुझाने के बाद दमकल कर्मियों ने घर के अंदर से शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि ये लोग तीसरी मंजिल पर सो रहे थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल ने बताया कि दमकलकर्मियों ने मकान की दीवार तोड़कर शव बरामद किए और मृतकों की पहचान एक महिला गुलबहार, उसके बेटे जान और शान तथा उनके एक रिश्तेदार जीशान के रूप में हुई है।

## भूमि, थूक और लव जिहाद पर मजबूती से लगायी रोक : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्थानीय नगर निकायों चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में ताबड़तोड़ दौरों का क्रम रविवार को भी जारी रहा। मुख्यमंत्री ने आज ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में मेयर और चम्पावत के बनबसा में नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के प्रचार में रोड शो व जनसभाएं आयोजित कीं।

मुख्यमंत्री धामी ने जनसभाओं में कहा कि उनकी सरकार ने लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद ने मजबूती से रोक लगाई है। लैंड जिहादियों के कब्जे से 5000 एकड़ जमीन खाली कराई गई है।? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से प्रगति कर रहा है। अतः काशीपुर और बनबसा ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

गर्मी में प्याऊ, कोरोना काल में भोजन, ऑक्सीजन, दवाएं, एम्बुलेंस की सुविधाएं भी उपलब्ध कराने में सक्रिय रहा फाउंडेशन

## सर्दी में राहगीरों को राहत दे रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो उनको सर्दी से बचा सके। ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं।

हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लखनऊ शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मानव सेवा में सदैव सक्रिय रहते थे। आज उनके सुपुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर जन सरोकार व मानव सेवा में पूरी तन्यमता के साथ जुटे हुए हैं। गर्मियों में मिष्ठान के साथ लगने वाले उनके प्याऊ राहगीरों की प्यास बुझाते हैं, तो कोरोना काल में जब हर तरफ अफरा–तफरी की हालत थी, तब वह मरीजों को घर से अस्पताल पहुचाने में एम्बुलेंस उपलब्ध कराते नजर आते आते थे। कोरोना संक्रमितों व उनके परिजनों को भोजन की व्यवस्था के साथ मोहल्ले–मोहल्ले, गली– गली सैनिटाइज कराने में उनकी सक्रियता देखते बनती थी। वही भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले, चौराहे पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव लोगों को सर्दी से बचाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की दो टीमें शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलती हैं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चलता है। प्रत्येक अलाव में लगभग 40 किलो लकड़ी जलाई जाती है। एक टीम को ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी ...शेष पृष्ठ 14 पर





डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने जगह–जगह जलवाये अलाव

विशेष खबर

भारत विकास परिषद अवध प्रांत द्वारा '24वीं अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता' सम्पन्न, विजयी छात्र–छात्राओं को श्रीमती अलका दास गुप्ता ने किया पुरस्कृत

# राष्ट्र निर्माण की भावना से प्रेरित हो शिक्षा : श्रीमती अलका दास गुप्ता

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। शिक्षा राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक विकास और विश्व बंधुत्व की भावना से प्रेरित हो, विद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर निकलने वाले युवा भारत के प्राचीन इतिहास, ज्ञान-विज्ञान और गौरवपूर्ण विरासत के वाहक बनें।

○ श्रीमती अलका दास गुप्ता को भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

यह बात बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने भारत विकास परिषद (अवध प्रांत-उत्तर मध्य क्षेत्र-2) के द्वारा ...शेष पृष्ठ 14 पर





'24वीं अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता' में संबोधित करतीं बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, स्मृति चिन्ह देकर श्रीमती अलका दास गुप्ता को किया गया सम्मानित



विजयी छात्र–छात्राओं के साथ बीबीडी विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता (फोटो : समीर भटनागर)

# महाकुंभ में नजर आ रही सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि और एकजुटता

## दादरा नागर हवेली, नागालैंड, लेह, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का यूपी में हो रहा संगम

विशेष संवाददाता (vol)




**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ के कैनवास पर देशभर की सांस्कृतिक विविधता का रंग चढ़ चुका है। संगम की रेत पर विभिन्न राज्यों के 12 शानदार पवेलियन सजकर तैयार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश का महाकुम्भनगर

- **महाकुम्भ दे रहा एकता का संदेश, नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल समेत 12 राज्यों के पवेलियन बने प्रतीक**
- **यूपी के मंत्रियों ने सभी राज्यों में जाकर दिया है महाकुम्भ में आने का निमंत्रण, होने लगा व्यापक असर**

देश का केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से देश विदेश में जाकर मंत्रियों ने खुद निमंत्रण बांटे हैं, जिसका बड़ा व्यापक असर देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से एक जगह पर ही एक साथ सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि साफ देखी जा सकती है। सेक्टर 7 यहां आपको नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल लोक नृत्य समेत दादरानगर हवेली, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।

**मध्य प्रदेश का आदिवासी भगोरिया नृत्य महाकुम्भ को बना रहा है और खास :** मध्य प्रदेश का प्वेलियन इस बार जनजातीय भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। यह नृत्य आदिवासी समुदायों की होली से पूर्व मनाए जाने वाले भगोरिया उत्सव का हिस्सा है, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान, ढोल-मजीरे की गूंज और युवाओं का गुलाल से खेलते हुए नृत्य महाकुम्भ को और भी खास बना रहा है। इस नृत्य के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की गहरी जड़ें और उसे संरक्षित करने का संदेश भी दिया जा रहा है। यहां दस-दस दिन के अंतराल पर धार्मिक फिल्में भी दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया जाता है।

**वैदिक घड़ी बनी महाकुम्भ का आकर्षण :** मध्य प्रदेश मंडप में लगाई गई वैदिक घड़ी श्रद्धालुओं के आकर्षण का विशेष केंद्र बन गई है। यह दुनिया की पहली घड़ी है। इस वैदिक घड़ी का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 29 फरवरी को उज्जैन में किया था। इसे पंडाल के बाहर ही स्थापित किया गया है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु सेक्टर 7 पहुंच रहे हैं।

**राजस्थानी खाने की धूम, लंबी कतार लगाकर भोजन का स्वाद ले रहे श्रद्धालु :** राजस्थान का पवेलियन महाकुम्भ में अपनी ऐतिहासिक धरोहर को लेकर दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां के पवेलियन में राजस्थान के प्रसिद्ध किले हवा महल, जयगढ़, चित्तौड़ किला और विजय स्तंभ की झलकियां दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमाननवाजी भी इस पवेलियन में खूब की जा रही है। जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए लोग कतार लगाकर भोजन का स्वाद लेते देखे जा सकते हैं। राजस्थान के लोक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम 45 दिनों तक लगातार चलेंगे।

**छत्तीसगढ़ का छेरछेरा नृत्य महाकुम्भ के मंच पर बना रहा अपनी विशेष पहचान :** गुजरात का गरबा, आंध्र प्रदेश का कुचिपुड़ी, उत्तर प्रदेश का जोगिनी नृत्य, उत्तराखंड का छोलिया और छत्तीसगढ़ का छेरछेरा नृत्य महाकुम्भ के मंच पर अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। हर राज्य ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अद्वितीय तरीके से प्रस्तुत किया है। दादरा नगर हवेली का मुखौटा नृत्य, नागालैंड का चांगलो और लेह लद्दाख का शोंडोल भी इस महाकुम्भ की सांस्कृतिक धारा में रंग भर रहे हैं।

**कला, साहित्य, और सांस्कृतिक समृद्धि का संगम :** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने कला और साहित्य के रचनात्मक विकास को भी बढ़ावा दिया है। यहां सांस्कृतिक प्रदर्शन, संगीत, नृत्य और प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का संचार किया जा रहा है। महाकुम्भ के पवेलियनों के माध्यम से भारतीय एकता और विविधता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जो देशवासियों को जोड़ने का एक अभूतपूर्व प्रयास है।

## पर्यटन विभाग महाकुम्भ में भव्य ड्रोन शो का आयोजन करेगा

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा विश्व के सबसे बड़े आस्था के समागम प्रयागराज में व विशेष महाड्रोन शो का आयोजन किया जायेगा। त्रिवेणी संगम के आकाश में मेक-इन-इंडिया ड्रोन पेश करेंगे परम्परा और तकनीकी का अनूठा संगम। ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ की अध्यात्मिक कथा को एक नूतन और अनोखे रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। यह ड्रोन शो 24, 25 व 26 जनवरी को आयोजित होगा, इसके लिए अलग-अलग थीम का चयन किया गया है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महाड्रोन शो के अंतर्गत 24 जनवरी को उप्र दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस तथा 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शो आयोजित किये जायेगे। इसके अलावा ड्रोन शो के अंतर्गत समुद्र मंथन की भव्य कथा, जिसमें 14 रत्न उत्पन्न हुए थे के प्रसंग को भी दिखाया जायेगा। इसके अलावा भगवान शिव का शौर्य, जिन्होंने संसार को बचाने के लिए विष पी लिया था। अन्य प्रसंग में कुम्भ कलश जिसकी दिव्य बूंदे गिरने से महाकुम्भ की शुरूआत हुई थी। इसके साथ ही ऊँ का पवित्र जाप, जो वातावरण में दिव्य शक्ति का संचार करेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो की तीन दिन की अवधि के दौरान 2500 ड्रोन विभिन्न धार्मिक एवं प्रासंगिक चित्र प्रस्तुत करेगे। उप्र दिवस के अवसर पर शाम को ड्रोन शो निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र के 2000 हेक्टेयर की परिधि में आने वाले श्रद्धालुओं को दिखाई देगा। इस ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ के आकाश में विहंगम दृश्य देखने को मिलेगे। पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो के लिए लगभग पूरी तैयारियां कर ली। ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ को दिव्य एवं भव्य बनाने की तैयारी है। श्रद्धालु महाकुम्भ की शुरूआत से लेकर नये भारत के मेक-इन-इंडिया ड्रोन्स का आनंद उठा सकेंगे।

# निवेश का प्रमुख गंतव्य बन चुका है उत्तर प्रदेश : नन्दी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज इन्वेस्ट यूपी के पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि उत्तर

- **देश के ग्रोथ इंजन के रूप में प्रदेश को मिली नई पहचान: नन्दी**
- **मंत्री नंद गोपाल गप्ता नंदी ने महाकुंभ में इन्वेस्ट यूपी पंडाल का किया उद्घाटन**
- **इन्वेस्ट यूपी के पंडाल में ही प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना**

प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में निवेश के लिए सबसे बड़ा ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। महाप्रुंभ में औद्योगिक विकास का नया अध्याय इन्वेस्ट यूपी के पंडाल में राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश योजनाओं और विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश प्रो औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाना है, जहां निवेशकों को सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।



**उत्तर प्रदेश: विकास की ओर अग्रसर :** मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा लायी गई नई औद्योगिक नीतियां, जैसे कि एकल खिड़की प्रणाली और विशेष आर्थिक क्षेत्र, उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिए आदर्श स्थान बना रही हैं। पंडाल में डिजिटल और इंटरएक्टिव माध्यमों प्रे जरिये निवेश परियोजनाओं, औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख उपलब्धियों को भी दर्शाया गया।

**जनसमुदाय की भागीदारी:** पंडाल में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जहां उन्होंने औद्योगिक निवेश और राज्य के विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि रोजगार के व्यापक अवसर पैदा करना भी है, जिससे प्रदेश के युवाओं को समृद्धि के अवसर मिलें। मंत्री नन्दी ने इन्वेस्ट यूपी के पण्डाल में विश्व के सबसे लोप्रप्रिय नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के संस्करण के प्रसारण को पार्टी पदाधिकारियों एवं मेला क्षेत्र में उपस्थित लोगों के साथ सुना। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सदैव ही प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक होता है। आज के संस्करण में प्रधानमंत्री ने महाकुम्भ के महात्म्य और महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारत का जीवंत मानचित्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ का श्री गणेश हो चुका है। चिरस्मरणीय जनसैलाब, अकल्पनीय दृष्य और समता-समरसता का असाधारण संगम प्रयागराज में हो रहा है। हजारों वर्षों से चली आ रही परम्परा में कहीं कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं दिख रही है। कुम्भ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मना रहा है। जहां संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग जुट रहे हैं।

## केन्द्रीय मंत्री पहुंचे प्रयागराज महाकुंभ

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री उर्जा, आवास एवं शहरी मामले मनोहर लाल खट्टर रविवार को दोपहर बाद प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रयागराज एयरपोर्ट जाकर उनका स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री ने संगम घाट पर जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर अनंत विभूषित स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। काशिणी आश्रम आकर गुरु सरणानंद महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से भी मुलाकात हुई। नगर विकास मंत्री ने प्रयागराज में प्रधानमंत्री की मन की बात को भी सुना। उल्लेखनीय हो कि महाकुंभ में केंद्रीय मंत्रियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है।



उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें प्रयागराज महाकुंभ-2025 का निमंत्रण प्रदान किया तथा उसमें सहभागिता के लिए अनुरोध किया।

# कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा साबित : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि कानून व्यवस्था पर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा साबित हो गया है। सपा मुख्यालय से रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ हैं और हत्या, लूट समेत अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊसहित प्रदेश में हर दिन अपराध की घटनाओं में इजाफा हो रहा है तथा कानून-व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा साबित हो चुका है। यादव ने दावा किया कि अपराधी भी समझ गये है कि मुख्यमंत्री को राज्य की कानून-व्यवस्था से कोई वास्ता नहीं है तथा पूरा प्रशासन इन दिनों पर्यटन पर है।

उन्होंने कहा, कैबिनेट के मंत्री भी राजधानी से बाहर जाने वाले है। अपराधियों की चांदी है। इन दिनों वही (अपराधी) ढूंढ़ रहे है कि सरकार कहां है? सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में हर दिन सैकड़ों आपराधिक घटनाएं हो



रही है तथा भाजपा सरकार ने राज्य को अपराध का गढ़ बना दिया है। यादव ने आरोप लगाया कि हर दिन महिलाओं और बच्चियों को अपमानित और प्रताड़ित करने वाली घटनाओं से लोग आतंकित और आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाए भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि पुलिस का काम विपक्ष खास कर समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाकर उन्हें परेशान करने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया भाजपा नेताओं के दबाव में पुलिस निर्दोषों को फंसाने का काम कर रही है। अन्याय और अत्याचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस निष्पक्ष होकर कार्य नहीं करेगी तब तक अपराध नहीं रूकेगा तथा पुलिस की कार्यप्रणाली से जनता का भरोसा खत्म हो चुका है। यादव ने कहा कि महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही है तथा पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भाजपा सरकार ने उप्र को पहले स्थान पर पहुंचा दिया है।

## लविवि ने जीते कराटे में चार कांस्य मेडल

**लखनऊ।** लविवि क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रोफेसर अजय कुमार आर्य ने बताया कि ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हो रही ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में लविवि की कराटे की पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप खेलने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से 14 जनवरी को हरियाणा रवाना हुई। ऑल इंडिया कराटे इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष वर्ग की चैंपियनशिप महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में 14 जनवरी से 18 जनवरी के बीच हुई। इस टूनामेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा कराटे की काता विधा में चार ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। इस चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम, आशीष सिंह, जय भारत दुबे, ज्ञानेश कुमार सिंघल एवं आकाश सोनकर हैं।

# इटली के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को इटली से आए एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। प्रयागराज महाकुम्भ से लौटीं

- **रामायण की चौपाई और शिव तांडव की दी प्रस्तुति**
- **इटली में ध्यान एवं योग सेंटर के संस्थापक एवं प्रशिक्षक माही गुरु ने अपने अनुयायियों के साथ सीएम से की शिष्टाचार भेंट**
- **इटली के दल ने सीएम से साझा किये महाकुम्भ के अपने अनुभव, बोले- भारतीय संस्कृति की गहराई ने उन्हे प्रभावित किया**

इटली की महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रामायण की चौपाई, शिव तांडव और कई भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान सभी ने अपने अनुभव भी साझा किये। बता दें कि इटली में ध्यान एवं योग सेंटर के संस्थापक एवं प्रशिक्षक माही गुरु के नेतृत्व में उनके अनुयायियों ने सीएम से शिष्टाचार भेंट की।

**महाकुम्भ में स्नान करने के बाद सीएम से की मुलाकात :** प्रयागराज महाकुम्भ का आयोजन न केवल भारतीयों बल्कि विदेशी मेहमानों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। ऐसे में इटली से आए एक प्रतिनिधि मंडल ने संगम में पवित्र स्नान किया और भारतीय परंपराओं को गहराई से अनुभव किया। प्रतिनिधि मंडल की महिलाओं ने महाकुंभ में नागा साधुओं, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा बनकर आध्यात्मिक अनुभव हासिल किया। महाकुंभ से लौटने के बाद प्रतिनिधि मंडल की महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपने अनुभव साझा किए।



महिलाओं ने बताया कि महाकुम्भ का आयोजन न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत प्रदर्शन भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई मुलाकात के दौरान इटली से आई महिलाओं ने रामायण की चौपाई, शिव तांडव और कई भजन प्रस्तुत किये। महिलाओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति की गहराई और इसकी आध्यात्मिकता ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है।

# सांस्कृतिक और सामाजिक के साथ आर्थिक पुनरोत्थान की भी नींव रखेगा महाकुम्भ 2025

महाकुम्भ नगर । तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा महाकुम्भ 2025 न सिर्फ सांस्कृतिक और सामाजिक बल्कि आर्थिक पुनरोत्थान की दिशा में भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में इसकी ओर संकेत किया था, जब उन्होंने कहा था कि महाकुम्भ से दो लाख करोड़ का व्यापार होगा। देश और प्रयागराज के अर्थ से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो 45 दिन तक चलने वाले इस महाआयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। यही नहीं, जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा। कुल मिलाकर यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन

- **आर्थिक जानकारों की राय में महाकुम्भ के भव्य आयोजन से प्रदेश की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान**
- **जीएसटी कलेक्शन में भी आएगा अभूतपूर्व उछाल, दिसंबर, जनवरी और फरवरी में तीन गुना हो सकता है जीएसटी कलेक्शन**
- **जानकारों के अनुसार, महाकुम्भ के पूरे आयोजन में 4 लाख करोड़ से ज्यादा का हो सकता है कारोबार**

ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित होगा।

**अर्थव्यवस्था में जान डाल देगा महाकुम्भ :** देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही, साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी।

**निवेश का कई गुना रिटर्न मिलेगा सरकार :** पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा। इस खर्च पर जो लोगों को आय होगी उस पर आयकर तथा अन्य सुविधाओं के अप्रत्यक्ष कर जोड़ दें तो यह आंकड़ा एक लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा, मतलब कई गुना आय तो सरकार को ही होगी। ये सारे विश्लेषण और आंकड़े बताते हैं की किताबी आंकड़े भले ही कुछ कहें, महाकुम्भ के बाद अगली तिमाही में अर्थ अमृत का प्रसाद मिलने वाला है। तिमाही आकड़े के साथ शेयर बाजार भी नृत्य करेगा।

**इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती :** प्रयागराज के प्रख्यात सीए अनिल गुप्ता के अनुसार महाकुम्भ के भावनात्मक पहलू के साथ ही आर्थिक पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार ने इस बार महाकुम्भ को लेकर जो निवेश किया है, उससे बड़े पैमाने पर रेवेन्यू भी जेनरेट होगा। रेलवे, ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिसिटी समेत कुम्भ मेले में रेंट पर जो भूमि आवंटित की गई है, इन सभी से व्यापक रेवेन्यू जेनरेट होगा। इन सभी को मिलाकर देखें तो जीएसटी और समस्त इंफ्रास्ट्रक्चर से सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए आय की संभावना है। इस आय को सरकार जब इंफ्रास्ट्रक्चर में डालेगी तो निश्चित रूप से इसका असर इकॉनमी पर भी देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार पूरी दुनिया से लोग आ रहे हैं, इससे टूरिज्म को बहुत बल मिलेगा। अगर सिर्फ प्रयागराज की ही बात करें तो पहले यहां 5 स्टार, 7 स्टार होटल नहीं थे अब ये सारे यहां स्थापित हो रहे हैं। निश्चित रूप से इन सभी फैक्टर्स से जीडीपी ग्रोथ में एक प्रतिशत की ग्रोथ आराम से हो जाएगी। जहां तक जीएसटी की बात है तो यह प्रयागराज

- **व्यापार में वृद्धि से सभी तरह के वर्गों को मिलेगा लाभ, उत्तर प्रदेश सरकार को हो सकती है बंपर आय**
- **महाकुम्भ से होने वाली आय का बड़ा हिस्सा योगी सरकार प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में करेगी निवेश**
- **लोगों की जेब में आयेगा पैसा तो बढ़ेगी क्रय शक्ति, मांग में होगा इजाफा, अधिक उत्पादन से होगी रोजगार में वृद्धि**

समेत पूरे प्रदेश को मिलाकर देखें तो दिसंबर, जनवरी और फरवरी में इसके तीन गुना तक बढ़ने की संभावना है।

**लोगों की बढ़ेगी आमदनी, सबका साथ सबका विकास को मिलेगा प्रोत्साहन :** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड डीन वाणिज्य फैकल्टी एवं वित्त अधिकारी डॉ एके सिंघल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने महाकुम्भ को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं रखी है। इसका प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश की इकॉनमी पर जबर्दस्त असर देखने को मिलेगा। देश विदेश से आ रहे करोड़ों लोग यहां आकर पैसा खर्च करेंगे। चाहे ट्रांसपोर्ट हो, लोकल वेंडर्स हो, शहर के दुकानदार हों, रिक्शा वाले हों, टैक्सी वाले हों, नाव वाले हों इनकी आमदनी बढ़ेगी। मेरे अनुमान के अनुसार लगभग 40 से 50 हजार करोड़ रुपए आएगा। यही नहीं, सरकार ने जितना खर्च किया है उसका 10 गुना तक उसको लाभ हो सकता है। सरकार को जो पैसा मिलेगा वो विकास में खर्च होगा। सबका साथ सबका विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा फायदा होगा। प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या इससे ज्यादा की भी वृद्धि हो सकती है।

## आयुष शुक्ला को मिला सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार

**लखनऊ।** आयुष शुक्ला डीएसटी इंस्पेयर जेआरएफ शोध छात्र, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में अध्ययनरत हैं, प्रो. पूनम टंडन (जो वर्तमान में गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति हैं) के निर्देशन और सीबीएमआर, एसजीपीजीआईएमएस के डॉ. दिनेश कुमार के सह-निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उनका शोध कार्य मैग्नेटिक क्वांटम डॉट्स के संश्लेषण और उन्हें लिपोसोमल वेसिकल्स में लोड करने पर केंद्रित है, जिसे एमआरआई इमेज गाइडेड दवा वितरण के लिए विकसित किया जा रहा है। यह उन्नत तकनीक विशेष रूप से कैंसर उपचार और अन्य गंभीर बीमारियों के निदान और उपचार में संभावित क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। हाल ही में आयुष शुक्ला को बिट्स पिलानी में ट्रांसलेशनल बायोमेडिकल रिसर्च सोसाइटी इंडिया द्वारा आयोजित सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार और 5000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

संक्षेप

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दी तहरीर

**प्रतापगढ़** जिला संवादाताः जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के भोगापुर निवासी नन्हे वर्मा पुत्र नोहर वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्रह जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे वह पैमाइस को लेकर पड़ोसी राजाराम वर्मा पुत्र रामानन्द वर्मा के साथ राजस्व टीम के आने का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच चार आरोपी वह पहुंचे और गाली देते हुए उसे और पड़ोसी राजाराम को जमकर मारापीटा शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी धमकी देते चले गये। एसओ अरूण कुमारका कहना है दो नामजद दो अज्ञात समेत चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर मिली है जांच के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

## सीओ ने अर्दली रूम का निरीक्षण कर संबंधित को दिये निर्देश

**सोनभद्र**। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा थाना पिपरी पर सर्किल पिपरी के सभी थानों में अर्दली रूम किया सीओ ने निरीक्षण किया। अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चैराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मामलों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण



**बलरामपुर**। समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण( महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्राविधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त

महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।

## डीएम ने ली प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की जानकारी

**मीरजापुर**। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आई0जी0आर0एस0 संदर्भो की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने हेतु आश्वयक दिशा निर्देश दिया। असंतोषजनक आख्या अपलोड करने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार को शो काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रोस्टर बनाते हुए ग्राम पंचायतों में लेखपालों की तैनाती करें।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आई0 जी0 आर0 एस0 संदर्भो के सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों पर अपलोड की जा रही हैं। अतएव आख्या का परीक्षण एवं संदर्भो का समुचित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये अधिकारी स्पष्ट टाइप कराते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि सरकार की योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु निर्धारित व्यवस्था के तहत की गयी शिकायत के सम्बन्ध में आवेदक को भली भाति अवगत करा दिया जाय तथा गुण दोष के आधार पर निस्तारण करते हुये कार्यवाही की जाए। यह भी निर्देशित किया गया कि जल्दबाजी में संदर्भ निस्तारित न किये जाय आवश्यकतानुसार आवेदक से दूरभाष पर वार्ता करने के उपरान्त ही अन्तिम निस्तारण सुनिश्चित करते हुये अपलोड किया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि के विवादित प्रकरणों में यदि के किसी न्यायालय में वाद विचाराधीन है तो वाद का सम्पूर्ण विवरण मा0 न्यायालय का नाम, वाद संख्या इत्यादि सहित अंकित करते हुये आख्या अपलोड किया जाय। उन्होने कहा कि राजस्व से सम्बन्धित जनपद स्तर पर दोनों विभागों में समन्वय स्थापित करते हुये भूमि विवाद के प्रकरणो अथवा भूमि की पैमाइश के प्रकरणो में राजस्व व पुलिस की टीम संयुक्त टीम गठित कर निस्ताकरण करने का प्रयास किया जाय। सरकारी सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा पाये जाने पर उसे तत्काल कब्जा मुक्त करने के प्रसास किया जाय तथा सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायत प्रकरणों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग निस्तारण करते हुये अपलोड किया जाय, डिफाल्टर होने की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## गोतस्करी के मुकदमे में वंछित दो गिरफतार, भेज गये जेल



**प्रतापगढ़**। कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान वंछित दो तस्करों को गिरफतार कर रविवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दारोगा राजेश कुमार यादव व दारोगा विवके कुमार यादव रविवार की सुबह पुलिस फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अगई पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी करके दो आरोपियों को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफतार किये गये आरोपी रायबरेली जनपद के सलोन थाना अन्तर्गत मिया साहब का फाटक निवासी मो0 गुलजार पुत्र इसरार अहमद व सैफउल्ला पुत्र मुराद उल्ला पशु कुररता निवारण.तथा गोवध निवारण अधीनियम के दर्ज मुकदमें में वंछित थे। दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## पांच के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ का केस

**प्रतापगढ़**। मारपीट तोड़फोड़ व धमकी को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात गांव के किताबुन निशा पत्नी अनवरूल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि अठाराह जनवरी को सुबह करीब दस बजे उसके द्वारा मकान की छत पर लिन्टर डालने का कार्य कराने के दौरान रंजिशन गांव के अतहर , मजहर पुत्रगण जाहिद तथा जाहिद की पत्नी जमीला ,पुत्री गुड़िया , तरन्नुम एक राय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपीगण ईट, पत्थर चलाते हुए जांनलेवा धमकी देने लगे। आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़िता व उसके बेटे को मारापीटा तथा घरेलू सामानों एवं शटरिंग के सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अतहर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अवैध वसूली को लेकर अमेठी वासियों ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी**। नगर पंचायत अमेठी के अवैध वसूली को लेकर परेशान आवास विकास कालोनी के निवासियों ने आज कालोनी के दुर्गा मंदिर के पास बैठक की। बैठक के साथ विरोध प्रदर्शन भी किया। बैठक में आवास विकास कालोनी ने रहने वाले सैकड़ो लोग शामिल हुए नियमों को दरकिनार करते हुए अभी हाल ही में नगर पंचायत अमेठी द्वारा कालोनी वासियों को अवैध वसूली की नोटिस जारी कर नवीनीकरण कराने का आदेश दिया गया है जिसे कालोनी वासियों ने अवैध और धन उगाही का तरीका बताया है। दरअसल संगठित विकास योजना के तहत अमेठी शहर के सुल्तानपुर रोड पर 1988 में आवास विकास कालोनी की स्थापना हुई थी इस कालोनी में छोटे बड़े तीन साइजों के प्लाट लोगों को एलॉट किया गया था जिसमें सभी लोगों ने अपने आवास बनवा लिए। नगर पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर उस कर को कई गुना बढ़ा दिया गया। इसके साथ ही नवीनीकरण



कराने का नोटिस भी जारी किया गया नोटिया जारी होते ही कालोनी वासियों में हड़कंप मच गया इसके बाद आज कालोनी के सैकड़ो बाशिंदों ने दुर्गा मंदिर के पास बैठक की।

बैठक में नगर पंचायत के तुगलगी फरमान का विरोध किया गया कालोनी के रहने वाले दिलीप सिंह ने कहा कि पंचायत द्वारा नवीनीकरण कराने का नोटिस जारी किया गया है,जब हम इसकी जानकारी करने के लिए नगर पंचायत कार्यालय गए तो किसी प्रकार की कोई जानकारी नही दी गई। उन्होंने बताया कि 27 नवम्बर 2024 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत तीन बिंदुओं पर नगर पंचायत अध्यक्ष/ अधिशाषी अधिकारी अमेठी से मांगी गई थी लेकिन एक माह बीतने बाद भी नहीं दी गई।

नगर पंचायत द्वारा अवैध वसूली का नोटिस जारी कर कालोनी वासियों में भय व्याप्त किया जा रहा है क्योंकि नोटिस जारी करने का कोई औचित्य ही नही है नवीनीकरण का शुल्क कार्यालय द्वारा एक लाख रुपए बताया जा रहा है। इसी अवैध वसूली के विरोध में आज बैठक की गई है। कालोनी को फ्री होल्ड कराने के लिए हम लोग हाईकोर्ट जाएंगे।

बैठक के दौरान एडवोकेट डॉ संजय सिंह ने कहा कि कालोनी के करीब तीन सौ लोगो को अनाधिकृत रूप से पुनर्नवीनीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है इसको पहले ही फ्री होल्ड किया जाना चाहिए था लेकिन नगर पंचायत द्वारा इसे नही किया गया, अब हम लोग हाईकोर्ट जाएंगे। बैठक का संचालन डा रमेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट अखिलेश शुक्ल, डॉ दीपक सिंह एडवोकेट संजय सिंह, एडवोकेट अंकित सिंह, अखिलेश मिश्र, अरुण चतुवेर्दी, दिलीप कुमार सिंह, शिव कुमार सोनी,ओम प्रकाश तिवारी, शिव कुमार मिश्र, अवधेश बहादुर सिंह,दीपक शुक्ला, दिनेश तिवारी, अभिषेक तिवारी,राम खेलावन यादव, डॉ.एचएस मिश्र, दया शंकर तिवारी, राम अभिलाष मिश्र, माधुरी देवी, हदय शंकर तिवारी, पारसनाथ, पुष्पा मिश्रा, प्रेम प्रकाश,जानकी देवी, दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव, दया शंकर शुक्ल, कैलाश नाथ शुक्ल,उमा शंकर तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप ने नयी पीढ़ियों को दी नयी ऊर्जा

**जौनपुर**। मछली शहर क्षेत्र के बामी गेट पर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर गेट के उपर चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की मूर्ति को समाजसेवी जज सिंह अन्ना द्वारा माल्यार्पण कर उनकी आरती की गयी। प्रताप सेवा समिति बामी के तत्वावधान में सैकड़ों राणा प्रताप कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप अमर रहे की नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर खुशियां इतनी थी कि हर कार्यकर्ता महाराणा प्रताप की फोटो के साथ अपनी फोटो खिंचवाता रहा। जज सिंह अन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि यदि महाराणा प्रताप नहीं होते तो भारत का सूर्यास्त हो गया होता, महाराणा प्रताप ने आने वाली पीढियां को एक नयी ऊर्जा, नया आयाम, नया जोश, नया मनोबल देशवासियों को दिया, जिससे महाराणा प्रताप की प्रेरणा से वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई, त्यात्याटोपें सहित हमारे देश की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को आजाद अमर कर दिया और आजादी दिलायी।

## जन आरोग्य मेले में 109 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**प्रतापगढ़**। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आये मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। जनाआरोग्य मेले के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़पुर में बाईस, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोती में इक्यावन तथा पीएचसी रानीगंज कैथौला में छत्तीस मरीजों के स्वास्थ्य का चिकित्सों ने परीक्षण भी किया। मरीजों को संक्रमक रोगों से बचाव को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिये गये। सीएचसी लालगंज अधीक्षक डॉ0 अरविन्द गुप्ता ने बताया कि जन आरोग्य मेले में आये लोगों के ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, त्वाच रोग, लीवर, डायबिटीज आदि की जांच की गयी। परीक्षण के बाद मरीजों को आवश्यक दवाईयॉ भी निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। अधीक्षक ने कहा कि जन आरोग्य मेले में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश भी दिये गये है।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**प्रतापगढ़**। क्षेत्र के पूरेवंशी में चल रहे श्रीमद्भगवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो उठे दिखे। कथा व्यास आचार्य अतुल जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तब धरती पर प्रभु का अवतार होता है। कथा आचार्य ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलायें जीवन में कल्याण की सीख देती है। भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग की कथा सुनकर पण्डाल में श्रद्वालु राधे कृष्ण का जयघोष करते नृत्य करने लगे। नन्द घर आनन्द भयों जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से वातावरण और भक्तमय हो उठा दिखा। श्रद्वालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी निकाली। वही महिलाओं ने मंगल गीत गाये। मुख्य यजमान कुंती देवी पत्नी स्व0 त्रिभुवन नाथ दुबे व संयोजक ज्योति प्रसाद दुबे ने पुष् अक्षत व रोली चंदन से व्यास पीठ का पूजन किया। कुलदीप दुबे रामेन्द्र दुबे व सुधीर मिश्र ने श्रद्वालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर महेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र दुबे, आशीष दुबे, विकास तिवारी , राकेश कुमार शुक्ल, शीतला प्रसाद दुबे, दिलीप दुबे, राजकुमार दुबे , रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, बृजेष दुबे, लोकेश दुबे, आनन्द दुबे, शुभ तिवारी आदि मौजूद रहे।



# पहनावा कॉटन फेब्रिक का हुआ शुभारंभ

**इटावा**। स्थानीय मिश्री टोला पुरविया टोला रोड पर रविवार को पहनावा कॉटन फेब्रिक का समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नवीन कुमार सक्सेना ने शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया। प्रोप्राइटर शेख मोहम्मद सुब्हान उलहक ने मुख्य अतिथि सहित आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नवीन कुमार सक्सेना कहा मेहनत करने से अल्लाह और इश्र्वर अच्छा सिला देता है। जो इंसान परिश्रम करता है वह हमेशा तरक्की करता हक। इंसान को परिश्रम करते रहना चाहिए। इस अवसर पर मोहम्मद यूसुफ, इदरीस अंसारी, नफीसुल हसन अंसारी, मुन्ना खालिद, रिजवान मंसूरी ठाकुर, फारूख अंसारी, रईसुल हसन अंसारी, मोहम्मद मुस्तकीम, शावेज नकवी आदि मौजूद रहे। प्रोप्राइटर शेख मोहम्मद सुब्हान उलहक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- शिविर में 7112 लोगों ने जांच कराकर निशुल्क परामर्श एवं दवा का लिया लाभ

**रायबरेली**। विकासखंड दीनशाह गौरा के ग्राम पंचायत बांसी रिहायक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 7000 से अधिक लोगों ने जांच कराकर निशुल्क परामर्श एवं दवा का लाभ लिया।

स्व एसपी सिंह की पुण्यतिथि पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज एवं क्षेत्र से आए हुए बड़ी संख्या में विभिन्न बीमारी के रोगियों का निःशुल्क जांच कर इलाज हुआ। विभिन्न रोगों से संबंधित जैसे ब्लडप्रेशर, शुगर, आर्थो, खून, आंखों की हीमोग्लोबिन, फाइब्रो, ईसीजी आदि रोगों से सम्बंधित जांच कराई गई। शिविर में सर्जन सहित अनेक डाक्टर जैसे डॉ ओमिका चैहान, डॉ डीआर मौर्य, डॉ मनीष सिंह चैहान, डॉ सिद्धांत सिंह , डॉ शीतल सिंह, डॉ स्मृति सिंह, डॉ नेहा गुप्ता, डॉ नीतीश गुप्ता, डॉ अनिल आहूजा, डॉ नीरज सैनी, डॉ बृजेश सिंह, डॉ केएस सिंह, डॉक्टर आशीष पांडे आदि डॉक्टर तथा सिम्हैंस हॉस्पिटल रायबरेली, मेदांता लखनऊ, रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ, अनुष्ठान हॉस्पिटल रायबरेली तथा संकुस हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा हड्डी, पेट, सामान्य, महिला, बच्चों ,नाक कान गला आदि के मरीज का इलाज किया गया और उन्हें मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया ।



सिम्हैंस के मैनेजर सुधीर मिश्रा ने कैम्प में जाँच तथा पैरामेडिकल स्टाफ और दवा के वितरण का सुचारू संचालन करवाया । मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीएम विशाल यादव ने कार्यक्रम का फीता काट के उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने सभी डॉक्टरों से मुलाकात की और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा ये इतने मुख्यालय से सुदूर क्षेत्र में स्वास्थ्य का इतना बड़ा जागरूकता और सेवा का अद्वितीय प्रयास है जिसके लिए कृष्णा ग्रुप और एसपी सिंह सेवा स्मृति संस्थान बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अशोक सचान , प्रमुख सविता मौर्य , सीओ अरुण कुमार नौहार समेत सहित चिकित्सकों का बैज लगाकर व अंगवस्त्र एवं पुष्प गुछ भेट कर सम्मानित किया गया ।

शिविर का संयोजन सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ फुन्नू सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य संतोष सिंह (लालू भैया ), शोभित सिंह, अभितेन्द्र सिंह , अजय सिंह, हर्षित सिंह आदि ने किया। शिविर में विशिष्टजनों एवं अतिथियों को अंग वस्त्र ,मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मानित किया गया । इस मौके पर समस्त ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य राकेश राणा , आदर्श बाजपेयी समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हत्या में वांछित अभियुक्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इटावा**। हत्या की घटना कारित करने वाली वांछित अभियुक्ता प्रेमिका को पुलिस ने किया गिरफ्तार। क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। प्रेमिका को पकड़ने वाली पुलिस टीम में यशवन्त सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन, उ.नि. सिपाहीलाल रहे। 11 जनवरी को यूपी 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी राघवेंद्र यादव निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन ने अपने घर में आग लगा ली है सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस, जनपदीय फोरेंसिक टीम एवं उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना सिविल लाइन पुलिस टीम तथा फोरेसिंक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुये अधजली अवस्था मे मिले मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के शव को कब्जे मे अग्रिम कार्यवाही करायी गयी। एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन मे उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु 4 पुलिस टीमों का गठन किया गया। 12 जनवरी को मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के पुत्र प्रिन्स यादव पुत्र राघवेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम सुभानपुर थाना अछल्दा जनपद औरैया हाल निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन द्वारा थाने में लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि 10 जनवरी की रात्रि को मेरी मां द्वारा मेरे पिता की हत्या कर दी गयी। सूचना पर थाना सिविल लाइन पर मामला दर्ज किया गया। थाना सिविल लाइन द्वारा पत्नी को 13 जनवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं एक अन्य वाँछित अभियुक्ता प्रेमिका की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी। रविवार को थाना सिविल लाइन पुलिस क्षेत्र में गशत पर थी इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घटना से सम्बन्धित अभियुक्ता प्रमिका को आईटीआई चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।



## दुर्घटना में ऑटो चालक घायल

**करमा (सोनभद्र)**। करमा थाना अंतर्गत केकराही बाजार में रविवार को सुबह सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल के लिए उपचार हेतु भेज दिया गया। हालत गम्भीर देखते हुए उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को ककराही बाजार में पटेहरा गांव निवासी विनोद कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र कमरु मौर्य जो अपनी ऑटो से केकराही बाजार में किसानों की सब्जी लेकर हिंदूवारी मंडी में जाने के लिए उसे ऑटो पर रख रहा था। सुबह के समय काफी कुहरा भी था। कि एक पीछे से आ रही बोलेरो की चपेट में आ गया जिससे ऑटो चालक विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया घटना देख ग्रामीण एंबुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# भंते धम्मदीप ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

- विश्व बौद्ध महासंघ की संवाद बैठक में पालि भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**अमेठी**। सिरमौर बौद्ध विहार , सोइया में विश्व बौद्ध महासंघ के तत्वाधान में संवाद बैठक का आयोजन किया गया। संवाद बैठक के बाद बौद्ध भिक्षु भंते धम्मदीप की ओर से समाज के जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी वितरित किए गये। मुख्य अतिथि इंजीनियर आर सी बौद्ध ने कहा कि भारत का संविधान बुद्ध वचनों के आधार पर लिखा गया है। अब तक की लोकतांत्रिक सरकारों ने संविधान को ठीक से लागू नहीं किया। महापरिनिर्वाण के पहले नेपाल में 20नवम्बर 1956को एक सम्मेलन में डॉ अम्बेडकर ने प्रबुद्ध भारत के निर्माण की बात की थी। दुनिया में भगवान बुद्ध ही एक मात्र महापुरुष हुए हैं जिन्होंने मनुष्य को स्वतंत्र चिंतन की छूट दी है। डॉ अम्बेडकर ने बुद्ध के धम्म को आगे बढ़ाया। उन्होंने वन मैन,वन वोट, वन वैल्यू की बात की जो भारत में आज तक नहीं हो पाया। मानवता की रक्षा भारतीय संविधान और बौद्ध धम्म दोनों चीजें जरूरी हैं। बुद्ध ने राजसत्ता को लात मारकर पूरी दुनिया में धम्मसत्ता की स्थापना की। आचार, विचार, व्यवहार और संस्कार बदलने के लिए किसी कानून की जरूरत नहीं। आर सी बौद्ध ने बताया कि बौद्ध धम्म के बारे में पूरी जानकारी के लिए त्रिपिटक का अध्ययन जरूरी है। सभी बौद्ध ग्रंथ पालि भाषा में हैं, इसलिए बौद्ध धम्म के अनुयायियों को पालि भाषा अवश्य सीखनी चाहिए। आर सी बौद्ध पालि भाषा की वर्णमाला से संबंधित कैलेंडर, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से प्रकाशित व्यवहार पालि शब्दावली पुस्तक और बौद्ध साहित्य भी वितरित किए। इग्नू में स्नातक और परास्नातक में पालि पाठ्यक्रम लागू करने और पालि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की और इसके लिए बौद्धों से जनांदोलन शुरू करने की अपील की।



विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य शकुंतला भारती ने कहा कि भारत में बौद्ध धम्म के पुनरुत्थान में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का महान योगदान है। मान्यवर कांशीराम साहब ने बौद्ध शोध संस्थान स्थापित किया था। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की धम्म क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए भाषा, साहित्य, उपासना केंद्र और संस्कृति के विकास पर जोर दिया। मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद से आए पालि के स्टूडेंट राजवीर सिंह ने कहा कि आई ए एस की परीक्षा से पालि भाषा के विकल्प के रूप में बनाए रखने की मांग की। उन्होंने बताया कि विश्व बौद्ध महासंघ ने जन जन पालि -,घर घर पालि -आंदोलन शुरू किया है। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक त्रिसरण पंचशील से हुई ।कवि रामचंद्र सरस और संतोष सरगम ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बुद्ध वंदना की ।कवि सागर बंधु ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का गुणगान किया। भंते धम्मदीप, भंते धम्मदीप और मुख्य अतिथि इंजीनियर आर सी बौद्ध ने सामाजिक कार्यकताओं को कम्बल भी वितरित किए। संवाद बैठक का संचालन विहार की प्रबंध समिति के संगठन सचिव संजय कुमार ने किया। सचिव राम फल फौजी ने अतिथियों और बैठक में शामिल लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसमता ने की ।सिरमौर बौद्ध विहार संस्थान सोइया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, वरिष्ठ शिक्षक राम चन्द्र,इन्द्र पाल गौतम, हीरालाल बौद्ध, श्याम लाल, राजेश अकेला, डॉ नन्हे लाल, अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी सियाराम, रामदेव भजनी, बाबू लाल, त्रिभुवन दत्त, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## वृद्धा की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। रविवार को दोपहर बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुना बाग पुल के पास सड़क क्रॉस करते समय अतरश्री पत्नी अतरसिंह उम्र 70 वर्ष निवासी नगला आशा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनके पैर व सिर पर चोटों से गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर एंबुलेंस के द्वारा उनको सीएचसी इलाज हेतु लाया गया। गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गंभीर घायल अतर श्री की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतका का हाईवे पर जमुना बाग पुल के पास मकान है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## पुरस्कार वितरण

इटावा। रविवार को फैशन शो एवं टैलेंट शो के प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया। विजय सिंघल जीआज फैशन शो व टैलेंट शो के प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे सोहिल खान, आमिर खान, रेहान, गुरु सदस्य नुमाइश कमेटी व श्वेतांबरी विकास चैहान गिनीज वर्ल्ड होल्डर टीम संजीव अग्रवाल, फरमान, अदनान, संदीप यादव, डिजाइनर हार्दिक झा, कुणाल, खुशी भाग्यश्री, बृजेंद्र, कुणाल, आयुष, तनीश, नीतू पुरवार मोजूद रहे।

## परशुराम समिति की कार्यकारिणी घोषित की जायेगी

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति की बैठक आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में संपन्न हुयी। अध्यक्षता कर रहे समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि समिति को और अधिक सक्रियता प्रदान करने के लिए शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी इसके बाद संरक्षक मंडल, जिला कार्यकारिणी व नगर कमेटियों का गठन किया जायेगा स उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति लगनशील व सक्रिय लोगों को ही पदाधिकारी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मार्च में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें जिले भर के एक सैकड़ा अधिक बुजुर्गों का सम्मान किया जायेगा। बैठक में वार्षिक सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी।

## काली मंदिर पर जागरण भंडारे का आयोजन

**चौरीचौरा, गोरखपुर** ।चौरीचौरा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या पन्द्रह में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को मां काली जी के मंदिर पर जागरण व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया ।जिसमे क्षेत्र के भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन गायक गोविंद सोनी व म्यूजिसियन टीम शेरू हाशमी द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति काफी मनमोहक रही। वही हनुमान जी की मनोरम झाकियों की प्रस्तुति देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक अशोक जायसवाल, विनोद पाठक, पूर्व सभासद गणेश जायसवाल, गोविंद भुज, रमेश जायसवाल, अनिल जायसवाल, मनीष जायसवाल, बैजू जायसवाल, विपिन जायसवाल, पवन जायसवाल, रामू गुप्ता, रसहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय के दौरे पर आज गोरखपुर आयेंगे सीएम योगी



- सीएम के हाथों होगा गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम-हाथी रेस्क्यू सेंटर का लोकार्पण

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी सोमवार को अपने दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर आएंगे। इस दौरान वह विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे और भाजपा के संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रशासन और संबंधित विभागों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम खोराबार में बने गोरखपुर के पहले सरकारी विवाह भवन 'कल्याण मंडपम' के उद्घाटन से शुरू होगा। यह भवन क्षेत्र में विवाह समारोह और अन्य आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होगा। तो वही मुख्यमंत्री चिड़ियाघर में हाथी रेस्क्यू सेंटर, तितली घर, डाक्यूमेंट्री गैलरी और कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा, उनकी मौजूदगी में रेस्क्यू किए गए बाघ, तेंदुए और भेड़िए को बाड़े में छोड़ा जाएगा। चिड़ियाघर में मुख्यमंत्री पीलीभीत से लाए गए बाघ का नामकरण करेंगे। यह कार्यक्रम वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में भाजपा के संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। तो वही मंगलवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

## जरूरतमंदों में बांटा गया कंबल, खिले चेहरे

जिला संवाददाता (vol)

**सरहरी, गोरखपुर।** विकास खण्ड भटहट के ग्राम सभा करमौरा में गरीब व जरूरतमंद लोगों को जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामजीत यादव ने कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी छा गई। सरकार की मंशा के अनुरूप जिला पंचायत सदस्य रामजीत यादव ने गरीबों व निराश्रितों की पहचान कर उन्हें कंबल दिया गया। इस अवसर पर रामजीत यादव ने लोगो से कहा कि अगर कोई जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति छूट गया है तो बचें हुए लोगों को कल कंबल दिया जाएगा। 500 गरीब व पात्र लोगों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में सहयोगी लोगों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रही। वितरण कार्यक्रम में भागीरथी निषाद, रामचरण मौर्य, सतीश सिंह देवेंद्र पांडे, रमाकांत यादव, राधेश्याम चौरसिया समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ ने अवार्ड देकर किया सम्मानित

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विकास खंड ब्रम्हपुर स्थित निम्बेश्वरनाथ मंदिर पर रविवार को कायाकल्प अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर डॉक्टर आशुतोष कुमार दुबे रहे। कार्यक्रम के दौरान नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहम्पुर अन्तर्गत उपकेंद्र राघोपट्टी पड़री के अंशु मिश्रा सी एस ओ, समता साहनी, सुनीता ए एन एम व ग्राम प्रधान लक्ष्मी यादव, सचिव संदीप सिंह, नदुआज्ञानपार के सीएचओ दीपक, एएनएम शशि प्रभा सिंह, ग्राम प्रधान राजधानी के सीएचओ अर्चना सिंह, एएनएम स्नेहलता तथा ग्राम प्रधान सहित कुल 61 प्रतिभागियों को अवार्ड देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी , उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अश्वनी चौरसिया, डॉक्टर एस के मिश्रा , सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मानवेन्द्र यादव, एम, सीएचओ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## हवन-पूजन के साथ पंचमुखी हनुमान की हुई प्राण प्रतिष्ठा

जिला संवाददाता (vol)

**उरुवा, गोरखपुर।** उरुवा ब्लाक परिसर में सब के सहयोग से लाखों रुपए के लागत से बने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पंडित घनश्याम शुक्ल ( मुंडेरा शुक्ल ) के नेतृत्व में पंचमुखी हनुमान की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन विधि-विधान से मंत्रों का जाप कर पूजा पाठ किया गया और अंत में हवन कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण हुआ। इस बीच दर्जनों ब्राम्हणों के द्वारा मन्त्रों का उच्चारण करते हुए आज उपस्थित भक्त गणों द्वारा विधि विधान से पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति का स्थापना और मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित हजारों हनुमान भक्तों में प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया गया। इसी बीच 36 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, प्रदीप शुक्ला, चेयरमैन उरुवा प्रतिनिधि नवीन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, खण्ड विकास अधिकारी रघुनाथ सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि कृपा शंकर दुबे उर्फ जुगुनू दुबे, नीरज दुबे, शम्भू नाथ पाठक, एडीओ पंचायत विनोद कुमार, हरीश त्रिपाठी, डिंकू मिश्रा, बेद प्रकाश सिंह, अभिमन्यु सिंह, इन्द्रजीत पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा बिलारी में आयोजित स्व. सौखी यादव स्मृति सामान्य ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया ।इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आकाश साहनी को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया ।और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग पांडेय को सीलिंग फैन, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अंश साहनी को दिवाल घड़ी देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान वीरेन्द्र यादव, प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव, मृत्युंजय मौर्य, हरिश्चंद निषाद, रामसुविंदर साहनी, कैलाश यादव, राहुल यादव, सुधीर निषाद ,महेंद्र पासवान, सत्य प्रकाश, पन्नालाल पासवान ,राजेश पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता का लापता बेटा रेलवे स्टेशन पर मिला

- सोशल मीडिया की अपील आई काम, पिता ने सभी के प्रति जताया आभार

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के धर्मपुर के रहने वाले भाजपा नेता का दो दिन से लापता 13 वर्षीय बेटा रविवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अपने साथ ले आई और परिवार को सौंप दिया। वह घर से क्यों भागा था अभी कुछ बता नहीं रहा है। फिलहाल बेटे के मिल जाने से परिवार की खुशियां लौट आई है। चरगांवा संवाददाता के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बशारतपुर धरमपुर निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष शिशिर कुमार वर्मा ने दो दिन पहले शुक्रवार को तहरीर देकर बताया था कि शुक्रवार को ही शाम सवा चार बजे बेटा साइकिल से निकला था। और उसके बाद से अटका कुछ पता नही चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच रविवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर टीटीई यशपाल ने उसे देखा



और भाजपा नेता को फोन पर सूचना दी। उसके बाद अपनी पत्नी व शाहपुर इंसपेक्टर के साथ पहुंचे भाजपा नेता उसे घर ले आए। घर पहुंचने के बाद नहाकर व खाना खाकर वह सो गया। वह घर से क्यों गया था, इसको लेकर घर वालों ने अभी कोई बात नहीं की है।

पुलिस के मुताबिक, किशोर की लोकेशन गोलघर के आस-पास मिली थी जिसके बाद शनिवार को दिन भर पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से किशोरी की तलाश करती रही। पहले कौवाबाग चौकी के पास साइकिल से जाते हुए किशोर दिखा है। कैमरे खंगलाते पुलिस आगे बढ़ी तो गोलघर इलाके में वह एक जगह दिखा था। उसके बाद से ही उसके शहर में ही कहीं होने का अंदाजा लगाया जा रहा था।

भाजपा नेता की ओर से शनिवार की सुबह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक अपील की गई थी। बच्चे के फोटो व उसके घर गायब होने की सूचना देते हुए उसके बारे में किसी भी सूचना की अपेक्षा की गई थी। शुभचिंतकों के माध्यम से यह पोस्ट वाट्सएप, फेसबुक, एक्स के जरिए स्थानीय ग्रुपों में खूब वायरल हुई। इसमें भाजपा नेता ने अपना नंबर भी दिया था। उसी नंबर पर टीटीई यशपाल ने उन्हे सूचना दी और ऋषभ को उसके परिजनों से मिलवाया।

ऋषभ पढ़ाई में होनहार है। वह शहर के प्रतिष्ठित स्कूल लिटिल फ्लावर धर्मपुर में कक्षा 8 में पढाई करता है। शनिवार को स्कूल में पैरेंट्स टीचर मीटिंग थी। शुक्रवार को जब वह घर से निकला तो पैसा लेकर नहीं गया था। यही कारण है कि इधर-उधर भटकता रहा। पत्र में उसने दोस्तों या पुलिस को कुछ बताने से मना किया था। इसलिए अपने किसी दोस्त के घर भी नहीं गया। दो दिन से भूखा था। इसलिए रविवार की सुबह जब माता-पिता उसे लेकर घर आए तो उसे नहलाया और खाना खिलाया। उसके बाद वह अपने कमरे में सो गया।

ऋषभ के पिता व भाजपा नेता शिशिर वर्मा ने बेटे के मिलने के बाद टीटीई यशपाल सहित सभी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सभी ने खूब सहयोग किया। मेरी अपील को सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक शेयर किया। पुलिस ने भी खूब कोशिश की। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया है।

# मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव आयोजित



भरथना, इटावा। ऊं श्री पागलबाबा गंगासागर धाम मोढी पर पागल बाबा हृदय मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। रंगबिरंगी आकर्षक साज-सज्जायुक्त मन्दिर में संगीतमयी ध्वनियों के बीच सम्पन्न हुए वार्षिकोत्सव में विभिन्न धार्मिक गीतों व भजनों पर सैकडों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने तालियों की गडगडाहट के साथ लीलाधर पागलबाबा का गुणगान किया तथा इस दौरान 56 भोग से सुसज्जित दरबार में भोग प्रसाद चढाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मुख्य न्यासी श्याम सुन्दर चैरसिया, आशू चैरसिया, आशू शुक्ला, श्रीकृष्ण अवस्थी, संजय मिश्रा सहित सैकडों महिला-पुरूष भक्तजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## प्रसव के दो दिन बाद महिला की मौत

**इकदिल, इटावा।** दो दिन पहले नार्मल डिलेवरी के बाद तबियत बिगड़ने पर प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा गया। थाना इकदिल के चितभवन क्षेत्र में गांव नगला खादर में रहने वाले अजय कुमार की 33 वर्षीय पत्नी सोनी ने दो दिन पहले घर पर नार्मल प्रसव के बाद एक बच्चे को जन्म दिया था। उसके बाद शनिवार देर शाम में उसकी तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने चेकअप परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद बगैर पोस्टमार्टम कराए परिजन उसका शव घर ले गये। महिला के देवर मनीष कुमार ने बताया भाभी की दो दिन पहले डिलेवरी हुई थी बाद में तबियत खराब होने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

## फोरलेन से नहीं जुड़ा इमलिहवा मार्ग



**गगहा, गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड में ग्राम पंचायत अतायर इमलिहवा के इमलिहवा टोला फोरलेन के किनारे स्थित है, लेकिन फोरलेन के निर्माण के बाद गांव में आने वाली मुख्य सड़क को फोरलेन से जोड़ने की मांग की है।

बता दें, गगहा एरिया के फोरलेन सड़क के किनारे स्थित इमलिहवा टोला की जनसंख्या संख्या लगभग पांच सौ है. गांव का मुख्य मार्ग को फोरलेन निर्माण करने वाली कार्यदाई संस्था ने सड़क निर्माण के बाद लिंक मार्ग को नहीं जोड़ा। गांव के नरेन्द्र सिंह, गोरख प्रसाद, चिनकू सिंह, गुड्डू सिंह, परशुराम निषाद ने कार्यदाई संस्था से लिंक मार्ग को जोड़ने की मांग की है।

इमलिहवा गांव का पिच सड़क जिला पंचायत कोटे से 2021मे 570मीटर को इमलिहवा से बेलादार मार्ग में जोड़ा गया था। उस समय मार्ग निर्माण के समय फोरलेन सड़क से पन्द्रह मीटर छोड़कर निमार्ण कार्य किया गया था। जो तीन साल से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी फोरलेन सड़क को गांव के मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है।

**रास्ते में रखा गया है गिट्टी व बालू**

ग्रामीणो ने बताया कि दुकानदार से कई बार रास्ते में गिट्टी व बालू नहीं रखने की बात कही लेकिन वह हर बार हटाने का आश्वासन देकर अपना सामान नहीं हटाया।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौत



**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में खेत की रखवाली कर रहे दो सगे भाइयों की बिजली की हाई टेंशन लाइन के करंट के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। एक साथ एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की खबर सुनकर पूरा गांव शोकाकुल हो गया। क्षेत्र के ग्राम मीरखपुर पुठिया में शनिवार शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमें अपनी फसल की रखवाली कर रहे दो सगे भाई रामोतार उम्र 63 वर्ष और आज्ञाराम उम्र 57 वर्ष पुत्रगण गंगादीन की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। बड़ा भाई रामोतार पुलिस विभाग और छोटा भाई आज्ञाराम आर्मी से सेवानिवृत थे। दोनों अपने पैतृक गांव में ही रहकर खेती किसानी का काम देखते थे। बताया गया कि दोनों भाई खेत पर लगे ट्यूबवेल के समीप फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान हाई टेंशनतार में करंट आ गया और छोटा भाई आज्ञाराम उसकी चपेट में आ गया। बड़े भाई रामोतार ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने तत्काल उन्हें सैफई पीजीआई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना पर विद्युत विभाग के एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि किसान भाई जानवरों से बचाव के लिए तार लगा रहे थे, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने विभाग की किसी गलती से इनकार किया। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस व प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं। इंस्पेक्टर क्राइम नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मीरखपुर पुठिया में दो भाइयों को करंट लगा था जिन्हें इलाज के लिए सैफई पीजीआई भेजा था वहां के डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जांच जारी है कि यह करंट कैसे लगा।

## पति, पत्नी व साली पर जानलेवा हमला

**चकरनगर, इटावा।** हनुमंतपुर बाजार में दवा लेने आई पत्नी पर पति ने आरोप के मुताबिक जानलेवा हमला कर दिया। बहन को बचाने के दौरान जीजा ने साली को भी मारपीट कर घायल कर दिया और मौके पर भीड़ एकत्रित होती देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुटी है। चांदनी हाल निवास औरैया ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी छोटी बहन रागिनी के साथ हनुमंतपुर चैराहे पर रविवार दोपहर समय बंगाली क्लीनिक पर दवा लेने आई थी। आरोप के मुताबिक इसी दौरान प्रार्थनी के पति परिजीत सिंह निवासी गांव बिहार थाना बिठौली ने प्रार्थिनी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मौके पर प्रार्थिनी की बहन रागिनी ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने साली को भी मारपीट कर घायल कर दिया और बाजार में भीड़ एकत्रित होती देखकर मौके से फरार हो गया। कुछ ही समय में दुकानदारों सहित राहगीरों का जमावड़ा लग गया। हनुमंतपुर चैराहे पर मौजूद चैकी इंचार्ज को प्रार्थिनी ने प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपित के खिलाफ जानलेवा हमले में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। कपिल भारती, चैकी इंचार्ज हनुमंतपुरा चैराहा ने बताया कि पति-पत्नी में आपसी विवाद चल रहा है, पति घर पर नहीं मिला है, दोनों को थाने बुलाया गया है।

## पारिवारिक कलह से परेशान पति ने दी जान

**इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह से परेशान 35 वर्षीय विपिन कुमार ने हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुंइता गांव के रहने वाले विपिन रविवार की सुबह गांव से करीब 300 मीटर दूर हाईटेंशन लाइन के खंभे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने विपिन का शव खंभे से लटका देखा। उन्होंने तुरन्त परिजनों व पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक विपिन पिछले चार सालों से मानसिक तनाव में थे उनकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था जिसके कारण पत्नी बच्चों के साथ अलग रह रही थी घटना से एक दिन पहले शनिवार को विपिन इसी मामले में कोर्ट में तारीख पर गए थे। थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव प्रतीत हो रहा है। परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## गरीबों, जरूरतमंदों को कंबल बांटे



**इटावा।** प्रशांत फाउंडेशन द्वारा भीषण सीत लहर सर्दी को देखते हुए शुरू किये गए महाअभियान के अन्तर्गत लगातार निरंतर विगत कई दिनों से प्रशांत फाउंडेशन द्वारा गरीबों असहाय और जरुरतमंदो की सहायतार्थ कंबलों का वितरण लगातार जारी। फाउंडेशन के सदस्य दृढ़संकल्प के साथ लगातार मदद कर रहे हैं। जिस को जहाँ भी जरूरत होती है फाउंडेशन के सदस्य मसीहा बनकर पहुंच रहे हैं। फाउंडेशन द्वारा सभी जरूरतमंद लोगों को एक ही ध्येय को ध्यान में रखते हुए। नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ मदद करके बचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशांत फाउंडेशन का एक ही लक्ष्य है एक ही ध्येय और एक ही नारा है प्रशांत फाउंडेशन ने ठाना है हर गरीब को सर्दी से बचाना है। प्रशांत फाउंडेशन के संरक्षक मान सिंह यादव व संस्थापक डॉ. रिपुदमन सिंह यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार यादव द्वारा शुरू किये गए जनकल्याणकारी महाअभियान की हर ओर खूब वाहीवाही एवं तारीफें हो रहीं हैं। और लोगों की बहुत दुआयें मिल रही है। प्रशांत फाउंडेशन के इस महाअभियान में जो भी समाजसेवी लोग सम्मलित होना चाहे और गरीबों की मदद करना चाहे तो फाउंडेशन परिवार सभी का हार्दिक स्वागत करता है और जो इस पुन्य कार्य में निरंतर लगातार निस्वार्थ सेवा भाव से लगे हुए हैं। कंबल वितरण कार्य में कौशलेन्द्र यादव आशू, अजय यादव, नितिन यादव, सुमित यादव व आकाश यादव मौजूद रहें।

## लड़की बैठाकर युवक ने किया स्टंट, बीच सड़क पर चलती गाड़ी पर दिखायी बॉडी

**इटावा।** पुलिस ने स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक युवक पर 6 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। मामला तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ जिसमें युवक बाइक पर खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दिया। एसएसपी संजय कुमार के निर्देश पर पुलिस की सोशल मीडिया सेल ने वीडियो संज्ञान लिया इसके बाद यातायात प्रभारी को सूचित किया गया और मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। एसएसपी ने इस मामले में अभिभावकों से विशेष अपील की है कि अपने बच्चों को मोटरसाइकिल या कार पर स्टंट करने से रोकें। उन्होंने कहा कि स्टंटबाजी न केवल स्टंट करने वालों के लिए बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्टंटबाजों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की गई है। पुलिस का कहना है कि सुरक्षित यातायात सभी की जिम्मेदारी है और इसमें सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

## हनुमत महायज्ञ के लिए ध्वज पूजन कर निकली शोभा यात्रा

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदार नगर के सरैया हनुमान मंदिर से 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले हनुमत महायज्ञ के लिए ध्वज पूजन किया गया ।ध्वज पूजन के बाद शोभा यात्रा निकाली गई ।जो सरैया हनुमान मंदिर से चलकर आमकोल, गगड़ा डुमरी तेल्हनापर बसडीला के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मंदिर पर पहुंच कर यात्रा का समापन किया गया। उक्त अवसर पर मंदिर समिति के राधेश्याम गुप्ता दयानंद पांडेय पवन सिंह मनोहर सिंह किशन निगम विवेक दूबे कृष्ण गोपाल ओझा अनूप चौरसिया राजू सिंह राम केवल भगवान दास विश्वकर्मा पिंटू राय अजय कुमार विनोद चौधरी डॉ शैलेंद्र यादव धर्मेंद्र पांडेय विजय दूबे कृपाशंकर शुक्ल श्यामू अनिल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**मैनेजिंग कमेटी ऑफ श्री शंकर आदर्श विद्यालय**

**इमलो पाण्डेयपट्टी, जफराबाद, जौनपुर**

**आवश्यक सूचना**

संस्था मैनेजिंग कमेटी ऑफ श्री शंकर आदर्श विद्यालय इमलो पाण्डेयपट्टी, जफराबाद, जौनपुर के प्रबन्ध समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 26.01.2025 को समय सायं 5.00 बजे संस्था कार्यालय इमलो पाण्डेयपट्टी, जौनपुर के परिसर में अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। जिसमें आप सभी पदाधिकारी / सदस्य महानुभाव की उपस्थिति आवश्यक है।

(अजीत कुमार चौबे )

प्रबंधक

मैनेजिंग कमेटी आफ श्री शंकर आदर्श विद्यालय

इमलो पाण्डेयपट्टी-जफराबाद, जौनपुर

# ब्रह्मा बाबा का 56वां स्मृति दिवस मनाया

**इटावा।** आध्यात्म के पारस पत्थर थे ब्रह्म बाबा का प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सिविल लाइन शाखा पर संस्था के संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा का 56वां स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके अनुपम व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की गई।

केंद्र प्रभारी बीके नीलम ने बताया कि विपुल धन संपदा के स्वामी हीरे जवाहरात के कुशल जोहरी दादा लेखराज ने परमात्मा प्रेरणा से दिव्य साक्षात्कारों के बाद अपना तन मन धन श्वास संकल्प सब कुछ मानव कल्याण अर्थ समर्पित कर दिया। उन्हें स्वयं परमात्मा ने अपना साकार माध्यम बना कर नाम दिया प्रजापिता ब्रह्मा। परमात्मा की प्रेरणा से दादा ने अपनी संपूर्ण संपत्ति का ट्रस्ट बनाकर मातृशक्ति को सौंप कर सन 1937 में संस्था की नींव डाली जो आज विश्व के सातों महाद्वीपों में 145 देश में लगभग 9000 सेवा केंद्रों के माध्यम से मानवीय मूल्यों का प्रसार कर रहा है ।पवित्रता के इस मसीहा ने 18 जनवरी 1969 को अपनी नश्वर देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया। ब्रह्मा बाबा को पारस पत्थर थे जो भी उनके संपर्क में आया वह आध्यात्मिक क्रांति की कड़ी में




जुड़ता चला गया उन्होंने एक फरिश्ते की भांति अनेकों को परमात्मा से जोड़ने का भगीरथ प्रयास किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर के अग्रवाल ने ब्रह्मा बाबा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा ने एक गृहस्थ से ऊपर उठकर मनोविकारों पर विजय पाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया जो अनुकरणीय है। आज के दौर में पवित्रता समय की मांग है जिसका पाठ बाबा ने 1937 में प्रदर्शित किया । ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने अव्यक्त दिवस की दिनचर्या बताते हुए कहा कि प्रातः ब्रह्म मुहूर्त से ही श्वेत वस्त्र धारी भाई बहनों ने परमात्मा की स्मृति में ध्यान किया और मुख्यालय माउंट आबू से आए प्रेरक प्रवचनों का श्रवण किया फिर दृश्य श्रव्य माध्यम द्वारा बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संगीता तिवारी सावित्री अग्रवाल मिताली शुक्ला ज्ञानवती वर्मा राधा वीरेंद्र अरुण पंकज महेंद्र सिंह राजाराम शिवरानी अंजली लखन सिंह राजकिशोर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

संक्षेप

## छोटी काशी में रिंग रोड बनवाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में रोजाना लग रही जाम की समस्या को लेकर रोटरी क्लब सेन्ट्रल के पदाधिकारियों ने विधायक अमन गिरि को ज्ञापन सौपकर रिंग रोड बनबाने की मांग की है। रोटरी क्लब सेन्ट्रल के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत व सचिव प्रमोद वर्मा एडवोकेट ने विधायक अमन गिरि को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि छोटी काशी में पौराणिक शिव मंदिर व बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल होने के कारण लाखों श्रद्धालुओं और ग्रामीण क्षेत्रों से गन्ना भरे छोटे-बडे वाहनों का शहर के अन्दर प्रवेश होने से जम की समस्या बनी रहती है। इसके साथ रेलवे टेज्क पर टेज्नों और मालगाडियों का अधिक दबाव होने के कारण अलीगंज व भूतनाथ रेलवे क्रासिंग पर घंटो जाम लग रहा है। जिससे स्कूली बच्चे, एम्बुलेंस व जनमानस को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शहर में रिंग रोड आज की जरूरत है। यदि शहर में रिंग रोड बन जाता है तो जहां नगर के अन्दर टैजफिक दबाव कम होगा और होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। वहीं शहर का आर्थिक विकास के नये सृजन उत्पन्न होंगे।

## गोला में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम गोला तहसील में जन समस्यायें सुनेगी और निमार्णाधीन छोटी काशी कॉरिडोर का निरीक्षण भी कर सकती हैं। तहसील सभागार में 18 जनवरी को डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होना था। जिसे स्वामित्त योजना के तहत घरौनी वितरण को लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया था। जो आज 20 जनवरी को किया जाएगा ।बताते हैं कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल सोमवार को किसी भी समय शिव मंदिर पहुंच निमार्णाधीन छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण का जायजा लेंगी ।ताकि वस्तु स्थिति से अवगत हो सके। कॉरिडोर निर्माण में सबसे पहले ध्वस्तीकरण प्रक्रिया को लेकर तमाम उठ रहे हैं।

## पत्रकार विमल सिंह के पिता का आकस्मिक निधन

मोहम्मदी खीरी। नगर के वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह के पिता राजकुमार सिंह जो कि संग्रह अमीन थे उनका शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया वे 94 वर्ष के थे। उन्होंने अंतिम सांस लखनऊ के अस्पताल में ली। रविवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गुलौली में किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र राकेश कुमार सिंह ने दी। मोहम्मदी तहसील के ग्राम गुलौली निवासी विमल सिंह के पिता राजकुमार विगत दिनों से लखनऊ के एक निजी चिकित्सालय में जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। लखनऊ अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों ने घर पर पहुंचने लगे शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बधाया। अंतिम संस्कार में वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह, हितेश सिंह, प्रवीण सिंह, महेंद्र सिंह भदौरिया, द्रगपाल सिंह, बंधु सिंह , हरीशचंद्र सिंह , अब्बास नकवी, मो इलियास अली, श्याम किशोर अवस्थी, डॉ सिंह, भूरे सिंह, उत्तम सिंह, सुशील शुक्ला, दिलीप सिंह, शिवम राठौर, मो आरिफ, विनीत सिंह, परमजीत सिंह ,सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# विद्युत समस्याओं का समय सीमा में करें समाधान

जिला संवाददाता(vol)




शाहजहांपुर/ रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में नगर निगम की विद्युत समस्याओं को लेकर बैठक महापौर अर्चना वर्मा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं समस्त पार्षदों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में आहूत की गई।

बैठक में पार्षदों द्वारा खराब, झुके, नीचे से गले विद्युत पोल, नए पोल लगवाने, रास्ते से पोल शिफ्ट करने, जर्जर विद्युत तार, विद्युत तारों का मकड़ जाल सही करने, लूज विद्युत तार कसने, नई विद्युत बंच केबिल पड़ने, नए ट्रांसफार्मर लगने, ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने सहित आदि समस्याएं उठाई गई। मा0 मंत्री जी ने एक-एक पार्षद की वार्डवार विद्युत की समस्याओं को सुना तथा विद्युत विभाग के अभियंताओं से की कार्रवाई के संबंध में जानकारी तथा उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत की समस्याओं के निस्तारण की तिथियां निर्धारित करते हुए समाधान करना सूचित करें। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि पिछले 3 वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का एस्टीमेट प्रस्तुत किया जाए और अवगत कराया जाए कि क्या-क्या सामान मिला है और कहां-कहां प्रयोग किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्डो में गले हुए विद्युत पोलों की बिल्डिंग कराई जाए तथा जहां आवश्यकता है वहां पर नए पोल लगाए जाएं और जो पोल हटाने वाले हैं उसे हटाया जाए। उन्होंने कहा कि ढीले विद्युत तारों को कसा जाए।

बैठक में पार्षदों द्वारा अवगत कराया गया कि कई अधिशासी अभियंताओं सही से व्यवहार नहीं करते हैं और ना ही फोन रिसीव करते हैं। मंत्री जी ने कड़ी फटकार लगाते हुए अभियंताओं को निर्देश दिए कि व्यवहार एवं कार्यशैली में सुधार लाएं तथा सभी से फोन पर वार्ता कर, उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत समस्याओं को मौके पर जाकर पार्षदों के साथ निरीक्षण कर समाधान कराना सुनिश्चित करें। पार्षदों द्वारा नगर निगम की खराब स्ट्रीट लाइटों की समस्या बताने पर मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम बनाकर सभी वार्डो का सर्वे कर खराब स्ट्रीट लाइटों को सही कराएं तथा जो बदलने वाली हो उसे बदलें। बैठक में मंत्री ने विद्युत विभाग के अभियंताओं से कहा कि यह बैठक समस्याओं के समाधान के लिए है टालने के लिए नहीं है, समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा लगभग 20-25 प्रतिशत विद्युत बिल गलत बनाने की शिकायत मिलती है इसमें सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन काटने के बाद उपभोक्ता का विद्युत बिल नहीं आना चाहिए। विद्युत पोलों पर करंट उतरने की शिकायत मिलने पर मंत्री ने विद्युत विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत समस्याओं की जो तिथियां तय की गई है उन्ही के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही मिलने पर क्षम्य नहीं किया जाएगा। मंत्री जी ने पार्षदों से कहा कि लगातार पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है इसको बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए और पार्कों की देखरेख अच्छे ढंग से करें। उन्होंने कहा कि वार्ड में साफ सफाई अच्छे ढंग से कराई जाए, वार्ड की सफाई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पार्षदों से कहा कि नाले, नाली, सड़कों आदि स्थान पर अतिक्रमण न होने दे। इस अवसर पर अपन जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह सहित संबंधित विद्युत विभाग के एसई, एसडीओ, जेई मौजूद रहे।

## कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

शाहजहांपुर/ जनपद में कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड के 20 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में कृभको नगर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां जाने-माने



कवियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कवि गीतकार चंदन राय, हास्य कवि जानी बैरागी, मशहूर शायर कुमार जावेद, वीर रस के कवि अशोक चारण, कवित्री श्वेता सिंह, हास्य कवि लक्ष्मण नेपाली, ने अपनी अपनी कविताएं सुना कर लोगों को हंसाया मंच का संचालन दिनेश दिग्गज ने किया वहीं कार्यक्रम में मां शारदे की वंदना श्वेता तिवारी ने प्रस्तुत की उसके बाद चंद्र राय ने अपने विख्यात गीत जो मेरे पास आना नहीं चाहता मैं भी उसको बुलाना नहीं चाहता प्रस्तुत किया कुमार जावेद ने कागजी फूलों में खुशबू कहां होती है इत्र अगर छिड़क जाए तो महक जाते हैं तुम अगर कीमती हीरा हो तो रातों में मिलो दिन में तो कांच के टुकड़े भी चमक जाते हैं, की प्रस्तुत की इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने काव्य और कविताओं का आनंद लिया कार्यक्रम से पूर्व कंपनी के अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रपाल सिंह यादव प्र डायरेक्टर यस यस यादव सलाहकार बीपी कौशिक को प्रबंध निदेशक रवि कुमार चोपड़ा ने बुकिंग और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया इस दौरान प्रबंध निदेशक आर के चोपड़ा उनकी पत्नी नीतू चोपड़ा के फाइनेंस ऑफिशियल बंसल वाइस प्रेसिडेंट गौर ने अंग वस्त्र और बुके देकर उनका स्वागत किया इस दौरान तमाम फैक्ट्री के कर्मचारियों को 11000 नगद उपहार स्वरूप देने के साथ उन्हें सम्मानित किया गया और कृभको नगर के अंदर एक भव्य मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की भी घोषणा की गई।

## एकल नामांकन के बाद आईं आपत्तियां

तिकुनियां-खीरी। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में रविवार को संपन्न होने वाले प्रबंध समिति के चुनाव के दिन दो लोगों ने प्रक्रिया में अनियमितता बरते जाने को लेकर आपत्तियां दाखिल की है। फिलहाल पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। इस बीच काफी गहमागहमी बनी रही। पक्ष विपक्ष में नोक झोंक भी हुई है। जिसके चलते प्रबंध समिति के पूर्व प्रबंधक की ओर से कोतवाली में शांति बनाए रखने का प्रार्थना पत्र भी दिया गया है ।रविवार को सुबह 10 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक गौरव सक्सेना, देवेंद्र कुमार निगम चुनाव अधिकारी डॉक्टर शराफत अली चुनाव सहप्रभारी प्रधानाचार्य बचन लाल सभापति सत्यनारायण अग्रवाल ने चुनाव प्रक्रिया शुरू की इस बीच चुनाव के लिए शनिवार को संपन्न हुए एकल नामांकन होने के चलते पर्यवेक्षकों ने साधारण सभा के सदस्यों को बुलाकर कैमरे की देखरेख में अपने समक्ष हस्ताक्षर करवाएं जिससे कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे इस बीच पर्यवेक्षक ने बताया की साधारण सभा के दो सदस्यों आशीष गर्ग तथा केशव राम ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमियता को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है ।आशीष गर्ग ने आपत्ति में लिखा है कि उन्हें चुनाव की जानकारी नहीं थी और केशवराम ने हस्ताक्षर जबरदस्ती करवाने तथा पत्नी के हस्ताक्षर भी करवाने की बात कही है। पूर्व प्रबंधक आशीष अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है की चुनाव प्रक्रिया के दौरान आपतिकताओं की ओर से कुछ लोग आए जिन्होंने पर्यवेक्षक के समक्ष उपस्थिति रजिस्टर को फाड़ने, कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों से चुनाव अधिकारी से झड़प भी हुई है। चुनाव प्रक्रिया शांत पूर्वक चल रही थी इस बीच दो लोगों ने अनियमित को लेकर आपत्ति दर्ज की है तथा कुछ लोगों ने बहस भी की है सभी रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी जाएगी उनके निर्णय के बाद ही आगे की प्रक्रिया संपन्न होगी। गौरव सक्सेना व देवेंद्र कुमार निगम चुनाव पर्यवेक्षक महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया खीरी।

## पर्यावरण बाढ़ कटान सुरक्षा फाउंडेशन ने डीएम को भेजा ज्ञापन

पलियाकलां-खीरी। डॉक्टर विजय मिश्रा, ने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को लिखे हुए पत्र में लिखा है कि उनके संज्ञान में यह आया है कि खनन पट्टा ग्राम-अतरिया, तहसील-पलिया में गाटा संख्या 443/504 में स्वीकृत किया गया है, इसमें गाटा सं0 443 डंप के लिए है तथा 504 गाटा खनन के लिए पट्टा किया गया है जो शारदा नदी के अति निकट होने के कारण भविष्य में आगामी मानसून 2025 में बाढ़ का एक प्रमुख कारण बनेगा। विगत वर्षों से शारदा नदी पर निरन्तर हो रहे खनन के कारण शारदा नदी मार्ग बदल रही है तथा भीरा-पलिया रेल मार्ग, एन०एच० 731, जंगल, कृषि भूमि, आबादी आदि, तहसील-पलिया, निघासन को भारी नुकसान कर रही है। खनन के पट्टे की आड़ में आस-पास की नदी के किनारे की भूमि भी खोदे जाने से इनकार नहीं किया जा सकता। मड पम्प आदि के द्वारा खनन/खुदान के कारण शारदा नदी का मार्ग बदलना स्वाभाविक है तथा जिससे भीषण नुकसान होगा। विगत वर्षों में खनन के संदर्भ में आम जनमानस / जन प्रतिनिधियों द्वारा काफी शिकायतें भी हई हैं। उल्लेखनीय है कि शारदा नदी के कटान/बाढ़ आदि के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ, लखनऊ में रिट याचिका संख्या 12/पी०आई०एल०/2025/विचाराधीन है जिसमें खनन को भी बाढ़ का कारण कहा गया है। माननीय न्यायालय द्वारा राज्य सरकार से 15.01.2025 को जवाब मांगा गया है। इस याचिका में आप विपक्षी संख्या 6 हैं। अतः व्यापक जनहित/राज्य हित में आपसे निवेदन है कि खनन पट्टा जो कि ग्राम-अतरिया, तहसील-पलिया, गाटा संख्या 443/504 में दिया गया है उस पर मुख्य अभियंता शारदा सिंचाई विभाग, बरेली, उ०प्र० का मत लेकर ही खनन सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें। ज्ञापन की प्रतियां मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग, बापू भवन सचिवालय लखनऊ ,मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ ,मुख्य अभियंता शारदा सिंचाई विभाग बरेली ,सांसद लोकसभा खीरी , विधायक 137 पलिया खीरी विधायक 138 निघासन खीरी व मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ को प्रेषित की गई हैं।

## रोट्रैक्ट क्लब ने बांटा चाय और बिस्किट




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी द्वारा प्रोजेक्ट सर्दी के सिपाही के अंतर्गत भीषण ठंड में शहर के कई सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क चाय एवं बिस्कुट वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रोट. मोहित कश्यप ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से ठंड के मौसम में विभिन्न स्थानों पर आम जनमानस और जरूरतमंद लोगों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को निःशुल्क चाय, बिस्कुट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत टीम के सदस्यों ने सदर चौराहा, नीलकंठ मैदान, शिव मंदिर परिसर, रेलवे स्टेशन, विकास चौराहा आदि स्थानों पर चाय एवं बिस्कुट वितरण किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष समित कुमार शाह, सचिव रविसुत, पीडीआरआर प्रवीण गर्ग, डीआरएस त्रिनयन राजपूत, जेडआरआर प्रशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजकिशोर, डायरेक्टर पवन गुप्ता, रविप्रकाश, सदस्य आशीष गुप्ता, गौरव गुप्ता सहित संस्था के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रजत जयंती कार्यक्रम में सम्मानित किये गये अजय मिश्र टेनी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रविवार को सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में रजत जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी और मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उसके बाद सरस्वती वंदना की गई। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय कराया गया। मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी ने जिला और राज्य में निरन्तर श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए विद्यालय एवं शिक्षकों की प्रशंसा की। बौधिक एवं व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा का महत्व बताते हुये कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जो एक उत्तरदायी नागरिक और सभ्य समाज का निर्माण करती है। मुख्य अतिथि द्वारा कक्षा 11 की छात्रा नैन्सी वर्मा को निबन्ध प्रतियोगिता में राज्य में पांचवाँ स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

## पालिकाध्यक्ष ने कैम्प कार्यालय पर सुनी मन की बात



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कुम्हारन टोला श्री धमार्दा समिति गौशाला स्थित पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 118 वें प्रसारण को सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने संविधान में सबके विकास, कल्याण की बात कही। कहा कि प्रयागराज के महाकुम्भ से सम्भव के संचार एवं एकता बढ़ाने वाला कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ, स्पेस सेक्टर में नई उपलब्धि का जिक्र किया तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए कहा कि मन की बात देश दुनिया के लोगो के विशेष पहल एवं कार्यों को पहचान दिलाने का प्रमुख प्लेटफार्म है।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक उ. प्र.सुरजन लाल वर्मा, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री राजीव वर्मा, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा, शक्ति केन्द्र प्रभारी विमलेश वर्मा, मंत्री धीरज बाजपेई, विधानसभा संयोजक अमित शर्मा, आई टी बूथ अध्यक्ष रवि प्रजापति, प्रियंक शुक्ला, रजत गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, महामंत्री गीता दुबे, नगर उपाध्यक्ष सुमित्रा मिश्रा, सरिता गौढ, सीमा वर्मा, हिमांशु सिंह ,काके सहगल, जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा का संदेश: नियम पालन करने पर मिला गुलाब और चॉकलेट



शाहजहांपुर/मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर, मानवता वेल्फेयर सोसाइटी और राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से जिले के प्रमुख स्थानों पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को अनोखा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में खिरनीबाग चौराहा से गुजरते राजगीरों में यातायात नियमों का पालन करने वालों को गुलाब और चॉकलेट देकर जिम्मेदार वाहन चालक बताकर सम्मानित किया गया।

इस अभियान में यातायात पुलिस से सी ओ ट्रैफिक एस के सिंह, टी.एसआई बालकृष्ण यादव, टी.एसआई विनय कुमार पांडेय, टी.एसआई मो यूसुफ, एच ओ डी कामर्स जी एफ कॉलेज डॉ पुनीत मनीषी के नेतृत्व में वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने और ओवरस्पीडिंग न करने जैसे नियमों का महत्व समझाया गया, वहीं जो लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उनकी गाड़ियों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टीकर भी लगाए गए। स्वयंसेवकों ने माई भारत की टी-शर्ट और कैप पहनकर पोस्टर्स और पैम्फलेट के जरिए भी लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया। गुलाब और चॉकलेट से किए गए इस सम्मान ने राहगीरों को प्रेरित किया और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आज

लखीमपुर खीरी। शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण तहसील समाधान दिवस सोमवार को जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में गोला गोकर्णनाथ में आयोजित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को तृतीय संपूर्ण समाधान दिवस घरौली वितरण के चलते नहीं हो पाया। अब सोमवार को जिला अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील गोला गोकर्णनाथ के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## गौशाला में हुई डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रविवार को गौशाला सभागार में संविधान गौरव समारोह के तहत डा0 भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ हिन्दू दलितों को देने का कार्य किया। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने संविधान को खतरा बता कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने का काम किया। वहीं भारतीय संविधान को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सर आंखों पर रखने के साथ बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंच तीर्थ बना कर सम्मान किया। सभा के संयोजक लखीमपुर से आए चन्दन लाल वाल्मीकि ने कहा कि समाज में बराबरी और समानता का अधिकार संविधान में लिखा। जबकि भारत के संविधान की प्रस्तावना में गैर जरूरी संशोधन कर कांग्रेस ने संविधान और बाबा साहब को प्रारंभ की लोकसभा में कांग्रेस ने हरवाने का काम कर अपमानित करने का काम किया। चंदन लाल वाल्मीकि ने अनुसूचित के हरीश भारती, सभासद धर्मेंद्र कुमार, महंत मनोज वाल्मीकि, रामाधार सहित मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू को संविधान का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा के सहसंयोजक हरीश भारती जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ने कहा कि संविधान की रक्षा और सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही किया। कांग्रेस ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर सिर्फ तमाशा करने का काम किया। संयोजक चंदन लाल वाल्मीकि ने सभा के प्रारंभ में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि और सभा के अंत तक संविधान की उद्देशिका का उच्चारण कर सभी को अनुसरण कराया।

कार्यक्रम में जगमोहन वाल्मीकि, कुंवर विलिंस, रतन लाल, पवन कुमार, धर्मेन्द्र, राज कुमार राज किरन, नीरज भार्गव, सुनील वाल्मीकि, सुधीर वाल्मीकि, नरेश, विनोद वाल्मीकि सूरज वाल्मीकि, बबलू, कुमार अभिजीत, सोनू आदि ने भाग लिया।

## बहादुरगंज चौकी के सामने मैदान में लगेगी बुध बाजार



शाहजहांपुर/जनपद के नगर निगम क्षेत्र के बहादुरगंज मार्केट में लगने वाली बुध बाजार के चलते बुधवार को लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था इसकी शिकायत भी कई बार जिला अधिकारी से की गई इसके बाद जिला अधिकारी ने एक सप्ताह पूर्व स्वयं बुध बाजार जाकर मैन मार्केट में इतनी बड़ी भीड़भाड़ को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बार बुध बाजार दूसरी जगह शिफ्ट कराई जाए जिसके चलते अधिकारियों के बीच कई बार बैठकें हुई और चौकी के सामने मैदान में बुध बाजार लगाने का निर्णय लिया गया सिटी मजिस्ट्रेट अपर नगर आयुक्त सीओ सिटी ने इस संबंध में व्यापार मंडल के लोगों के साथ बैठक की जिसमें व्यापारियों को अवगत कराया गया कि बुधवार को लगने वाली बाजार अब चौकी के सामने पुरानी सब्जी मंडी के स्थान पर लगेगी।

## हॉस्पिटल से पुलिस ने पकड़ा 10 करोड़ का नशीला पदार्थ

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर महेवागंज पुल के पास बने रॉयल केयर अस्पताल में लगभग दस करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ बरामद किया गया। शनिवार की देर रात एएनटीएफ यूनिट लखनऊ द्वारा मादक पदार्थों तस्करी के दो अन्तर्राज्यीय सक्रिय तस्कर गिरफ्तार किये।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के कब्जे से 01 किलोग्राम मेफो ड्रान (एम0डी0) जिसकी दो अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग दस करोड बताई जा रही है। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 लखनऊ व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) उ0प्र0 लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में ए0एन0टी0एफ0 यूनिट लखनऊ की टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अन्तर्राज्यीय सक्रिय तस्करों को पकड़ा गया।

पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम राकेश विश्वकर्मा पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम अग्गरखुर्द थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी, विक्रम सिंह पुत्र मलखे सिंह निवासी ग्राम सुजानपुर थाना धौरहरा बताया है। थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी में एफआईआर 0044/2025 धारा 18/22 एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों से अलग-अलग व संयुक्त रूप से गहनता से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम सभी लोग नेपाल से कम दाम मे अवैध मेफो ड्रान (एम0डी0) खरीदकर और अच्छे मुनाफे के साथ विक्रय करके मुनाफा को आपस मे बाँट लेते है तथा लाये गये अवैध मेफो ड्रान (एम0डी0) को मँहगें दामों में उत्तर प्रदेश में नेपाल के अगल-बगल जनपदों में चोरी छुपे अच्छे मुनाफा मे विक्रय करके पैसो को आपस मे बाँट लेते है। आज हम सभी लोग एक पार्टी को माल देने हेतु यहाँ पर आये थे, हम सभी उसी का इन्तजार कर रहे थे उसी समय पुलिस ने पकड़ लिया। अभियुक्तों सेपूंछतांछ में काफी जानकारियाँ प्राप्त हुयीं है जिसके सम्बन्ध में फारवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज पर कार्य करते हुए, इस अपराध में संलिप्त इनके अन्य साथियों के विरूद्ध भी जानकारी प्राप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

रॉयल केयर हॉस्पिटल के संचालक डा0 खालिद खाँ पुत्र बहीद खाँ निवासी मो0 शिवपुरी थाना कोतवाली सदर को मुख्य आरोपी बनाया गया है। मुख्य आरोपी खालिद फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही। पुलिस टीम में निरीक्षक दर्शन यादव, हेका. मो. खालिद खान, हेका. संदीप सिंह, हे.का. संगम पटेल, सेठ घाट चौकी प्रभारी उ.नि. सुनील कुमार तिवारी, हे.का. रामभवन यादव, का. जॉनी कुमार शामिल रहे।

संक्षेप

## बिजली कटौती से लोग परेशान

आजमगढ़। बूढ़नपुर आस-पास क्षेत्रों बिजली कटौती से लोग परेशान है। क्षेत्र में बमुश्किल चौबीस घंटे में पांच से छह घंटे बिजली आपूर्ति मिल रही है। इसे लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।बूढ़नपुर आस-पास क्षेत्रों में बिजली कटौती को लेकर हाहाकार मचा है।बिजली कटौती से किसान खेतों में गेहूं की सिचाई बाधि हो रही है। इसके अलावा यूपी बोर्ड की परीक्षा करीब है। बिजली कटौती से छात्र-छात्रा पढ़ाई नही कर पा रहे।क्षेत्र के धर्ममणि, कपिलदेव, रामसेवक ने बताया है कि क्षेत्र में अनियमित बिजली कटौती से किसान, छात्र छात्रा, दुकानदार सभी परेशान है। बिजली बमुश्किल पांच से छह घंटे मिल रही है। जिससे किसानी आदि कार्य प्रभावित हो रहा है।

## छापामारी से मचा हड़कम, एक डंपर सीज

मीरजापुर ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के आदेशानुसार एवं एडीएम वित्त राजस्व शिव प्रताप शुक्ला के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र द्वारा खनन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अबैध मिट्टी खनन एवं परिवहन की सूचना पर कटरा कोतवाली क्षेत्र के नटवा पुलिस चौकी रेलवे ब्रिज के पास एक डंपर अवैध मिट्टी खनन परिवहन करते पकड़ सीज किया गया। इसके बाद अतुल यादव पुत्र राजेंद्र यादव जे सी बी व धीरेंद्र पुत्र लालता निवासी अमरावती थाना विंध्याचल द्वारा करनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मिट्टी की खुदाई करने और परिवहन विंध्याचल में कांशीराम आवास के आगे बाबू हीरा लाल स्कूल से बढ़कर नन्दलाल यादव के घर से सटा हुआ रास्ता गया है , करने तथा गोसाईपुर के आगे भी अवैध खनन की शिकायत मिली थी।एसडीएम सदर गुलाब चन्द्र ने क्षेत्र में हो रहे अवैध मिट्टी एवं बालू खनन को गंभीरता से लेते हुए सघन छापेमारी अभियान चला दिया है जिससे अवैध खनन करने वालो में दहशत व्याप्त है।आकस्मिक छापेमारी में एसडीएम सदर गुलाब चंद्र के साथ नायब तहसीलदार सदर चंद्रगुप्त सागर एवं सुरेंद्र कुमार, खनन विभाग के अधिकारी पुलिस टीम सक्रिय है।

## नाला का निर्माण होते ही होने लगा अतिक्रमण, रोष

आजमगढ़।रानी की सराय ब्लाक क्षेत्र के ऊजी गोदाम बाजार में नाला का निर्माण होते ही अतिक्रमण होने लगा। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। ऊजी गोदाम बाजार में सड़क पटरी के किनारे पानी निकासी की लंबे समय से समस्या से बाजार वासी परेशान थे। बरसात के साथ लोगों के घरों निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। इस समस्या से निजात दिलाये जाने के लिए नागरिकों ने कई बार आवाज ऊठाई, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान रवि विश्वकर्मा ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई।एक पखवाड़े से नाला निर्माण शुरू हुआ। नाला निर्माण की प्रक्रिया भी काफी हद तक पूरी हो चुकी है। इधर नाले के सामने मिट्टी और ईंट डालकर नाले पर अतिक्रमण शुरू हो गया। अतिक्रमण से फिर जगह-जगह नाला ध्वस्त हो जायेंगे। अतिक्रमण को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है।बाजार के लोगों ने जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढहा, दो मजदूर घायल

मीरजापुर ।थाना जमालपुर क्षेत्र के गढ़ई नदी पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बन रहा एक पुल अचानक ढह गया। निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पुल के शटरिंग का काम चल रहा था। दोनों मजदूरों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तुरंत ट्रामा सेंटर भेजा गया। उक्त पुल लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाया जा रहा था। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायल मजदूरों को अस्पताल भेजा।पुल गिरने से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से गढ़ई नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा था।इस हादसे के बाद ग्रामीणों ने पुल निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और अनियमितताओं का आरोप लगाया है।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए निमार्णाधीन पुल के निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों और टेंडर मालिक के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है। यह पुल करजी गांव के पास गढ़ई नदी पर बनाया जा रहा था ,इस हादसे ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा दिए हैं।

# महाराणा प्रताप का जीवन पैदा करता है समर्पण का भावः दारा सिंह



- नरौली तिरंगा चौराहे पर लगेगी महाराणा प्रताप की मूर्ति
- महाराणा प्रताप सेना द्वारा किया गया सम्मेलन का आयोजन

आजमगढ़। भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर महाराणा प्रताप सेना द्वारा रविवार को हरिओध कला केंद्र में राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में महाराणा प्रताप के पराक्रम की चर्चा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों एवं विविध क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में स्मारिका पराक्रम का भी विमोचन हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महाराणा प्रताप का जीवन चरित्र से हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करता है। उन्होंने कहा कि अगर विजय प्राप्त करनी है तो सबको साथ लेकर चलना होगा यही भगवान राम और महाराणा प्रताप ने किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाठ्यक्रम में महापुरुषों की बड़े स्तर पर जोड़ने का काम किया है। बतौर मुख्य वक्ता उदयपुर, राजस्थान के ख्यातिलब्ध शिक्षाविद प्रो चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे समग्र व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने वनवासियों के साथ जीवन जीकर उनका दिल जीत लिया। उन्होंने बताया था कि हल्दीघाटी का युद्ध अकबर ने नहीं बल्कि महाराणा प्रताप ने जीता था। उन्होंने इस संबंध में उन्होंने किये अपने शोध को विस्तार से स्पष्ट किया। उन्होंने हल्दीघाटी युद्ध से जुड़े विविध पहलुओं को बताया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने सेना द्वारा निरंतर किये जा रहे कार्यों की प्रगति भी बताई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शत्रुघ्न सिंह व संचालन डा. ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी ने किया। लोक गायक बादल सिंह और आराधना सिंह ने वीररस पर गीत प्रस्तुत किये। जादूगर ने राम राठी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो शिवे शर्मा, प्रभु नारायण प्रेमी, कमलाकान्त सिंह, सुभाष चंद्र सिंह, अनिल सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, राजेश सिंह समेत देश के भागों से लोगों ने प्रतिभाग किया।इनका हुआ सम्मानः सम्मेलन में डा. चन्द्रशेखर शर्मा, आरएन तिवारी, डा. ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी, वीरभद्र सिंह, शशि प्रकाश सिंह, दिग्विजय सिंह राठौर, स्त्रोत सिंह, डा प्रवेश सिंह, सौरभ उपाध्याय, आराधना, सिंह, बादल सिंह, कमलेश राय, विपुल मिश्र, हौसला प्रसाद उपाध्याय, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, संजय कुमार राय आदि को विशेष क्षेत्रों में योगदान के लिए अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, स्मारिका पराक्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का किया स्वागत



जौनपुर। भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को एक सांस्कृतिक समारोह में शामिल होने जौनपुर पहुंचे। मछलीशहर में आयोजित भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री जगत नारायण दुबे की पौत्री के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। साथ में सड़क मार्ग से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला भी पहुंचे। दोनों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने जगत नारायण दुबे से बातचीत की। परिजनों का हालचाल जाना। दूल्हन को आर्शिवाद प्रदान किया। करीब 50 मिनट तक कार्यक्रम में रुके। इसके बाद हेलीकॉप्टर से प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम स्थल से महज 100 मीटर दूरी राज्यपाल के आगमन के लिए विशेष हैलीपैड बनाया गया था। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रकाश शुक्ला भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने रक्षा मंत्री से काफी देर तक बात की। शिव प्रकाश शुक्ला सड़क मार्ग से पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में करीब 30 मिनट रहने के बाद वे भी अपनी कार से प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। जिला प्रशासन ने दोनों वीवीआईपी अतिथियों के आगमन को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, बेबी द्वितीय

आजमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र लेदौरा द्वारा किसान बालिका इंटर कालेज एकडंगी में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत निबंध, पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।निबंध में प्रथम निशू वर्मा, बेबी वर्मा द्वितीय, अंशिका मिश्रा तृतीय एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में निकिता को प्रथम, बेबी द्वितीय एवं अंशिका तृतीय तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में अंकिता यादव प्रथम, अंशिता द्वितीय और श्वेता तृतीय तथा नौ बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. एलसी वर्मा ने कहा कि पराली को खेत में मिलाएं तथा खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं एवं अपनी पराली में बिल्कुल भी आग न लगाएं। जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है एवं आवश्यक पोषक तत्वों का नुकसान होता है। कृषि वानिकी वैज्ञानिक डा पवन कुमार आनंद ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन की कई मशीनें हैं, जो किसानों को अनुदान पर देय हैं। जिनके द्वारा किसान पराली को आसानी से खेत में मिला सकते हैं। वेस्ट डिकम्पोजर द्वारा कम समय में पराली को सड़ा कर आगामी फसल बोई जा सकती है। यह मशीनें हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, जीरो टिलेज मशीन, श्रम मास्टर मल्चर, रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ जो किसानों को 80 फिसदी तक अनुदान पर देय हैं। इसके अलावा पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डा. एमपी गौतम, मत्स्य वैज्ञानिक डा. आदित्य कुमार प्रबंधक डा. नरेंद्र यादव, दीप नारायन आदि ने संबोधित किया।

## संविधान गौरव गोष्ठी संपन्न

मीरजापुर।भाजपा जिला कार्यालय स्थित बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार कक्ष में संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान गौरव गोष्ठी सम्पन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मछली शहर के पूर्व सांसद वी0पी0 सरोज रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कुमार ने किया । उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के जीवन से संबंधित पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करके जो सम्मान दिया है वह आज तक किसी अन्य पार्टी ने नहीं दिया है । सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई गई है वह अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण हेतु चलाई गई है ।जिसका सबसे अधिक लाभ दलितों, पिछड़ों शोषितों और वंचितों को मिला है ।उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री रवि शंकर पाण्डेय, दिनेश वर्मा, जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव, हेमन्त त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह, नागेश्वर तिवारी, अध्यापक मनोज सिंह, रघुराज सिंह, अधिवक्ता प्रणेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष अनु0जनजाति मोर्चा राजन वर्मा, सुरेश सिंह, डॉली अग्रहरि, संजय सिंह, आशीष सोनकर, दीपक वर्मा, विमलेश गौतम, सुरेश भारती, आशुतोष गौतम, अधिवक्ता सागर आनन्द, अधिवक्ता अजय रजक, वेद प्रकाश मंडल अध्यक्ष अनु मोर्चा, जितेन्द्र पासवान मंडल अध्यक्ष अदलहाट अनु मोर्चा, रामविलास कोल मंडल अध्यक्ष अनु मोर्चा सहित अनेक कार्यकर्ताव पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## कायस्थ कल्याण समिति का निर्विरोध हुआ चुनाव

जौनपुर।कायस्थ कल्याण समिति के जिला के पदाधिकारियों एव कार्यकारिणी का चुनाव जनक कुमारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुआ ।चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुआ । प्रथम चरण में समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ0 रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में हुए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया ।संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव ने समिति के स्थापना से लेकर अब तक के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। संस्थापक सदस्य प्रदीप अस्थाना एवं इंजीनियर आर डी श्रीवास्तव ने समिति के इतिहास की चर्चा किया । संचालन कार्यवाहक महासचिव विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया ।द्वितीय सत्र में चुनाव अधिकारी सुनील कुमार अस्थाना एवं प्रदीप श्रीवास्तव डीओ संरक्षक ने चुनाव प्रक्रिया का विवरण प्रस्तुत किया । प्रत्येक पद के लिए केवल एक ही सदस्य द्वारा नामांकन दाखिल करने के कारण सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किए गए । डॉक्टर रवि प्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष ,ज्ञानचंद श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष , भालेंद्र श्रीवास्तव एवं सुशील श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, विपनेश कुमार श्रीवास्तव महासचिव, डॉ राम मोहन अस्थाना संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष के पद पर आलोक रंजन सिन्हा , विजय कुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, अमित अस्थाना सचिव ,अमित खरे सांस्कृतिक सचिव, डॉक्टर अखिलेश चन्द श्रीवास्तव सम्प्रेक्षक एवं कार्यकारिणी के सदस्य गिरवर अस्थाना, अनूप सिन्हा, सुनील कुमार श्रीवास्तव , अजय कुमार श्रीवास्तव विनय कुमार श्रीवास्तव ,श्री ऋषि श्रीवास्तव, जयप्रकाश श्रीवास्तव ,श्री अमन श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव ,राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव , कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ,महासचिव संजय अस्थाना, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, महासचिव शरद चंद्र श्रीवास्तव ,डॉक्टर संजय श्रीवास्तव ,डा0 जान्हवी श्रीवास्तव ,महिला अध्यक्ष डॉ मधुलिका अस्थाना महासचिव ज्योति श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव , नूपुर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे उपस्थित रहे। संचालन प्रदीप अस्थाना ने किया।

# कार- ट्रक में भिड़ंत, एक की मौत, सात घायल



जौनपुर। जिले में रविवार की सुबह दर्दनाक हादसा उस समय हो गया जब कोहरे की वजह से बरातियों से भरी कार खड़े ट्रक में भिड़ गई। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि सात लोग घायल हैं।

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर पुरऊपुर के पास सुबह बरात लेकर वापस लौट रही कार अचानक बेकाबू होकर खड़े ट्रक में भिड़ गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि गाड़ी में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीन लोगों को प्रयागराज रेफर कर दिया है। एक शख्स की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं शादी का माहौल गम में बदल गया। ज्ञात हो कि मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सटवां गांव निवासी अशोक सिंह के पुत्र अंकुर सिंह की बरात मध्य प्रदेश के रीवा के सतना स्थित मनगवां गई थी। कुछ बराती रात में ही कार से वापस लौट रहे थे। जैसे ही कार मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर पुरऊपुर गांव के पास पहुंची कि घने कोहरे के कारण बेकाबू होकर खड़े ट्रक में भिड़ गई। हादसे में सटवां गांव निवासी 60 वर्षीय सुरेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठे 55 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह 65 वर्षीय प्रदीप सिंह ,40 वर्षीय अजीत सिंह 25 वर्षीय अवजीत सिंह , 27 वर्षीय ऋषि सिंह,33 वर्षीय डब्लू सरोज गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार चालक 30 वर्षीय तालिब निवासी कोदहूं को मामूली चोट आई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं सभी घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने पुष्पेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह और अजीत सिंह को प्रयागराज रेफर कर दिया।

## डांस प्रतियोगिता में 142 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन



दुद्धी। रविवार को अखण्ड भारत सांस्कृतिक मंच के द्वारा कराए जा रहे डांस प्रतियोगिता के ऑडिशन में दुद्धी नगर पंचायत स्थित महावीर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 142 प्रतिभागियों ने डांस ऑडिशन में भाग लिया। जिसमें 116 ने एकल डांस में तथा ग्रुप डांस में 26 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया।

ऑडिशन लेने के लिये जज का पैनल रितु सोनी, रोहित कुमार, राहुल अग्रहरि, विवेक पांडे, मौजूद रहे । इस दौरान अखण्ड भारत सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि लगभग 100 से ऊपर प्रतिभागियों को ऑडिशन के बाद सेलेक्ट किया जाएगा जिसकी सूचना ऑडिशन में सेलेक्ट हुए प्रतिभागियों को फोन के माध्यम से दे दी जाएगी । ऑडिशन में सेलेक्ट हुए प्रतिभागियों का फाइनल डांस 26 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे तहसील प्रागंण में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को कई आकर्षक पुरस्कार सहित नगद इनाम भी दिया जाना है तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन, समाजसेवी व सभासद राकेश आजाद, कार्यक्रम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित सोनी, महामंत्री भोलू जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, मंत्री सोनू जायसवाल, प्रियांशु अग्रहरि, पीयूष कसेरा, मोती अग्रहरि, संदीप तिवारी, प्रियांशु सोनी, उज्ज्वल शुक्ला, आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं-डॉ धर्मवीर

सोनभद्र। बुथ संख्या 14 पर रविवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया,जिसमें मोदी ने कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है, ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगाँठ है।इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं, मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चचाएं हुईं। वो चचाएं संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। आज मन की बात में मेरा प्रयास है कि आपको कुछ महान नेताओं की ओरिजिनल आवाज सुनाऊँ ।हमारा इतिहास बताता है और हमारी संस्कृति सिखाती है कि हम शांति प्रिय हैं और रहे हैं। हमारा साम्राज्य और हमारी फतह दूसरी तरह की रही है, हमने दूसरो को जंजीरो से, चाहे वो लोहे की हो या सोने की, कभी नहीं बांधने की कोशिश की है ।हमने दूसरों को अपने साथ, लोहे की जंजीर से भी ज्यादा मजबूत मगर सुंदर और सुखद रेशम के धागे से बांध रखा है और वो बंधन धर्म का है, संस्कृति का है, ज्ञान का है। हम अब भी उसी रास्ते पर चलते रहेंगे और हमारी एक ही इच्छा और अभिलाषा है, वो अभिलाषा ये है कि हम संसार में सुख और शांति कायम करने में मदद पहुंचा सकें और संसार के हाथों में सत्य और अहिंसा वो अचूक हथियार दे सकें जिसने हमें आज आजादी तक पहुंचाया है। हमारी जिंदगी और संस्कृति में कुछ ऐसा है जिसने हमें समय के थपेड़ों के बावजूद जिंदा रहने की शक्ति दी है।

## आजमगढ़ ने प्रयागराज को गोरखपुर ने मिजार्पुर को हराया

जौनपुर। केराकत स्थित स्पोर्ट्स एकेडमी फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित मुलायम सिंह यादव राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो मैच खेले गए। पहले मैच में डीएफए आजमगढ़ ने डीएफए प्रयागराज को 4-0 गोल से हराया। वहीं दूसरे मैच में डीएफए गोरखपुर ने डीएफए मिजार्पुर को 3-0 से हरा कर अगली चक्र में अपना स्थान सुरक्षित किया।

आजमगढ़ और प्रयागराज के बीच खेले गए पहले मैच में विजेता टीम प्रथम हाफ में एक गोल कर के आगे रही विपक्षी टीम ने बहुत प्रयास किया लेकिन बराबरी नहीं कर पाई। दूसरे हाफ में आजमगढ़ की खिलाड़ियों उम्दा प्रदर्शन करते हुए तीन गोल और ठोक दिए और गोलांतर 4-0 कर दिया जो अंत तक बरकरार रहा। दूसरे मुकाबले में विजेता टीम ने प्रथम हाफ में एक गोल करके बढ़त बना ली थी। दूसरे हाफ में मिजार्पुर के खिलाड़ियों ने कई जोरदार आक्रमण किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। विजेता टीम की खिलाड़ियों ने दो गोल और कर के 3-0 गोल के अंतर से विजय दर्ज कर ली। खेल के मुख्य निर्णायक धीरज पटेल और सहयोगी निर्णायक विशाल कुमार, कविता पटेल और शालिनी यादव रहीं। तीसरी आंख के रूप में असेसर निर्णायक अजय कुमार यादव रहे। इस अवसर पर रमेश प्रजापति, मनीष निषाद, पंकज कसोधन और रूपेश शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन संजय आर्य व योगेश यादव ने किया।

## महिला शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगाः सुलोचना मौर्य

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने कहा है कि महिला शिक्षकों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों की हर समस्या को शासन स्तर पर उठाया जाएगा।

स्थानीय स्तर पर शिक्षकों के साथ होने वाले निलंबन और अन्य तरह की कार्रवाई पर आवाज बुलंद की जाएगी। वे रविवार को राबर्ट्सगंज नगर स्थित एक होटल में संगठन की ओर से आयोजित जनपदीय अधिवेशन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विभिन्न विभागों के काम सौंप कर उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। शिक्षण कार्य के अलावा उनसे अन्य कार्य लिए जा रहे हैं। यह कतई ठीक नहीं है। जब शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे ही नहीं तो फिर उनका भविष्य उज्जवल कैसे होगा। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर यह मांग उठाई गई है कि शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा कोई दूसरा कार्य न लिया जाए। इस मौके पर उन्होंने ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की घोषणा की और उन्हें नियुक्ति पत्र दिया। इसके पूर्व संगठन से जुड़ी शिक्षिकाओं ने उनका माल्यार्पण का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष कौसर जहां सिद्दीकी व महामंत्री कुंजलता त्रिपाठी ने बताया कि घोरावल ब्लाक की अध्यक्ष संध्या सिंह और महामंत्री नीतू सिंह को बनाया गया है। इसी तरह से म्योरपुर ब्लॉक में प्रीति सिंह अध्यक्ष, नीलम पांडे महामंत्री, करमा में सीमा चैबे



अध्यक्ष, प्रतिमा सिंह महामंत्री, राबर्ट्सगंज में सुषमा शुक्ला अध्यक्ष, सोनी मौर्य महामंत्री, चतरा में ममता सिंह अध्यक्ष आकांक्षा शुक्ला महामंत्री और दुद्धी में अनीता मिश्रा को अध्यक्ष व पूनम सिंह को महामंत्री बनाया गया है। यहां गायत्री त्रिपाठी, वर्षा वर्मा, सोनाली मजूमदार, वंदना सिंह, सोनी मौर्य, ममता सिंह, कोमल साहू, परवीन बेगम, पूजा पांडेय, नीलम पांडेय, दरक्शा बेगम, रोहिणी, वर्षा मिश्रा, गुंजन सोनी, प्रीति, नीलम गुप्ता, विशाखा आदि मौजूद रहीं।

# विकास कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए कार्यों का निष्पादन करें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं कर करेत्तर स्ठाफ मीटिंग की बैठक विभागीय अधिकारियों के साथ आहूत गई।

मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में 29 विभागों को ए प्लस प्राप्त हुआ है जिन विभागों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है उनमें यथा-राइट आफ वे ए प्लस, पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन ए प्लस, फसल अवशेष प्रबंधन योजना ए प्लस, मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना सहायता योजना ए प्लस, मुख्यमंत्री आवक ए प्लस, औषधि विक्रय लाइसेंस ए प्लस, संकट औषधि नमूना एवं कार्यवाही ए प्लस, संकलित खाद्य नमूना एवं कृत कार्रवाई ए प्लस, एन0 एफ0 एस0 ए0 ई0 पी0 डी0 एस0 लाभार्थी ए प्लस, संपत्ति नामांतरण ए प्लस, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना ए प्लस, एल0ओ0आई0 के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया ए प्लस, लक्ष्य के सापेक्ष परिवर्तन कार्यवाही ए प्लस, कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि ए प्लस, अधिवास प्रमाण पत्र ए प्लस, आय प्रमाण पत्र ए प्लस, ई खसरा जायद ए प्लस, ई खसरा रवि ए प्लस, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन ए प्लस, एंटी भू माफिया ए प्लस, जाति प्रमाण पत्र ए प्लस, धारा 89 ए प्लस, धारा 98 ए प्लस, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड ए प्लस, भूलेख ए प्लस, साल्वेंसी सर्टिफिकेट ए प्लस, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस, लक्ष्य के सापेक्ष राज्य प्राप्ति ए प्लस, भूतपूर्व सैनिकों हेतु आनलाइन आवेदन हेतु सेवाएं ए प्लस श्रेणी प्राप्त की है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की श्रेणी बी व सी है ऐसे विभाग अगले माह में प्रगति में सुधार लाते हुए ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगले माह जिन अधिकारियों प्रगति की खराब पाई जाएगी उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगा, अतएव सभी अधिकारी संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा स्वीकृत की गई परियोजनाओं एवं चल रहे विकास कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्यों का निष्पादन करें ।जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि गरीब व्यक्तियो को न्याय दिलाने के दृष्टिगत अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुये कार्य करे। उन्होने कहा कि किसी गरीब के जमीन पर कूटरचित तरीके से कब्जा करने वाले भू माफियाओं को चिहिन्त करते हुये कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होने सभी उपजिलाधिकारी अपने तहसील से कम से कम पॉच-पॉच ऐसे केसो को चिहिन्त करे जो अवैध रूप से किसी गरीब या सरकारी जमीनो पर कब्जा कर हों।ऐसे लोगो को चिहिन्त करते हुये नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे ताकि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिल सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज आसाराम वर्मा, चुनार राजेश वर्मा, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने कनहर सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

दुद्धी। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने रविवार को कनहर सिंचाई परियोजना का दौरा कियो इस दरमियान उन्होंने बांध की उपयोगिता समझी और विभिन्न मानचित्रों के माध्यम से इसके निर्माण के प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी हासिल की।इस दौरान उन्होंने परियोजना परिसर में आम के पौधों का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिऐ उनके साथ उनकी बिटिया बीटेक की छात्रा सृष्टि ने भी परियोजना को करीब से देखा और इसकी उपयोगिता समझी।

अपने सोनभद्र के कार्यकाल के दौरान कनहर सिंचाई परियोजना के प्रथम दौरे पर आए डीएम ने कहा कि यह परियोजना काफी लंबे समय से निमार्णाधीन है इसके बन जाने से यहां क्षेत्र के लगभग 35 हजार हेक्टेयर असिंचित भूमि सिंचित की जाएगी। उन्होंने कहा की काफी लंबे से धनाभाव के कारण इसकी निर्माण धीमी थी अब परियोजना निर्माण के गति प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने धन आवंटित कर दिया है शेष बचे कार्यो को जल्द ही पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिए गए है । उन्होंने बताया कि निरीक्षण में देखा गया कि अभी नहरों का निर्माण जो भी कार्य शेष है उसे जल्द पूरा कराया जाएगा। रविवार को कनहर सिंचाई परियोजना पहुँचे डीएम बीएन सिंह ने सर्व प्रथम सिचाई विभाग के फील्ड हॉस्टल पहुँचे जहाँ सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार के साथ मीटिंग कर परियोजना की उपयोगिता समझी और इसके निर्माण में आने वाले गतिरोध के बारे में भी जाना। डीएम ने परियोजना के मॉडल से इसके डूब क्षेत्र को जाना तथा इससे सिंचित होने वाले भूमि के बारे में जानकारी हासिल की ,मॉडल से कनहर व पांगन नदियों के संगम पर बन रहे मुख्य बांध से ऊपरी हिस्से से निकली दायीं नहर व बायीं नहर निर्माण की ड्राइंग भी समझे। डीएम ने तस्वीर के माध्यम से कोलिंडुबा में बन रहे जलसेतु ,कुड़वा में बन रहे सुरंग की उपयोगिता भी समझें उन्होंने कनहर नदी के उद्गम स्थल के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके बाद स्पिलवे पहुँचे जिलाधिकारी ने रेडियल गेटों का निरीक्षण किया और मुख्य



बांध स्पिलवे से समूचे डूब क्षेत्र का अवलोकन किया। बांध में पानी भरने के बावत अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि तीन वर्षों में बांध में 265 के लेबल तक पानी भरेंगे जो अभी बांध की अधिकतम जलसंग्रहण की क्षमता निर्धारित है परियोजना निरीक्षण उपरान्त विस्थापित नेता ईश्वरी प्रसाद निराला ने विस्थापितों की विभिन्न समस्याओं के बाबत जिकाधिकारी को एक पत्रक सौंपा। इस दौरान अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार, सैयद मैनुद्दीन, सहायक अभियंता रवि श्रीवास्तव सिया राम, सुनील यादव आशुतोष मिश्रा, आलोक यादव अवर अभियंता नन्द लाल सत्यवान आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने फील्ड हास्टल के लॉन में अपने बेटी सृष्टि संग दो अलग अलग आम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिऐ इस दौरान बीटेक की पढ़ाई कर रही डीएम की बिटिया सृष्टि ने अपने पिता संग पूरे परियोजना को नजदीक से देख उसकी उपयोगिता जानकर रोमांचित हुई।

संक्षेप

## विपिन गंगवार बने विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष

**देवरनियां, बरेली।** अखिल भारतीय गोरजि परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा नेता विपिन गंगवार को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद का जिलाध्यक्ष बनाया गया है ।विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता की राय से देवरनियां के गांव अमृता निवासी विपिन गंगवार को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद का बरेली जिले का जिलाध्यक्ष बनाया है।

विपिन गंगवार समाज से जुडे अनेकों मुद्दे उठाते रहे हैं। उनकी ताजपोशी पर आईटी सेल जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, सचिन पहलवान, प्रदीव कुमार, लालू गंगवार, हरेन्द्र पाल, विकास गंगवार, हरनाम, दाताराम, केदार सिंह, वीरेन्द्र, महेश प्रजाति, हरिओम, श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, नोनीराम सागर, रामबाबू, मेजर, आरव गंगवार, अर्नव गंगवार, पवम कुमार शांतिपाल, मंगलसेन मौर्य आदि ने बधाई दी है।

# विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ विशेष समुदाय की महिलाओं ने किया बदसलूकी

जिला संवाददाता(vol)

- बदसलूकी और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन करने के आरोप में कई लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज
- बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के अडरौना गांव में विवाद के सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ गांव के विशेष समुदाय के महिला और पुरुषों द्वारा धक्का मुक्की करने का वीडियो सामने आया हैं। वॉयरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता हैं कि एक दारोगा के साथ विशेष समुदाय की कुछ महिलाएं किस तरह से धक्का मुक्की कर रही हैं तथा मारपीट करने पर उतारू हैं।

दअरसल अडरौना गांव के रहने वाले राजेंद्र चौबे द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया कि गांव के सार्वजनिक सड़क पर शरीफ और अफलातून आदि व्यक्तियों द्वारा सड़क के तरफ बढ़ा कर बरजा का निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं और मना करने पर शरीफ, अफलातून, छांगुर, इसराफिल, साबिर कल्लू आदि व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडा लेकर फौजदारी करने पर उतारू हैं, सूचना के बाद मौके पर जब जॉच हेतु पुलिस पहुंची तो पुलिस के साथ भी लगभग आधा दर्जन के आस पास महिला और पुरुषों ने बदसलूखी किया गया और धक्का मुक्की करने लगे जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा हैं, इस संबंध में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि जॉच में पहुंची पुलिस के साथ गांव के कुछ विशेष समुदाय के लोगों द्वारा



बदसलूकी और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन किया गया हैं। राजेंद्र चौबे द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर सभी लोगों पर पड़रौना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या- 24/ 2025 धारा 191(2) /191( 3) 115 (2) 352/351(3) /221/131/132 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं, मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम हैं।

## व्यापारियों के बिना विकास असंभवः बनवारी लाल कंछल

**बरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारी समाज मुख्य भूमिका निभाता है और साथ ही व्यापारी हर साल करीब 2 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में देता है। उन्होंने आनलाइन व्यापार को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को जल्द ही ऑनलाइन व्यापार को लेकर नीति बनाने की आवश्यकता है क्योंकि ऑनलाइन व्यापार से छोटी पूंजी का व्यापारी के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। सरकार को ऑनलाइन व्यापार पर दस प्रतिशत विकास कर लगाना चाहिए।

कंछल रविवार को यहां डीडीपुरम स्थित एक होटल में आयोजित व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में आए व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डॉ उमेश गौतम ने कहा कि देश व प्रदेश का विकास व्यापारियों के बिना संभव नहीं है।

## विभिन्न प्रतिभाओं को प्रस्तुत करने का मंच है मन की बात : शशांक मणि

**देवरिया** ।रविवार, शहर के स्टेशन रोड स्थित सुभाष चंद्र बोस शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 238 पर सदर सांसद शशांक मणि ने पार्टी कार्यकताओं के साथ मोदी के मन की बात का 118 वाँ संस्करण सुना ।इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के विभिन्न भागों में तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों के बारे में प्रधानमंत्री जी के द्वारा यह जानकारी दी जाती है कि किस प्रकार से यह लोग अपने अपने क्षेत्र में समाज की सेवा कर रहे हैं ।श्री मणि ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास के बारे में विस्तृत रूप से बताते हैं और ये बताते हैं कि किस प्रकार से हमारे देश के वैज्ञानिक, किसान, युवा, महिलाएं, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सेवा दे रहे हैं ।वहीं मेहड़ा पुरवा के वार्ड न तीन में सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनी ।उन्होंने कहा कि मन की बात हम सभी को निष्ठापूर्वक कार्य करने की प्रेरणा देती है ।शहर के टाउन हाल में कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ रतनपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है ।इस दौरान नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा , कृष्णनाथ राय जिला मंत्री डॉक्टर हेमंत मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, वरिष्ठ नेता दिवाकर मिश्रा महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, मन की बात प्रमुख नगर उपाध्यक्ष रविंद्र राव , अटल बरनवाल रवि शंकर नाथ त्रिपाठी, बजरंगी मणि अमन वर्मा दीपू यादव प्रिंस जायसवाल दुर्गेश नाथ त्रिपाठी शक्ति केंद्र संयोजक भारत मद्धेशिया सुभाष चंद्र बोस बूथ प्रमुख संदीप वर्मा विकास वर्मा, संतोष गुप्ता कन्हैया प्रजापति विनय गुप्ता विक्की जायसवाल मन्नू वर्मा पवन जायसवाल अंकित वर्मा, छोटे लाल चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान कहें : सतीश मणि त्रिपाठी



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के घेरा चौराहे पर रविवार को युवा रक्तवीर टीम कुशीनगर एवं श्री बालाजी चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया जबकि 13 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सतीश मणि त्रिपाठी अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद कसया ने कहा कि रक्तदान महादान है,इससे बढ़कर कोई दान नहीं हो सकता है ।इसे रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान कहिए। रक्तदान किसी की जान बचाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूनम जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवतियों को भी भाग लेना चाहिए जिससे कि किसी की जान बचाई जा सके ।किसी का किया गया रक्तदान गर्भवती महिलाओं की भी जान बचाता है ।ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है हर क्षेत्र में महिलाएं जब पुरुषों की बराबरी करती हैं ।तो इसमें भी उनको आगे आना चाहिए ।विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह बिट्टू मनोनीत सभासद पडरौना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से जागरूकता बढ़ेगी ।और ग्रामीण इलाकों के लोग भी रक्तदान करके किसी की जान बचा सकेंगे ।उन्होंने खुद रक्तदान किया ।कार्यक्रम को ग्राम प्रधान उग्रसेन यादव,प्रधान प्रतिनिधि विजय तिवारी ने भी सम्बोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन अवधेश पाण्डेय, रामायण यादव ने संयुक्त रूप से किया ।आयोजक फिरोज अंसारी व बृजमोहन पटेल ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया ।रक्तदाता 48 वर्षीय शाबिर अंसारी आकर्षण का केंद्र रहे ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता मुन्ना, रामजीत गुप्ता, असगर, मुदस्सिर, अनवर, बलिराम यादव, ऋषभ गुप्ता, सूर्य प्रकाश राय, ओमकार यादव, प्रिय तिवारी, सौम्या उपाध्याय, जमालुद्दीन, सिकंदर, आफताब, मनोज चौबे आदि लोग मौजूद रहे ।अजहरुद्दीन अंसारी, अब्दुल मजीद, नीरज सिंह बिट्टू, नवल किशोर मद्देशिया, शहीद अली, प्रद्युम्न यादव, अशफाक आलम, अखिलेश मद्देशिया, देवेन्द्र,नौशाद अली, शाबिर अंसारी, गोबिंद रावत, क्यामु आलम ने रक्तदान किया।

# बढ़ी लागत से गन्ने की मिठास हुई फीकी सरकार से उचित मूल्य की आस में किसान

बृजबिहारी त्रिपाठी

- किसानों ने की 500 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का दाम घोषित करने की मांग।
- कृषि लागत बढ़ने और प्राकृतिक आपदा से गन्ना किसान घाटे में: विनोद कुंवर
- सी–वन के बजाय सी–2/50 प्रतिशत फामूर्ले के तहत गन्ने का दाम तय करे सरकार: शिवाजी राय

**कुशीनगर।** गन्ने को लेकर पूर्वांचल में सोने का कटोरा कहा जाने वाले गन्ना बेल्ट में लगातार कृषि लागत बढ़ने से गन्ने की मिठास किसानों के लिए फीकी होती जा रही है। बढ़े कृषि लागत से गन्ने की खेती काफी कठिन होती जा रही है। किसान संगठनों ने 500 रुपये गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की है ।बता दें कि गन्ने की फसल को आर्थिक रूप से किसानों की रीढ़ कहा जाता है। सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के दावे और तमाम योजनाओं को लागू करने के बावजूद आज गन्ना किसान कई दिक्कतों से जूझ रहा है। उसके गन्ने की लागत बढ़ने, आपदा और परंपरागत तरीकों से लगातार अलग होते जाने से गन्ना घाटे की फसल साबित होती जा रही है। मौजूदा समय में किसान के सामने सबसे बड़ी दिक्कत चीनी मिलों को गन्ने की सप्लाई का है। अधिकतर किसानों के पास पशु धन न होने से गन्ने की कटाई, छिलाई और लदायी पर किसानों को प्रति कुंतल 150 से 200 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, इसके अलावा धुलाई का किराया अलग से देना पड़ता है। छोटे किसान तो किसी तरह अपना काम कर ले रहे हैं लेकिन माध्यम वर्ग व बड़े किसानो को काफी परेशान होना पड़ता हैं।

### क्या कहते है किसान

जिले के कसया विकास खण्ड के चकदेइया के किसान मुनेब सिंह, नथुनी प्रसाद, हीरा सिंह, हरी यादव,



अरविंद यादव, उदयभान यादव आदि के मुताबिक गन्ने की खेती में लागत काफी बढ़ी है लेकिन फसल अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है। उपर से गन्ने की कटाई, छिलाई, लदायी और धुलाई का खर्च अलग से है। इन किसानों के मुताबिक गन्ने की फसल बुआई के लिए 35 से 45 हजार प्रति एकड़ खर्च करने पड़ रहे हैं। किसान का मोह गन्ने की खेती से भंग होता जा रहा है। अब गन्ने की खेती मजबूरी होती जा रही है। इसमें कहीं न कहीं सरकार की गन्ना नीति का भी दोष है। किसानों ने मांग किया कि गन्ने की नई नीति किसान हित में जारी करते हुए गन्ने का उचित दाम सरकार बढ़ाये तभी लागत निकल पाएगी। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या गन्ने की छिलाई व ढुलाई को लेकर है। ऊपर से गन्ना तौल कांटों पर घटतौली है। ऐसे में अब गन्ने से मोह भंग हो रहा है। गन्ने की खेती बचाने की नीति अब सरकार को बनानी होगी। गन्ना किसान संस्थान पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि लागत बढ़ती जा रही है। सरकार को धान, गेहूं व अन्य फसलों की तरह गन्ने का भी मूल्य प्रति वर्ष तय करना चाहिए।

### समस्या समाधान के लिए बने स्थाई किसान आयोग: शिवाजी राय

किसान एकता समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवाजी राय ने कहा कि कृषि लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल, पेट्रोल, बीज, स्ट्रूमेंट, उर्बरक, दवा, ट्रेक्टर, पम्पिंग सेट्स, खुरपी, कुदाल आदि के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। रस्सी आदि सहित ये सारी चीजें इंडस्ट्रीज बना रही हैं। सामानों की खरीद पर किसान जीएसटी दे रहा है। सबका रेट बढ़ा, लागत बढ़ा, लेबर चार्ज लेकिन गन्ने का सही रेट नहीं बढ़ा। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी तय किया है जबकि किसान को एक मजदूर को 400 रुपये प्रति मजदूर एक दिन की मजदूरी देनी पड़ रही है।

पूरे परिवार के साथ सालभर श्रम करने के बाद अपनी फसल से लागत नहीं निकाल पा रहा है और लगातार कर्ज में फंसता जा रहा है। कहा कि गन्ना किसानों के लिए किदवई फामूर्ला या कोई और फामूर्ला अब कारगर नहीं रह गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के लिए स्थायी किसान आयोग बनाये जो सी टू 50 प्रतिशत फामूर्ला जिसके तहत मजदूरी, खाद, बीज के सापेक्ष फसल का दर तय होता है, के बजाय सी टू फामूर्ले के तहत एमएसपी तय करे ।जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, लागत जुड़ी हो।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव राम भवन राव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल कम से कम राज्य सरकार घोषित करे। यह एक नकदी फसल है और किसान परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया है और किसान शिक्षा, स्वास्थ्य, शादी के खर्च के लिए गन्ने की खेती पर निर्भर है। लेकिन कृषि लागत बढ़ी है।

रालोद जिलाध्यक्ष कुशीनगर विनोद कुमार कुंवर ने कहा कि कृषि लागत बढ़ने और प्राकृतिक आपदा से गन्ना किसान घाटे में हैं। और किसान गन्ने से मुंह मोड़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से मांग किया कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये घोषित किया जाय।

# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश में कुशीनगर का 8वां स्थान

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में जनपद में कार्यरत टीबी कर्मचारियों के लगातार परिश्रम से प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 22वे स्थान से 8वे स्थान पर पहुँच गया है ।जिलाधिकारी डॉ विशाल भारद्वाज एवं मुख्य विकास अधिकारी गुँजन द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान का क्रियान्वयन भी चल रहा है। जिसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के क्षेत्र में रहने वाले उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों जैसे 60 वर्ष के ऊपर, सुगर के रोगी, बीपी के रोगी, धूम्रपान करने वाले, मदिरापान करने वाले, पुराने टीबी रोगी तथा टीबी रोगी के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करते हुये टीबी के लक्षणों वालों के बलगम की जाँच करायी जा रही है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण की पोटली देने का अभियान भी डीएम एवं सीडीओ के निर्देश पर तीव्र गति से चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को पड़ रही कड़ाके की ठंड में सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं डीटीओ डॉ एस.एन.त्रिपाठी द्वारा गोद लिये गये टीबी रोगी के गाँव नादह के किरावन टोला पहुँचकर तीसरे माह की पोषण पोटली जिसमें गुड़, भुना चना, मूँगफली का दाना, सत्तू, गजक एवं प्रोटीन पाउडर सौंपे एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया तथा उनके खाते में प्रतिमाह भेजी जाने वाली एक हजार रुपये निक्षय पोषण



योजना की भी जानकारी लिये ।सीएमओ ने ग्रामीणों को टीबी रोग के बारे में बताते हुये कहा कि जिनको भी दो हफ्ते से खाँसी एवं बलगम आ रहा हो, भूख न लगना, शाम को बुखार होना, गले मे गाँठ होना, बाँझपन आदि लक्षण हो वह तत्काल अपनी जाँच नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर अवश्य कराये। इस दौरान निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र,एसटीएस मेडिकल कालेज सन्दीप मौर्या उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मियों ने राज्यमंत्री को दिया ज्ञापन

देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम को पंचायती राज विभाग के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत खण्ड प्रेरक, डाटा एंट्री आपरेटर एवं लेखाकार आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों द्वारा वेतन वृद्धि, एच आर पालिसी लागु करने एवं स्थायीकरण करने की मांग को लेकर स्वच्छता कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएट कर्मचारी संघ देवरिया द्वारा देवरिया खास स्थित मंत्री आवास पर एक ज्ञापन दिया गया।

राज्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में कुल 75 जनपद के विकास खण्ड पर दो खण्ड प्रेरक व एक डाटा एंट्री ऑपरेटर का चयन क्रमशः 2015 से 2017 के बीच किया गया जिसमे जिला स्वच्छता समिति से खण्ड प्रेरकों और डाटा एंट्री ऑपरेटर को मानदेय दिया जाता था, बाद में शासन के आदेश के कम में 06 जून 2022 से पत्रांक संख्या-2579/2021-6/224/2019-2020 के माध्यम से पूरे प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मचारियों को एजेंसी के माध्यम से कर दिया गया। 2015 से वेतन वृद्धि हेतु निरंतर प्रयास के बावजूद 8 सालों के बाद 31 अक्टूबर 2023 को आप के पत्रांक संख्या-1617/2023-5/02-1/2021-2022 के माध्यम से मामूली बढ़ोतरी की गयी ।संगठन कि मुख्य मांगे है

वेतन वृद्वि- 2015 से अब तक वेतन में मामूली वृद्धि की गयी है। विकास खण्ड पर कार्यरत कम्पयुटर आपरेटर एवं खण्ड प्रेरक को प्रतिमाह वेतन मिलता है। न्युनतम वेतन मिलने से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है।

एच आर पालिसी- पिछले दस वर्षों से हम लोग विकास खण्ड में कार्यरत है लेकिन अभी तक दस बर्ष बीत जाने के उपरांत भी एच आर पालिसी लागू किए जाने का आश्वासन मिलता रहा है लेकिन लागु नही किया गया। जिस कारण हम कर्मचारियो का शोषण होता रहता है।

विगत दस वर्षों से विभाग का कार्य आउटसोर्सिंग संविदाकर्मियो द्वारा पुरे मनोयोग एवम तत्परता से किया जा रहा है पर अभी तक स्थायीकरण के तरफ शासन द्वारा कोई पालिसी नही बनायी गयी है। जनपद देवरिया के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला कमेटी तरफ से जिलाध्यक्ष हरीपाल यादव ,विनय पाण्डेय ,विनय द्विवेदी,प्रसेनजीत,संजीव चौबे,अजय दूबे ,चेतन चौहान,जीतेश्वर चौबे,रविशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विद्युत उपकेन्द्र बरियारपुर का विधायक ने किया लोकार्पण

**भटनी(देवरिया)।** रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के बरियारपुर के नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने एक समारोह मे किया ।लोकार्पण के बाद अपने सम्बोधन मे कहा कि बरियारपुर मे -8एमबीए ट्रान्सफार्मर होने से गर्मी के समय क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी झलनी पडती थी ।अब 20 एमबीए के ट्रान्सफार्मर लगने से अब क्षेत्र की जनता सैकडो गाँवो के लोगो को सहुलियत मिलेगी ।वर्षो से चली आ रही विजली आपूर्ति की समस्या से निजात मिलेगी । चौरसिया ने कहा कि यह कदम गाँव के विकास और जनकल्याण के प्रति ऊनकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है ।क्षेत्र मे मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा ।इस अवसर पर नगर पंचायत बरियारपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश राजमर बरियारपुर के भाजपा मण्डल आध्यक्ष दिवाकर चन्द यादव बबलू शाही विजय पाण्डेय रविप्रताप मल्ल नगर पंचायत के सभासदगण सहित क्षेत्रीय लोगों उपस्थित रहे ।

## जांच अभियान में पुलिस ने 16 वाहनों का किया ई चालान 32हजार की हुई वसूली

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के बिहार सीमा के चखनी घाट पर उ प्र व बिहार सीमा से आने व जाने वाले वाहनों का किया सघन जाँच ।जाँच के दौरान 16वाहनो का ई चालान व 32हजार रुपये की चालान राशि वसूली किया ।पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देश के अनुपालन मे थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान उपनिरीक्षक अश्वनि कुमार सिंह के साथ पुलिस टीम क्षेत्र के खनुआ नदी के तक पर स्थित चखनी घाट जहाँ लकडी के पुल के सहारे उ प्र व बिहार के लोगों का आवाजाही होता है। इस रास्ते से आने व जाने का सघन जाँच किया गया ।जाँच का मुख्य उद्देश्य अपराधियों पर अंकुश लगना व अबैध सामानों सहित गोकशी व शराब की तस्करी पर विराम लगाना है ।

# भीमराव अंबेडकर के सम्मान में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

**भाजपा ने हमेशा महापुरुषों का किया सम्मान**

देवरिया। भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अबंडेकर के सम्मान में संविधान गौरव अभियान के तहत सहभोज कार्यक्रम का आयोजन सलेमपुर के जमुई मे किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि डॉ.अम्बेडकर के विचारों को भाजपा द्वारा अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर को हमेशा सम्मान दिया है। भाजपा सरकार ने हमेशा महापुरूषों का सम्मान किया है और संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व शीर्ष नेतृत्व बीआर अंबेडकर की नीतियों का अनुसरण करते पंक्ति में खड़े हुए आखिरी इंसान तक सब योजनाओं का लाभ पहुंचाने में लगे है ।केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम कर रही है। गरीबों के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं ।मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेंडे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था।

जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार बाबा साहब के सिद्धांतों के अनुरूप काम कर रही है।

भाजपा नेता शेषनाथ भाई ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम मे संचालन अनूप उपाध्याय ने किया ।कार्यक्रम मे आभार कार्यक्रम आयोजन राणा सिंह सैथवार ने व्यक्त की।

उक्त कार्यक्रम मे अमरदत्त यादव, कमलेश, अरुण गुप्ता,मुन्ना कुमार, रामआधार, प्रदुमन, पारस नाथ सिंह, सरवन आदि मौजूद रहे।

# हाटा चीनी मिल परिक्षेत्र के 50 गन्ना किसानों का दल गन्ना देखने सीतापुर रवाना

- हरगांव–सीतापुर के किसान कैसे ले रहे हैं 400 से 500 कुंतल प्रति एकड़ गन्ने की उपज
- अध्ययन यात्रा से गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति बढ़ेगी जागरूकता: ओमप्रकाश गुप्ता

**कुशीनगर।** न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढ़ा हाटा परिक्षेत्र के हेतिमपुर, कसया, गौरीबाजार, हाटा के 50 गन्ना कृषकों के अध्ययन यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने रवाना किया ।मिल के अधिशाषी अधिकारी करन सिंह ने कहा कि अध्ययन यात्रा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हाटा चीनी मिल क्षेत्र के गन्ना किसान, हरगांव चीनी मिल, सीतापुर क्षेत्र के किसानों के खेत पर जाकर गन्ना फसल को देखेंगे। जहां किसान उपज 400 से 500 कुंतल व कुछ कृषकों की 600 कुंतल प्रति एकड़ कैसे मिल रही है। जबकि ढाढ़ा चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति औसतन 200 कुंतल प्रति एकड़ से कम हो रही है। किसान सबसे अधिक उपज देने वाली प्रजाति को. 0118, को. 15023 गन्ना फसल देखेंगे। वहां के किसान गन्ने के साथ आलू, लहसुन, मटर, गोभी, टमाटर, गेहूं की सहफसली खेती कर रहे हैं। कुशीनगर के किसान वापस लौटकर वहां पर सीखा, अपने खेती में आजमाएंगे। उपज बढ़ेगी, खुशहाली आएगी यही यात्रा का उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एक वरिष्ठ गन्ना कृषि विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मैंने कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम में भारत के सभी गन्ना उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक हरियाणा, पंजाब, संपूर्ण उत्तर प्रदेश बिहार, उड़ीसा आदि राज्यों का भ्रमण




एवं अध्ययन किया है। गन्ने की खेती के लिए कुशीनगर जैसी उत्कृष्ट मिट्टी बहुत कम है। आवश्यकता है वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज, गोभी, टमाटर की सहफसली खेती करने की। करन सिंह के कुशल गन्ना प्रबंधन, मार्ग निर्देशन तथा गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से आएगी गन्ना क्रांति, गांव गांव में गन्ना कृषि यंत्र का प्रदर्शन हो रहा है। श्रमिकों की समस्या दूर होगी, किसानों की आय बढ़ेगी। इस दौरान चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक गन्ना अवधेश गुप्ता, गौरी बाजार क्षेत्र के गन्ना प्रबंधक रामदेव शर्मा, ढाढ़ा चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी डी.डी. सिंह देवेश गिल गन्ना प्रबंधन मौजूद थे।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर छात्रावास का लोकार्पण

बरेली। स्वतंत्रता की वास्तविकता को समझने के लिए हमें महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अपनी स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की कभी परवाह नहीं की। यह विचार विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम चौबारी में आयोजित महाराणा प्रताप ट्रस्ट द्वारा छात्रावास के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आगरा और दिल्ली के लाल किले का इतिहास बताया जाता है, लेकिन राजस्थान के किलों की अद्वितीय तकनीकी और सुंदरता के बारे में कम जानकारी दी जाती है। उनका कहना था कि इन किलों को देखना और वहां की संस्कृति को महसूस करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज सनातन धर्म की गूंज न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सुनाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि छात्रावास के लिए मैंने कोई सहयोग नहीं किया आपने मुझे विधान परिषद सदस्य बनाया और जो मुझे बन पड़ा वह मैंने करने का प्रयास किया आगे भी ऐसे सार्थक प्रयास करता रहूंगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने महाराणा प्रताप के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने समाज की रक्षा के लिए घास की रोटी खाई और उनके बलिदान को आज भी हम याद करते हैं। उन्होंने छात्रावास के लिए हर संभव मदद करने को भी कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह तथा महाराणा प्रताप ट्रस्ट के जयवीर सिंह राकेश चौहान रमेश चौहान धीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू, अज्जू भैया, जगतपाल सिंह चौहान, अनिल राणा, ओंकार सिंह रघुवंशी ने किया।

संक्षेप

## दादी-पोते सहित तीन सियार के हमले में घायल

रेउसा/सीतापुर। थाना रेउसा क्षेत्र में सियार के हमले से दादी-पोते सहित तीन लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरा नगरौली गाँव निवासी मासूमा 65 सगीर 15 मो0 अहमद 10 शनिवार शाम अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। वहीं घर के दरवाजे पर बंधी बकरी पर खेतों की तरफ से आकर हिंसक सियार ने हमला बोल दिया। दरवाजे पर बैठी मासूमा बकरी की जान बचाने के लिए दौडीं और सियार को भगाने का प्रयास किया लेकिन सियार ने मासूमा पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। मासूमा की चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर मौके पर पहुंचे मासूमा के पौत्र सगीर और मो. अहमद ने अपनी दादी को सियार के हमले से बचाने की कोशिश की लेकिन हिंसक सियार ने हमला कर उन्हें भी जख्मी कर दिया। शोरगुल होने पर ग्रामीणों ने लाठी डंडे से हिंसक सियार को खदेड़ा तब जाकर तीनों लोगों की जान बच सकी। किशोरों को छुट्टी दे दी गयी वहीं मासूमा की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भैंस पर सियार ने हमला कर किया घायल

महमूदाबाद/सीतापुर। बीती रात सियार ने भैंस पर हमला कर दिया। हमले में भैंस के पैरों में कई जगह घाव हो गए। भैंस के छटपटाने की आवाज सुनकर गृहस्वामी आ गया और सियार को भगाने का प्रयास करने लगा। सियार ने गृहस्वामी पर भी हमला कर दिया। सियार द्वारा हमला किए जाने पर गृहस्वामी घर में घुस गया और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने सियार को पीट-पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिए बगैर सियार के शव को दफना दिया है। वन विभाग घटना की जानांरी से इंकार कर रहा है। महमूदाबाद के बहदुरापुर के राम लखन की भैंस घर से बाहर बंधी थी। शनिवार की रात अचानक सियार ने भैंस पर हमला बोल दिया और उसके पैरों में कई जगह काटकर घाव कर दिया। भैंस की छटपटाहट सुन राम लखन घर से निकलकर बाहर आए तो सियार ने इनपर भी हमला बोल दिया। सियार द्वारा हमला करने पर रामलखन घर में घुस गए और शोर मचाने लगे। शोर सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणां ने सियार को घेरकर पीट-पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिए बगैर सियार के शव को दफना दिया। वन दरोगा अरविंद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है, जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## झोपड़ी में लगी आग दो मवेशी की मौत

सकरन/सीतापुर। थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव निवासी एक युवक के झोपड़ी में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आकर झोपड़ी के नीचे बंधी गाय और बछड़े की झुलस कर मौत हो गई। साथ ही दो बछिया और एक बछड़ा झुलसने से घायल हो गया। बिसवां थाना पुलिस चैकी सांडा क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी राजिंदर शनिवार की रात परिजनों के साथ सो रहे थे। इस दौरान रात करीब 3 बजे झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें देख उन्होंने शोर मचाते हुए ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। पशुपालक रमाशंकर ने बताया कि आग से झोपड़ी में बंधी गाय और बछड़ा की झुलस कर मौत हो गई साथ में दो बछिया और एक बछड़ा भी झुलस गए हैं। जो अभी जीवित है। मौके पर डायल 112 पुलिस व सांडा चैकी क्षेत्र पुलिस के साथ क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की साथ ही पशुचिकित्साधिकारी सांडा डॉक्टर राजेश प्रसाद ने घायल गौवंश का इलाज करवाया। प्रकरण पर लेखपाल सर्वेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालक को तहसील कार्यालय से आर्थिक लाभ दिलाया जाएगा।

# भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं के खिलाफ संघर्ष करने का लिया संकल्प

जिला संवाददाता(vol)

- सांसद ने पर्दे की पीछे रहकर अपनी ताकत का कराया अहसास
- महिला अधिकार सम्मेलन में विधान मण्डल दल की नेता व कांग्रेस प्रवक्ता नहीं पहुंची




सीतापुर। कांग्रेस के महिला अधिकार सम्मेलन के एक दिन पूर्व सांसद राकेश राठौर पर मुकदमा दर्ज होने के बाद सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा व प्रवक्ता कांग्रेस प्रियंका गुप्ता नहीं पहुंची, हालांकि सांसद ने पर्दे की पीछे रहकर अपनी ताकत का अहसास कराया।

सम्मेलन में सांसद पर दर्ज साजिशन मुकदमें के विरुद्ध फर्जी मुकदमा लिखवाने वाली महिला पर 120 बी में मुकदमा लिखकर कार्यवाही की मांग की। सैकड़ों महिलाओं ने मुस्कान गेस्ट हाउस में एकत्र होकर सांसद राकेश राठौर के साथ भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं के खिलाफ निर्णायक संघर्ष चलाने का संकल्प लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता कांग्रेस की प्रदेश नेता अनुसुइया शर्मा ने की। सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस की प्रदेश नेता अनुसुइया शर्मा ने कहा सांसद राकेश राठौर के अपमान के खिलाफ महिलाए एकजुट हो, महिला शक्ति केंद्र की अध्यक्ष सम्प्रीति राठौर ने कहा आज महिलाओं की जुटान ने यह साबित कर दिया है की सांसद राकेश राठौर का संघर्ष जारी रहेगा। शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने कहा सांसद राकेश राठौर के खिलाफ साजिश का जवाब आज महिलाओ ने दिया कल भूमिहीन किसान मजदूर देंगे।

इस अवसर पर महिला शक्ति केंद्र की सचिव सुनीला रावत ने कहा सांसद राकेश राठौर की भू-माफियाओं और भ्रष्टाचारियो के खिलाफ जारी संघर्ष को आज सैकड़ो महिलाओ ने नयी ऊंचाई प्रदान की है। दीपा वैश्य नें सांसद राकेश राठौर पर दर्ज मुकदमें को साजिश बताया तो अनुपमा द्विवेदी ने सांसद राकेश राठौर के खिलाफ जारी संघर्ष का भंडाफोड़ करने का ऐलान किया। लखीमपुर की संध्या जायसवाल ने कहा सांसद राकेश राठौर के खिलाफ साजिश का भंडाफोड़ सम्मेलन लखीमपुर मे आयोजित किया जायेगा। जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने कहा सांसद राकेश राठौर के पक्ष में महिलाए मछरेहटा में बड़ा सम्मेलन आयोजित करेगी और सांसद के खिलाफ जारी साजिश का भंडाफोड़ करेगी। इस मौके पर किसान नेता शिवकुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सेवता विधान सभा क्षेत्र रिजवान अहमद कांग्रेस की केन्द्रीय कमेटी की नेता ममता वर्मा शामिल रही। सम्मेलन का समापन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी के इस बयान से हुआ की सांसद राकेश राठौर के खिलाफ भाजपाई साजिश का कांग्रेस भंडाफोड़ करेगी।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 174 मरीजों का परीक्षण



उन्नाव। भारत उन्नयन समिति पंजीकृत तथा कमलावती रिसर्च एंड वेलफेयर फाउंडेशन पंजीकृत के संयुक्त सहयोग से आज उन्नाव जनपद के हसनगंज तहसील के ग्राम यादव नगर, निकट टोल प्लाजा, औरास में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आज का यह आयोजन पांचवा रहा।

इस विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रजराज सिंह, पूर्व चेयरमैन, औरास ने फीता काट कर किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान शिव सिंह, मोहान विधान सभा अध्यक्ष सपा अशोक कुमार चैहान, मोहान विधान सभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्त राम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हरी शंकर मौर्या, ब्लॉक अध्यक्ष औरास जितेन्द्र जीतू ने ताली बजा कर इस शिविर की प्रेरणा श्रोत समाज सेविका डॉ० आंचल वर्मा का उत्साह बर्धन किया। आयोजन में आमंत्रित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि गणों का स्वागत तथा सम्मान कमलावती रिसर्च एंड वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ० एस के वर्मा तथा समाज सेविका दंत चिकित्सक डॉ० आंचल वर्मा ने बैच लगाकर किया। आज के इस विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हड्डी रोग, नेत्र रोग, मधुमेह रोग, चर्म रोग, उदर रोग, मस्तिष्क रोग, दंत रोग के 174 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा उनको निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों में फिजिशियन डॉ० एस के वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ० आंचल वर्मा, डॉ० प्रवीण निगम, डॉ० आर के पटेल, डॉ० ए के रावत, डॉ० वी.सी मिश्रा, डॉ० अतुल, सहयोगी सदस्य श्रेयांश, दीपक, विशाल, लकी, अनूप, सत्य प्रिय, राहुल यादव, सत्य प्रकाश सिंह चौहान, पूर्व प्रधान लालपुर राजेश यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, अतुल, सर्वेश कुमार, पूर्व प्रधान लालपुर राजेश यादव, पूर्व प्रधान कटरा तरौना राजेश कुमार तथा भारत उन्नयन समिति के समस्त पदाधिकारी गणों का योगदान रहा।

## पुलिस ने लाखों की कीमत के गुमशुदा फोन लौटाये



उन्नाव। पुलिस की सर्विलांस टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 101 गुमशुदा मोबाइल उनके धारकों को वापस कराए। जिनकी कीमत करीब 26 लाख रुपये है।

खोए हुए मोबाइल पाकर धारकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एसपी दीपक भूकर के निर्देश व एएसपी अखिलेश सिंह के पर्यवेक्षण में जिले के सर्विलांस सेल प्रभारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में सर्विलांस टीम ने जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से पीड़ितों के खोए हुए 101 मोबाइल फोन जिनकी कीमत करीब 26 लाख रुपये है बरामद किये। एसपी ने गुमशुदा मोबाइलों के संबंध में समय-समय पर सर्विलांस टीम को शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए कड़े निर्देश दिये गये थे। इसके अनुपालन में टीम ने ऐसे मोबाइल फोन अलग-अलग स्थानों से बरामद किये। जिन्हें रविवार को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किये गए। अपने फोन पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी सर्विलांस सेल के अलावा हेड कान्सटेबल राधेश्याम, प्रशांत चैहान, सिपाही शुभम तोमर, प्रशांत बालियान, अरुण यादव आदि शामिल रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़िता से की मुलाकात

सीतापुर। रविवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रियंका मौर्या ने पीड़िता से मुलाकात की इस दौरान उन्होने कहा कि जनता सांसद को चुनकर अपनी सेवा के लिए भेजती है लेकिन इस सांसद ने शोषण किया है वो भी एक महिला का। यह बयान उन्होंने उस वक्त दिया, जब वह कांग्रेस सांसद पर शारीरिक शोषण का मुकदमा लिखवाने वाली पीड़ित महिला से मिलकर उसके साथ हुई ज्यादती पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाकर वापस लौटी थीं। प्रियंका मौर्या ने कहा कि कांग्रेस की सांसद प्रियंका वाड्रा लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देकर बदलाव लाना चाहती थी, मैं तो कहती हूं कि सिर्फ बयानबाजी से नहीं बल्कि उन्हें जमीन पर उतरकर पीड़िता से मुलाकात कर उसके दर्द को समझना चाहिए। मालूम हो कि कोतवाली नगर इलाके की रहने वाली महिला नेता ने कांग्रेस सांसद पर शादी का झांसा देकर चार सालों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। शनिवार को केस दर्ज होने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा हुआ है। रविवार की शाम लखनऊ से सीतापुर पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रियंका मौर्या ने पीड़ित महिला के घर पहुंचकर उसके मुलाकात की। पीड़िता से मुलाकात के प्रियंका मौर्या ने कहा कि संवैधानिक पद पर तैनात सांसद द्वारा महिला का किया गया शोषण अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जमीन उतरकर महिला से बातचीत करनी चाहिए। प्रियंका मौर्या ने कहा कि प्रीत महिला द्वारा दिए गए सबूत के आधार पर मामले में सरकार विधिक कार्रवाई करेगी।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



उन्नाव। सदर विधानसभा क्षेत्र शंकर पुर सरॉय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वरस्वती प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित करके हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद की जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर को कराने का मकसद यह है कि ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोगो को भी कानून की प्रतिक्रिया के विषय में जानकारी हो साथ-साथ कानून के माध्यम से ही न्याय पर भरोसा बढ़े। कार्यक्रम के सयोजक बार एशोसिएशन अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने कहा कि हम सभी की मंसा यही है कि ग्रामीण लोगो को कम खर्च में कम से कम समय में न्याय दिलाने के लिए भी गंभीर विचार करना होगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष निगम ने भी विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कानून और न्याय की सही जानकारी दी। कार्यक्रम के सायोजक सतीश शुक्ला ने जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल समेत सभी अन्य अतिथि न्यायधीशों व अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान न्यायधीश वाणी रंजन अग्रवाल, एडीजे ममता सिंह एडीजे जयवीर सिंह, सीजीएम रूचि, श्रीवास्तव एडीजे स्वतंत्र सिंह, अपर सिविल जज निधी यादव, समेत ओपी पॉडेय एडवोकेट मनीष सिंह एके पांडेय, सुशील शुक्ला, एडवोकेट समेत तमाम अधिवक्ताओं समेत तमाम ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## सपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक के मिल से चालीस लाख की चोरी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। थाना रामकोट इलाके में सीतापुर-हरदोई रोड़ स्थिति समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अनूप गुप्ता की मिल से लगभग 40 लाख रुपये की चोरी हुई है। हालांकि तहरीर न आने के कारण आधिकारिक पुष्टि नही हो पाई है।

शहर के अंदर स्थित ओपोजी फाउंडेशन मिल में यह चोरी शनिवार की देर रात करीब 2.30 बजे हुई, जब पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के घर उनकी बेटी की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। घटना की जानकारी मिल में तैनात एक कर्मचारी ने दी, जिसने बताया कि ऑफिस में रखे लकड़ी के लॉकर से नगदी चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फिंगरप्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया घटना के समय मिल में केवल एक चौकीदार मौजूद था, जिसे संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मिल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। शादी समारोह के कारण अभी तक औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया तहरीर मिलते ही मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीओ अमन सिंह ने बताया कि जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## आजाद हिन्द भगत संगठन ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन



सीतापुर। रविवार को आजाद हिन्द भगत संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष के स्मृति संगठन के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन मोहल्ला खूबपुर मे पवन हिन्दू पार्क मे किया गया। जिसमे पवन हिन्दू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसमे संगठन संस्थापक अभिमन्यु हिन्दू ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष हिन्दू ने बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष की याद में यह आयोजन आजाद हिन्द भगत संगठन द्वारा पिछले 9 वर्षों से किया जा रहा हैं। इस यह मौके पर भाजपा के नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता महामंत्री, नीरज वर्मा, पवन हिन्दू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसमे संगठन संस्थापक अभिमन्यु हिन्दू ने माल्यार्पण कर धर्मगुरु आशीष शास्त्री, अनूप संगठन जिलाध्यक्ष मनीष हिन्दू मन्नू, जिला-उपाध्यक्ष अखिलेन्द्र विक्रम हिन्दू, जिला सयोजक शिव कुमार हिन्दू, जिला कोषाध्यक्ष दीपक हिन्दू, विशद हिन्दू, पीयूष हिन्दू, शिवम हिन्दू देवांश हिन्दू, कन्हैया हिन्दू, रामजी हिन्दू, नगरअध्यक्ष अग्निवेश हिन्दू, नगर उपाअध्यक्ष मनीष हिन्दू, ऋषभ हिन्दू, मयंक हिन्दू आदि उपस्थित रहे।

## चेयरमैन के पुत्र को तोड़फोड़ करना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

तम्बौर/सीतापुर। सिद्दीकी कांट्रैक्टस के नाम से नगर पंचायत तम्बौर में रजिस्ट्रेशन है जिसके द्वारा कस्बे के छतांगुर रोड पर सड़क निर्माण कार्य का काम कराया जा रहा है। कस्बे के इंद्रानगर निवासी फाहीम पुत्र मो0 सलीम ने थाने पर प्राथना पत्र देकर बताया कि 15 जनवरी को चैयरमेन तैबुन निशा के पुत्र दानिश कमाल पुत्र इस्तियाक खान निवासी मोहल्ला शेखन टोला ने मेरी सड़क व नाली का वीडियो बनाया व मेरी बनाई हुई नाली को अपनी गुंडई व दबंगई के बल पर हथौड़ी से तोड़ दिया व लोगों के सामने मेरा नाम लेकर गंदी-गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी दी। विपक्षी को यह अधिकार किसने दिया कि किसी के कार्य स्थल पे जाकर नाली तोड़कर ईंट व मसाला उखाड़कर फेंक दिया। जबकि यह अधिकार नगर पंचायत से सम्बंधित अधिकारी का है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी राकेश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया जांच कर कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में दानिस कमाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि में मौके पर गया जरूर था लेकिन किसी भी तरह की तोड़फोड़ मेरे द्वारा नही की गई जिसका सबूत मेरे पास है विपक्षी द्वारा लगाया गया आरोप गलत है।

## व्यापार मंडल टीम ने चार विकेट से जीता मैच

सीतापुर। कृषक इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे स्व. श्रीमती आशा लता वाजपई मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को महोली तहसील प्रशासन एवं व्यापार मंडल महोली के मध्य मैत्रीय क्रिकेट मैच खेला गया। टास जीत कर तहसील प्रशासन एकादश के कप्तान उप जिलाधिकारी शशी बिंद द्विवेदी पहले



बैटिंग करने का फैसला लिया। महोली तहसील प्रशासन ने निर्धारित 16 ओवर में तहसील प्रशासन के कप्तान एवं एसडीएम शशी बिंद द्विवेदी द्वारा तेजी से बनाए गए 57 रनो की बदौलत कुल 169 रन बनाएं। जिसमें एसडीएम शशि बिंद द्विवेदी के नौ चैके एवं तीन छक्के शामिल है। तहसील प्रशासन द्वारा दिए गए 169 रनों का पीछा करने उतरी व्यापार मंडल टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अंतिम ओवर में चार विकेट से मैच जीतकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसी दरमियान विधायक महोली शशांक त्रिवेदी क्रिकेट मैदान पर पहुंचे और अपने चिर परिचित अंदाज में मनमोहक कमेंट्री करते हुये दोनों टीमों के खिलाड़ियों तथा दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वही इस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लुकमान रहे, जिन्होंने अर्ध शतक लगाकर अपनी टीम को विजय श्री दिलाई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महोली महेश गुप्ता दीपू, सोनू मिश्रा, अधिवक्ता जगजीवन भारती वरिष्ठ पत्रकार केबी मिश्रा, रविन्द्र सक्सेना, सर्वेश मिश्रा, संजीव पांडे, सिंकू शुक्ला, प्रिंस बाजपेई, ब्रह्मावली प्रधान मनीष बाजपेई, मनोज सिंह, अनिल सिंह समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## आपसी मतभेद को भुलाकर एक साथ रहने को राजी हुए तीन जोड़े



सीतापुर। शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 03 जोड़े बीना पत्नी सुरेश निवासी ग्राम सीताकुण्ड थाना मिश्रित, नैन्सी पत्नी प्रियांशू निवासी ग्राम रामदीनकुड़ी थाना टडियावां, रजनी पत्नी मुकेश कुमार निवासी ग्राम जतौरा थाना सिधौली सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 03 जोड़ो की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ.नि. मधु यादव, महिला आरक्षी गीता, मुख्य आरक्षी जावेद अली, आरक्षी शिवा ढाका, काउंसलर विकास वर्मा एवं शशिकला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि




सीतापुर। रविवार को क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्र गौरव स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की 428 वीं पुण्यतिथि बाईपास स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि देते हुए मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सभा में क्षत्रिय समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनेंद्र विक्रम सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का नाम भारत के इतिहास में इसलिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्र समाज की स्वतंत्रता स्वाभिमान मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने व अपने परिवार के सुखों को त्याग कर जंगलों में रहकर घास की रोटी खाना पसंद किया मुगलों की दासता को उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में स्वीकार नहीं किया। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन में संघर्ष का मार्ग अपनाया। कार्यक्रम में शैलेंद्र चौहान, रामचंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, दिव्यांश तोमर, शीतला बक्ससिंह, रिंकल भदौरिया, दीपक सिंह, आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सीतापुर। थाना तालगांव थाना इलाके के भगौतीपुर गाँव निवासी रमाकांत बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में संदना थाना क्षेत्र के रामगढ़ पुलिस चैकी के निकट देर रात किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार रमाकांत गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रामगढ़ पुलिस चैकी प्रभारी मनोज सिंह ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ में भेजा। जहां डॉक्टरों ने रमाकांत को मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ पुलिस चैकी प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना भेज दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बाइक को किस वाहन ने टक्कर मारी इसका पता लगाया जा रहा है।

संक्षेप

## सर्राफा व्यापारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला सरफयाना निवासी शरद कुमार सोनी ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मध्य प्रदेश के इन्दौर के थाना गौरीनगर अंतर्गत खातीपुरा चैराहा आईटीआई के पास मारूति नगर निवासी राजेश यादव पुत्र विक्रम यादव ने उसकी दुकान में रमेश प्रसाद शरद कुमार सोनी टाउन चबूतरा सराफा से 20 मई 2023 को एक चैन व 5 दिसम्बर 2024 में हार लिया था। इसमें हार की कीमत 1 लाख 18 हजार 500 रुपये व चैन 15 हजार के शेष बाकी है। बताया कि जमालपुर निवासी पार्वती यादव व हनुमानगढ़ी निवासी अभय यादव की गारण्टी पर यह सामान दिया था। बताया कि सामान लेकर राजेश यादव ने कुछ रुपये जो कि खाते में डाल दिये थे और 55 हजार रुपये शेष हैं। बताया कि बकाया रुपया मांगने पर उक्त लोगों द्वारा गालियां दीं गयीं। पीड़ित के अनुसार 16 जनवरी की शाम करीब 7 बजे फोन आया और गालियां देते हुये गारण्टी लगाने वाले रिश्तेदारों को भी गालियां दीं और रुपये न देने की बात कही गयी। सराफ व्यापारी की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुरुषोत्तम बने जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** युवा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने पुरुषोत्तम कुशवाहा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने संगठन मजबूती व विस्तार के तहत ये नियुक्ति की है।

इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने दी। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह चैधरी के निर्देश और राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन चैहान के अनुमोदन तथा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से पुरुषोत्तम कुशवाहा को युवा राष्ट्रीय लोकदल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने बताया कि जिलाध्यक्ष के गठन जिला में युवा राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती मिल सकेगी। इनके माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी द्वारा युवाओं के रोजगार हित में चलाई जा रही योजनाओं को आसानी से युवाओं के बीच पहुंचाया जा सकेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले कस्बे में निकाली कलश यात्रा

**फतेहगंज पश्चिमी, बरेली।** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 11 रेलवे कॉलोनी के पास शनिवार को भगवान की 11 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नई बस्ती से शुरू होकर पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए राधा कृष्ण खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। कलश यात्रा के बाद पंडित वेद प्रकाश शंखधार ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और 5 दिनों तक चलने वाले पूजा अर्चना कार्यक्रम एवं जाप की शुरूआत की। इस दौरान 11 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 18 जनवरी से 22 जनवरी तक जाप किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सभासद प्रदीप गुप्ता ने बताया कि राधा कृष्ण खाटू श्याम मंदिर में शिव परिवार, बालाजी महाराज, श्री राधा कृष्ण, शनिदेव महाराज, खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को नौ मूर्तियों की प्रतिष्ठा की जाएगी, जबकि 25 जनवरी को खाटू श्याम बाबा का जागरण होगा और 26 जनवरी को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# उपनिदेशक उद्यान झांसी ने किया प्रक्षेत्रों का निरीक्षण




**ललितपुर।** उप निदेशक उद्यान झांसी मण्डल विनय कुमार यादव ने जनपद में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत लाभान्वित किसानों के प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड बिरधा के कस्बा निवासी किसान तिलक सिंह के प्रक्षेत्र पर पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत स्थापित ड्रिप सिंचाई पद्धति का निरीक्षण किया गया। किसान

**● खेतों में जाकर पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति का किया गया सत्यापन**

ने 0.60 हे. क्षेत्रफल में टमाटर, मिर्च एवं बैगन की खेती मल्चिंग एवं ड्रिप का उपयोग कर की जा रही है। किसान ने कृषक द्वारा खेती के परम्परागत तरीके को छोड़कर सब्जी की खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। कृषक ने ड्रिप सिंचाई पद्धति, मल्चिंग विधि एवं स्टेकिंग के माध्यम से खेती की जा रही है।

जिससे किसानों को समय, पानी, मेहनत, श्रम, खाद, दवा आदि की बचत हो रही है एवं भरपूर पैदावार हो रही है। किसान ने बताया कि वह अब तक लगभग 5 लाख की फसल बेच चुका है जिसमें से एक लाख रू. खर्च घटाकर उसे 4 लाख का मुनाफा हुआ है एवं अभी 3 लाख की फसल पैदा होने की सम्भावना है। महिला किसान कुसुमरानी पत्नी दशरथ कुशवाहा के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें किसान ने अपनी गेंहू की फसल में मे. वेस्टबेल कम्पनी के माध्यम से पोर्टेबिल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की स्थापना करायी गयी है, जिसमें किसान ने बताया कि उसकी 4.50 एकड़ भूमि हेतु कम्पनी द्वारा 39 पाइप एवं 8 नोजल/चिडि ?ा प्रदान की गयी है। मौके पर किसान स्प्रिंकलर चलता हुआ पाया गया, जिससे वह गेंहू फसल की सिंचाई कर रहा था। किसान ने बताया कि परम्परागत खेती की तुलना में पोर्टेबलि स्प्रिंकलर से खेती करने पर 50 से 70 प्रतिशत पानी की बचत होती है और उसकी फसल भी अच्छी है। इसके बाद ग्राम चंदेरा की महिला किसान कमला पत्नी बाबू के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जहां मे.समय इरीगेशन द्वारा 0.40 हे. क्षेत्रफल में टमाटर एवं बैंगन की फसल में ड्रिप सिंचाई पद्धति की स्थापना की गयी है कि किसान ने 3 एच.पी. सोलर पम्प के ड्रिप का संचालन किया जाता है। ड्रिप सिंचाई पद्धति, मल्चिंग विधि एवं स्टेकिंग के माध्यम से खेती की जा रही है। ड्रिप हेतु पक्का फाउण्डेशन बनाया गया है। बताया गया कि उसने 4 लाख की बिक्री की है जिसमें से 3 लाख का फायदा हुआ है। इसके बाद ग्राम चंदेरा के ही किसान बृजलाल पुत्र बल्दू के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जहां पर किसान ने अपने 0.4 हे. क्षेत्रफल में बैगन एवं टमाटर की फसल में 1.2.0.6 मीटर की दूरी पर ड्रिप सिंचाई पद्धति की स्थापना की करायी गयी है। वर्तमान में खेत पर 16 दिन की बैगन पौध तैयार है। ड्रिप सिंचाई पद्धति, मल्चिंग विधि एवं स्टेकिंग के माध्यम से खेती की जा रही है। पिछली फसल जो 0.10 हे0 में बोई थी उससे 70 हजार की आमदनी प्राप्त हुई जिसमें 40000 की लागत को घटाकर शुद्ध लाभ 30000 प्राप्त हुआ। प्रक्षेत्र पर हेड यूनिट के साथ स्क्रीन फिल्टर, वैन्चुरी एवं प्रेशर गेज लगा है। अंत में ग्राम सौजना विकास खण्ड महरौनी के किसानों के प्रक्षेत्रों पर पोर्टेबिल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति का सत्यापन किया गया जिसमें सभी स्प्रिंकलर सैट सही पाये गये।निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान सहित उद्यान विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# इकरारशुदा जमीन दूसरे को बेचने का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** रेलवे अस्पताल के पास नेहरू नगर निवासी ज्योति यादव पत्नी सुनील कुमार ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। दायर वाद में उन्होंने सीजेएम को बताया कि बीती 2 जून 2023 को आजादपुरा निवासी सूरज उर्फ सूरजबाई पत्नी स्व.लक्ष्मीनारायण से असंक्रमणीय भूमिधर अधिकार वाली खाता संख्या 00617 आराजी संख्या 858/3 रकवा 0.809 हे. का सम्पूर्ण 1/6 भाग रकवा 0.135 स्थित ग्राम पटौराकलां को तीन लाख रुपये में क्रय करने का

**● सीजेएम न्यायालय के आदेश पर हुआ मामला दर्ज**

सौदा किया था, जिसके एवज में दो लाख रुपये सूरजबाई को जरिए चैक संख्या 627070 भारतीय स्टेट बैंक शाखा गांधीनगर दिया व सूरजबाई ने इकरार किया था कि तीन वर्ष की अवधि में वह विक्रय मूल्य का शेष 1 लाख रुपये प्राप्त कर इकरारशुदा आराजी का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र उसके हक में निष्पादित कर विधिवत पंजीयन करा देगी, जिसकी जानकारी सूरजबाई के पुत्र दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, रमेश कुमार व रामराजा के लिए रही है। बताया कि सूरजबाई ने इकरार के अनुसार 2 जून 2023 को गवाहों के समक्ष उसके हक में लिपिबद्ध पंजीयन कराया, जिसका 3 जून 2023 को सब रजिस्ट्रार में वही संख्या 1, जिल्द संख्या 8282 पृष्ठ संख्या 17 लगायत 30 क्रमांक 5083 पर किया गया। बताया कि विक्रय इकरारनामा निष्पादन किये जाने के कुछ माह बाद सूरजबाई का देहान्त हो गया। बताया कि सूरजबाई के पुत्रों के लिए निकटतम कानूनी बारिश होने का कारण दर्ज कागजात माल किया गया। एसडीएम द्वारा पारित आदेश 9 अगस्त 2024 के अनुसार उक्त आराजी के लिए असंक्रमणीय भूमिधर के स्थान पर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज कागजात माल पायी गयी। बताया कि 9 अगस्त 2024 को उक्त आराजी के हक व अधिकार प्राप्त हुये, जिसकी जानकारी होने पर उक्त लोगों से शेष एक लाख रुपये व रजिस्ट्री बैनामा कराने के लिए कहा तो उक्त लोगों ने बात को टाल दिया। यहां आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा उक्त इकरारशुदा आराजी का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र 7 नवम्बर 2024 को आजादपुरा निवासी लक्ष्मीबाई पत्नी घनश्याम कुशवाहा को कर दिया। जब इसका विरोध उसके द्वारा किया गया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# घरौनी लाभार्थी बैंक से ऋण लेकर अपना रोजगार आगे बढ़ा सकते हैं: राज्यमंत्री



**बिजनौर।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार सम्पत्ति कार्डों के इलेक्ट्रानिक वितरण के सजीव प्रसारण कार्यक्रम में राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बीते दिन आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, यांत्रिक, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग दिनेश खटीक ने घरौनी योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण एवं अधिक आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत को विकसित करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार राज्य के राजस्व विभाग एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग के समन्वय से ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करते हुए ग्रामीण आबादी के आवासीय अधिकार अभिलेख स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिला बिजनौर के 1701 ग्रामों के 275000 प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) तैयार किया जा चुके हैं। आज जिला बिजनौर में कुल 179 ग्राम पंचायत में स्थित 208 ग्रामों में 35737 घरौनियां वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रॉपर्टी कार्ड के लाभार्थी बिना किसी विवाद के आर्थिक योजनाओं का संचालन कर अपनी आय की स्त्रोतों का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि घरौनी प्राप्त होने के पश्चात लाभार्थी बैंक से भी ऋण लेकर अपने रोजगार को आगे बढ़ा सकता है या अन्य कोई रोजगार कर सकता है। राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए गांव को भी आत्मनिर्भर बनाना होगा, स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपूर्ण प्रदेश के भू-स्वामियों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने घरौनी प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जहां भी इस योजना के अंतर्गत कार्य शेष हैं वह ड्रोन सर्वे के माध्यम से शीघ्र कार्य को पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह घर के संबंध में बहुत महत्वपूर्ण अभिलेख है, इसको कंप्यूटर से भी जनरेट किया जा सकता है। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा 10 लाभार्थियों को सांकेतिक रुप से स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करने के उपरांत लाभार्थियों को घरौनी वितरण की गईं। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, वेदप्रकाश विश्वकर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चैहान बॉबी, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी सहित अन्य विभाग की अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि तथा लाभार्थी मौजूद थे।

# जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों पर नवोदय की प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए शनिवार को जनपद के आठ परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेष परीक्षा का आयोजन किया गया। इन केन्द्रों पर

**● पंजीकृत 2977 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 1125 रहे अनुपस्थित**

पंजीकृत 4 हजार 102 के मुकाबले 2 हजार 977 छात्र-छात्राओं ने ही परीक्षा दी।

जबकि 1 हजार 125 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पुलिस फोर्स तैनात रही। राजकीय इण्टर कालेज ललितपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज ललितपुर, राजकीय इण्टर कालेज बार, किसान इंटर कालेज बिरधा, सरस्वती इंटर कालेज मडावरा, सरस्वती मंदिर बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडावरा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महरौनी एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज तालबेहट इस परीक्षा के लिए केन्द्र बनाये गये थे। शनिवार को ठण्ड ने भी कहर नहीं ढाया और सुबह से ही धूप खिलने से बच्चों को परीक्षा देने में एवं इन बच्चों को परीक्षा केन्द्रों पर ले जाने में उनके अभिभावकों को भी ज्यादा जद्दोजहत नहीं करनी पडी। यह परीक्षा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के मध्य हुई। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्क्वायड टीम लगातार केन्द्रों का निरीक्षण करती रहीं और परीक्षा का जायजा लेती रहीं।

**जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में प्रवेष के लिए जनपद में आठ परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे, इन केन्द्रों पर कुल 2977 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित हुये जबकि 1125 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।**
**हूपेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य**
**जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा, ललितपुर**

# रोटी बैंक ने कंबल और कपड़ों का किया वितरण



**बांदा।** रविवार को बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक जनाब शादी जमा साहब एबांदा रोटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाजए के संरक्षण में बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता में रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख बरई मानपुर खत्रीपहाड़ पवन पांडे के नेतृत्व में ग्राम प्रधान श्योंढा ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी अयूब खान की उपस्थिति में चंद्र पांडे वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत शिक्षक और निदरत खान के द्वारा दिए गए लगभग 50 कंबल तथा शैलेंद्र आनंद सेवानिवृत बैंक मैनेजर ने अपनी पत्नी के जन्मदिन पर नए जूते चप्पल दिए तथा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों द्वारा दिए गए गर्म कपड़े वितरण ग्राम श्योंढा ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी के जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को मतदान तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम द्वारा जागरूक किया गया। गर्म कपड़े कंबल जूते चप्पल इस सर्दी के मौसम में पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने सभी लोगों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में श्रीचंद्र पांडे सेवानिवृत्त शिक्षकए अयूब खान ग्राम प्रधान श्योंढाए सुनील सक्सेना संगठन मंत्री रोटी बैंक सोसायटीए तरन्नुम फातिमा महिला उपाध्यक्षए सहाना खातूनए मोवशमीम कार्यालय प्रभारीए मोहम्मद सलीमए उपाध्यक्ष अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारीए अलीमुद्दीन एपवन कुमार पांडे अलीम अहमद खान आदि पदाधिकारी ए सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## नगर के छः हिस्ट्रीशीटर की हिस्ट्री खोली

**बहेड़ी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली ने अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही व अपराध की रोकथाम करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपराधों में संलिप्त रहे हैं अपराधियों का सम्पूर्ण आपराधिक इतिहास संकलित कराकर उनकी निगरानी हेतु बी क्लास की हिस्ट्री शीट खोली है। इसमें नगर के आधा दर्जन अपराधी भी शामिल हैं जिनपर विभिन्न विभिन्न मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, रंगदारी, एनडीपीएस, मारपीट व चोरी आदि अपराधों में संलिप्त रहने वाले आसिफ उर्फ लंगडा पुत्र अब्दुल कादिर नि0 मो0 सुन्नीनगर बहेड़ी के विरुद्ध गोवध/पुश क्रुरूता/हत्या का प्रयास के 07 अभियोग पंजीकृत है। आमिर पुत्र मोहम्मद हनीफ नि0 मो0 मोहम्मदपुर थाना बहेडी के विरुद्ध गोवध, पशु क्रुरूता के 10 अभियोग पंजीकृत है। खतीक उर्फ खलीक पुत्र लईक अहमद नि0 मो0 टांडा थाना बहेडी के विरुद्ध गोवध/पशु क्रुरूता/हत्या का प्रयास के 13 अभियोग पंजीकृत है। मोनिश पुत्र हनीफ नि0 मो0 मोहम्मदपुर थाना बहेडी के विरुद्ध गोवध के 06 अभियोग पंजीकृत है।

# महकुंभ सनातन धर्म एवं वैदिक संस्कृति का अमृत पर्व: प्रो. डॉ. शास्त्री




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं संस्कृत शोधपीठ, बुन्देलखंड विश्वविद्यालय झांसी के संयुक्त तत्वावधान में कुम्भ महोत्सव का सांस्कृतिक एवं सामाजिक अवदान इस विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, परिसर में

**प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं संस्कृत शोधपीठ, बुन्देलखंड विश्वविद्यालय झांसी के संयुक्त तत्वावधान में हुई एक दिवसीय संगोष्ठी**

किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में कला संकाय प्रमुख प्रो. मुन्ना तिवारी, मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य नेहरू महाविद्यालय ललितपुर प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री, मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. मदनमोहन पाण्डेय, विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. हरिपति सहाय कौशिक एवं डॉ. सर्वेश कुमार शांडिल्य, संस्थान लखनऊ के प्रतिनिधि एवं संगोष्ठी संयोजक वामदेव संस्कृत महाविद्यालय बांदा के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रत्नेश त्रिवेदी तथा आयोजन सचिव के रूप में प्रो. बीबी त्रिपाठी निदेशक, संस्कृत शोधपीठ आदि सभी अतिथियों ने भगवती मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वालन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो0 डा0 ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि महाकुम्भपर्व सनातन धर्म एवं वैदिक संस्कृति का अमृत पर्व है भारतदेश का जनमानस पर्वतों नदियों एवं तीर्थों में आध्यात्मिक आधिदैविक आधिभौतिक भाव से आस्था रखता है कुम्भपर्व न केवल गंगा जल में स्नान का पर्व है अपितु वेदों पुराणों स्मृतियों उपनिषदों दर्शनों में प्रवाहमान ज्ञानामृत से अभिसिंचित होने का पर्व है सम्पूर्ण भारत राष्ट्र से एकत्रित हुये ऋषिपरम्परा के तपःपूतसंतो मनीषियों से ज्ञानार्जन का पर्व है ऋषियों ने महाकुंभ के रूप में देश के चार प्रसिद्ध तीर्थ स्थलो में कुम्भ पर्व की व्यवस्था का सृजन किया है उन्होंने कुम्भ की सम्पूर्ण परम्परा को ज्योतिषीय तथ्यों एवं कुम्भपर्व का दार्शनिक विश्लेषण प्रस्तुत कियामुख्यवक्ता प्रो. पांडेय ने कहा कि कुम्भ सांस्कृतिक एवं सामाजिक रूप से सभी को एकता, अखंडता स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। जीवन में आरोग्य का कितना महत्व है यह हमें हमेशा ध्यान रखना चाहिए। नैनो टेक्नोलॉजी एवं प्राचीन आरोग्य परम्परा के द्वारा स्थित हो चुका है कि आधुनिक युग में जीवन का स्वस्थ होना कितना आवश्यक है।

इसके साथ ही उन्होंने कुम्भ के विशेष तथ्यों के बारे में सभी को परिचित कराया। विशिष्टवक्ता के रूप में डॉ. हरिपति सहाय कौशिक ने ज्योतिषीय विधानों के माध्यम से कुम्भ की स्थिति को स्पष्ट किया। कुम्भ कब लगना चाहिए, किन-किन स्थानों पर कुम्भ की स्थापना होती है और इसे किस प्रकार से सामाजिक और सांस्कृतिक अवदान के रूप में देखा जाना चाहिए इन सभी गम्भीर विषयों पर उन्होंने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के अन्त में आयोजन सचिव प्रो. त्रिपाठी ने भरतवाक्य के रूप में स्वरचित पदों के द्वारा कुम्भ की महिमा का वर्णन किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य ने और धन्यवाद ज्ञापन संस्थान प्रतिनिधि डॉ. रत्नेश त्रिवेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं शोधछात्र उपस्थित रहे।

## परिवहन व पुलिस का संयुक्त चेकिंग अभियान



**बांदा।** परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के साथ.साथ सड़क में दुर्घटना न्यूनतम होए परिवहन विभाग के द्वारा कोशिश की जा रही है। इसी के क्रम में शहर के अतर्रा चुंगी चौकी स्थान पर शंकर जी सिंहए रामसुमेर यादव अलीगंज चौकी इंचार्जए पुलिस एवं परिवहन विभाग के आरक्षियोंए समाजसेवियों के द्वारा दो पहियाएचार पहियाए वाहनों के साथ.साथ ई रिक्शाएऑटो रिक्शाए अतर्राए नरैनी की तरफ हो रही संचालित प्राइवेट बसों के चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया और अनुरोध किया गया कि अगर आप लोग सीट बेल्ट नहीं लगाएंगे तो आपके ऊपर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। अभी आप लोगों को समझाया जा रहा है ताकि आप लोग जागरुक हो और आगे इन सुरक्षा के उपकरणों का प्रयोग कर अपनी यात्रियों के सफर को सुगम बनावे ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## गर्भवती मां ने बच्ची की हत्या कर खुद भी फांसी पर लटक कर दी जान

बिजनौर। गृह क्लैश से तंग आकर 9 माह की गर्भवती महिला ने पहले अपनी पांच साल की बच्ची को फांसी लगाकर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद खुद भी फांसी लगाकर गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मां बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव गजरौला शिव निवासी अश्वनी राजपूत और उसकी पत्नी निधि राजपूत (29 वर्ष) के बीच कुछ मनमुटाव चल रहा था। शनिवार को अश्वनी अपनी मां शशि के साथ बैंक से पैसा निकालने के लिए गया। घर पर उसकी पत्नी निधि और बेटी (5 वर्ष) भव्या अकेली थी। लोगो के अनुसार निधि ने अपनी बेटी भव्या को चुनरी का फंदा बनाकर फांसी पर लटका दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। फिर उसने खुद भी बरामदे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। अश्वनी के अनुसार बैंक से लौटने पर जब गेट अंदर से नहीं खुला तो छत के रास्ते वह घर में दाखिल हुआ तो देखा कि बेटी भव्या और पत्नी निधि फंदे पर लटकी हुई थी। अश्वनी एक व्यक्ति की मदद से बच्ची व पत्नी को बाइक से ही जिला अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन चिकित्सकों ने नौ माह की गर्भवती उसकी पत्नी व बच्ची को मृत घोषित कर दिया। एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी के अनुसार महिला मनोरोगी थी, जिसका एक साल पहले तक रुड़की के चिकित्सक से इलाज चल रहा था। मांमले की जांच कराई जायेगी जांच में जो भी सामने आयेगा उसी हिसाब से कार्रवाही की जायेगी।

## रविदास सभा नगीना का डॉ सुरेंद्र सिंह को अध्यक्ष व मदनपाल बाबू को महासचिव चुना



**नगीना, बिजनौर।** रविदास सभा के वार्षिक चुनाव में डॉ सुरेंद्र सिंह को अध्यक्ष एवं मदनपाल सिंह को महासचिव चुना गया। इस मौके पर समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।रविवार को नगर के मोहल्ला बिश्नोई सराय रेती स्थित धर्मशाला में आयोजित रविदास सभा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से समाज के सभी लोगों ने मोहल्ला चैधराना निवासी डॉ सुरेंद्र सिंह को रविदास सभा का अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद नगीना के सेवानिवृत्त बाबू मदनपाल सिंह को महासचिव चुन लिया। महासचिव बनने पर बाबू मदनपाल सिंह ने समाज के सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मदनपाल सिंह ने कहा की समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी विश्वास पूर्वक दी है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और समाज की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए कृत संकल्प रहेंगे। इस मौके पर विश्नोई सराय रेती रविदास बिरादरी के अध्यक्ष दीपक कुमार, सौरभ, संजय मास्टर, प्रवीण सिंह, विकास कुमार, डा0 राकेश, चन्द्रपाल, रचित कुमार, शुभम प्रधान, धर्मेन्द्र, अमित कुमार, गोपाल सिंह, रमन आदि सहित भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओ ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात




**बांदा।** देश के विभिन्न क्षेत्रों की रोचक तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकताओं ने जिले के सभी बूथों में उत्साह के साथ सुना। प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इस बार पीएम मोदी की मन की बात के 118वें एपिसोड को महीने के तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ नम्बर 193 में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बताया कि बाबा साहब इस बात पर जोर दे रहे थे कि संविधान सभा एक साथए एक मत होए और मिलकरए सर्वहित के लिए काम करे। जिला महामंत्री तथा बबेरू चेयरमैन विवेकानन्द गुप्ता ने बबेरू मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे के आवास में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यहां जिला उपाध्यक्ष जागृति वर्माए मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जनए दुर्गा चौरसियाए संजय जड़ियाए दिलीप श्रीमाली उपस्थित रहे। जबकि जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने हर बार की तरह तिन्दवारी मण्डल के बूथ नम्बर 209 संतोषी नगर में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इसी तरह बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नम्बर 124 में जिला मंत्री पंकज रैकवार नेए भाजपा नेता अजय पटेल ने बबेरू मंडल के बूथ नम्बर 70 में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## दुकान में घुसकर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला

**ललितपुर।** सदर चैकी क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरा निवासी ऋतिक कुमार पुत्र गौरीशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को साढ़े छह बजे जब वह दुकान में बैठा था, तभी मोहल्ले के मनीष उर्फ मंटू पुत्र हरगोविन्द व खिरकापुरा निवासी आनंद कुशवाहा पुत्र मुन्ना कुशवाहा अपने दो अन्य साथियों के साथ आये और उसकी दुकान में घुसकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लोहे की रॉड से उसे जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व हाथ-पैर में गंभीर चोटें आयीं हैं। पीड़ित ने बताया कि उसकी दुकान में रखा ढोल व शो केस उक्त लोगों द्वारा तोड़ दिया गया। इसके अलावा दुकान के आसपास रहने वाले लोगों ने जब बीच बचाव किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने दो दिन पहले उसके भाई मोहित से भी मारपीट की थी, जिसकी शिकायत उसने सदर चैकी पुलिस से की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 115 (2), 324 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कोर्ट के आदेश पर दो अस्पताल प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई

**बरेली।** कोर्ट के आदेश पर भास्कर अस्पताल के प्रबंधक डॉ. ओपी भास्कर और सुमंगल डेंटल केयर के निदेशक डॉ. आशीष अग्रवाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। अदालत ने दोनों के मेडिकल लाइसेंस रद्द करने का आदेश दिया है, क्योंकि उन्होंने एक मरीज के इलाज से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे।

मामला 2013 में देहात के भमोरा थाना क्षेत्र के चंपातपुर गांव निवासी राजवीर की दुर्घटना से जुड़ा है।

राजवीर का टेंपो पलटने से गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें भास्कर अस्पताल और सुमंगल डेंटल केयर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों को उनका दायां पैर काटना पड़ा। राजवीर ने 2014 में मुआवजे की याचिका दायर की थी और अदालत से अस्पतालों के इलाज से संबंधित रिकॉर्ड की मांग की थी, लेकिन अस्पतालों ने कोर्ट के बार-बार नोटिस के बावजूद दस्तावेज जमा नहीं किए।

# अग्नि दुर्घटना चिंताजनक

दुनिया के सबसे बड़े, भव्य-दिव्य महाकुंभ में अब तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। करीब-करीब सात-आठ करोड़ लोगों ने अमृत स्नान का आध्यात्मिक अनुष्ठान का लाभ भी उठा लिया है। दो शाही स्नान हो गये हैं और तीसरा व सबसे बड़ा शाही स्नान मौनी अमावस्या को है। मौनी अमावस्या को सर्वाधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कहा जा रहा है कि सात-आठ करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और किसी भी तरह की दुर्घटनाओं से बचाव प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस बीच महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में खाना बनाते समय सेलेंडर फटने से लगी आग फैल गयी, जिससे पचास से अधिक टेंट जलकर राख हो गये। आग लगने के बाद कई सेलेंडर फट गये जिससे आग भयावह हो गयी और इसमें गीता प्रेस के भी बहुत से कॉटेज जल गये। कुंभ में इतनी बड़ी अग्नि कांड की घटना चिंताजनक है, लेकिन राहत की बात यह है कि इसमें किसी की मौत नहीं हुई। बहरहाल यह अग्निकांड बड़ी चेतावनी है। जिस आयोजन में एक दिन




में सात-आठ करोड़ लोग एकत्रित होंगे उसमें अग्निकांड को रोकने के लिए और अधिक उपाय करने की जरूरत है। बेहतर तो यह होगा कि मौनी अमावस्या के पर्व पर किसी भी तरह के ज्वलनशील चीजों के इस्तेमाल की मनाही हो ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। महाकुंभ भारत का सर्वोच्च आध्यात्मिक उत्सव है और इस अवसर का उपयोग संपूर्ण देश को अपने आध्यात्मिक उत्कर्ष के लिए करना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ के अमृत स्नान का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करना चाहिए। क्योंकि बहुत लंबे समय अर्थात 144 सालों के बाद प्रयागराज में इस विशिष्ट महाकुंभ का आयोजन हुआ है। महाकुंभ के पहले ही दिन, 13 जनवरी लोहड़ी पर्व पर, करीब 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह विश्व कीर्तिमान है। पावन 'मकर संक्रान्ति' के दिन अमृत, शाही स्नान साधु-संतों और नागा संन्यासियों ने किया। यह आदि शंकराचार्य की देन है, जिन्होंने सनातन धर्म के लिए साधु-संतों को एकीकृत कर अखाड़े बनाये, आज हमारे यहां 13 अखाड़े सक्रिय हैं। उनका अपना आध्यात्मिक, वैचारिक दर्शन और कर्मकांड हैं, लेकिन उनकी आत्मा में सनातन बसा है। वे सभी सनातनी आस्था के पैरोकार और प्रवक्ता हैं। वे शैव, वैष्णव, उदासीन, महानिर्वाणी, निर्मल नामधारी अखाड़े हो सकते हैं, लेकिन उनकी जुबां से 'हर-हर गंगे', हर-हर महादेव, जय श्रीराम के उद्घोष ही गूंजते हैं। नागा संन्यासियों के भस्म-शृंगार को देखकर तो महादेव के शिवगण याद आने लगते हैं। महाकुंभ इस ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, दैवीय जन-समागम है। अनुमान है कि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था के स्नान में शामिल हो सकते हैं। यह आंकड़ा अमरीका की कुल आबादी से भी बहुत ज्यादा है, लिहाजा श्रद्धालुओं के लिए चौतरफा व्यवस्थाएं की गई हैं। केंद्र और उप्र सरकार का 15,000 करोड़ रुपये बजट खर्च हो सकता है। महाकुंभ में कारपोरेट सेक्टर भी जमकर योगदान कर रहा है। कुल मिलाकर यह आयोजन हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी सहायक साबित होगा। यदि दुनिया को किसी समारोह के आयोजन का सफल प्रबंधन, करोड़ों की भीड़ का मानवीय प्रबंधन और चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था का पाठ पढ़ना हो, तो प्रयागराज महाकुंभ का अध्ययन करना चाहिए। कुछ श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ गया था, लेकिन उनका तुरंत इलाज किया गया है। इसी तरह कुछ श्रद्धालु अपने परिजनों से बिछुड़ गए थे, उन्हें भी मिला दिया गया। ये तमाम सफलताएं इस महा आयोजन की हैं। ऐसे में अग्नि दुर्घटना होना और उसका फैल जाना चिंता की बात है। इसलिए सरकार को अग्नि दुर्घटना और भगदड़ रोकने के लिए और पुख्ता प्रबंध करने होंगे, ताकि कोई संकट न आये।

### विचार

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है, जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो।

-गीता.

यह आत्मा तीन जगत का स्वामी है, समस्त पदार्थों का ज्ञाता है, अनन्त शक्ति का धारी है, किन्तु अपने स्वरूप से भ्रष्ट होकर यह जीव दुखी हो रहा है।

-शुभ्रचन्द्राचार्य.

आत्मा को ऊपर उठाते समय व्यक्ति को लोक-लाज उठाकर एक तरफ रख देना चाहिए।

-विनोबा भावे.

बड़प्पन, पांडित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य में उसी समय तक रहते हैं जब तक शरीर में काम वासना प्रज्जवलित नहीं होती।

-भर्तृहरि.

कायर लोग अपनी मृत्यु के पहले भी कई बार मरते हैं। परन्तु वीर पुरुष मृत्यु का केवल एक बार ही अभिनन्दन करते हैं।

-शेक्सपियर.

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों को करें स्वीकार



मनोज बाजपेयी

देश में शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव किए गये हैं। यूजीसी ने हाल ही में एक ड्राफ्ट जारी किया है, जिसमें शिक्षकों की नियुक्ति और प्रमोशन के लिए नये नियम प्रस्तावित किये हैं।

नयी शिक्षा नीति में शिक्षा क्षेत्र में अमूल-चूल सुधारों को प्रस्तावित किया गया है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा को और अधिक उपयोगी बनाने, शिक्षा को औद्योगिक जरूरतों के अनुकूल बनाने। आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामयिक बदलावों को समाहित करने के लिए देश की संपूर्ण शिक्षा-व्यवस्था को आद्यतन बनाने का संकल्प नयी शिक्षा नीति में प्रस्तावित है। ऐसे में यह जरूरी है कि उच्च शिक्षा में लागू किये जा रहे सुधारों को कदम-दर-कदम लागू किया जाये और देशवासी व शिक्षा जगत से जुड़े जानकार इसे स्वीकार भी करें। इस दिशा में यूजीसी ने एक बड़े सुधार की घोषणा की है। उद्योग जगत, सार्वजनिक प्रशासन, सार्वजनिक नीति या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कम से कम 10 साल तक वरिष्ठ पदों पर काम का अनुभव वाले ऐसे व्यक्ति भी कुलपति के पद के लिए पात्र होंगे जिनका एकेडमिक रिकॉर्ड अच्छा है। क्या यह ठीक नहीं है? यदि ठीक है तो ऐसे ही और प्रस्तावित सुधारों को सकारात्मक तरीके से लेने में क्या हर्ज है? देश में शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव किए गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हाल ही में एक ड्राफ्ट जारी किया है, जिसमें शिक्षक नियुक्ति और प्रमोशन के नए नियम पेश किए गए हैं। इस ड्राफ्ट का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की योग्यता और उनकी विशेषज्ञता को प्राथमिकता देना है, ताकि शिक्षा प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकें।

अब तक शिक्षक बनने के लिए यह अनिवार्य था कि उम्मीदवार का ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी या नेट एक ही विषय में हो। लेकिन यूजीसी ने इस बाध्यता को समाप्त कर दिया है। नए नियमों के अनुसार यदि उम्मीदवार ने ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किसी भी विषय में किया हो, तो भी वह शिक्षक बन सकता है, बशर्ते कि उसके पास पीएचडी या नेट किसी संबंधित विषय में हो। शिक्षक नियुक्ति अब ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के विषय पर निर्भर नहीं करेगी, बल्कि केवल उम्मीदवार की पीएचडी और नेट क्वालिफिकेशन पर आधारित होगी। इस बदलाव से न केवल शिक्षण में अधिक लचीलापन आएगा, बल्कि उम्मीदवारों को अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप कॅरियर बनाने का बेहतर अवसर मिलेगा। अब शिक्षक भर्ती केवल परंपरागत विषयों तक सीमित नहीं रहेगी। योग, संगीत, नाटक, मूर्तिकला और अन्य परफॉर्मिंग आर्ट्स में विशेषज्ञता रखने वाले लोग भी शिक्षक बन सकेंगे। शिक्षक भर्ती और प्रमोशन अब केवल शैक्षणिक डिग्रियों पर निर्भर नहीं रहेगा। इसके बजाय, उम्मीदवार के अनुभव, कौशल और शैक्षणिक प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाएगा। नए नियमों के तहत भारतीय भाषाओं में एकेडमिक पब्लिकेशन और डिग्री प्रोग्राम्स को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय भाषाओं का विकास होगा और छात्रों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करने के अधिक अवसर मिलेंगे। उम्मीदवार अब नेट या सेट में क्वालिफाई करने वाले किसी भी विषय में शिक्षण करियर बना सकते हैं, भले ही उनका ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन उस विषय से अलग हो। यूजीसी ने न केवल शिक्षक भर्ती, बल्कि प्रमोशन के नियमों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। शिक्षक प्रमोशन अब केवल डिग्री पर आधारित नहीं होगा। प्रमोशन के लिए शिक्षकों के अनुभव, कौशल और शैक्षिक प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। कला, खेल और अन्य पारंपरिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले शिक्षकों को भी प्रमोशन में समान अवसर दिए जाएंगे। दिव्यांग खिलाड़ियों और अन्य विशेष प्रतिभाओं को भी शिक्षण क्षेत्र में समान अवसर मिलेगा। नए नियमों से परफॉर्मिंग आर्ट्स, योग, संगीत और पारंपरिक विषयों में विशेषज्ञता रखने वाले लोगों के लिए शिक्षण क्षेत्र में प्रवेश आसान होगा। नई प्रक्रिया भारत की शिक्षा प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएगी। ड्राफ्ट का फोकस भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने और उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने पर है। नए नियम दिव्यांग, खिलाड़ियों और विशेष क्षेत्रों से जुड़े लोगों को समान अवसर प्रदान करेंगे। देश के कुछ राज्यों द्वारा इन प्रस्तावित सुधारों का विरोध किया जा रहा है। तमिलनाडु विधान सभा ने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के संशोधित नियमों की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में तर्क दिया गया है कि नए नियम राज्य की स्वायत्तता का उल्लंघन करते हैं और उसके हायर एजुकेशन सिस्टम को कमजोर करते हैं। बता दें कि विवाद के केंद्र में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपालों को अधिक अधिकार देने का निर्णय है। यूजीसी का तर्क है कि विश्व विद्यालयों के लिए अधिक स्वायत्तता और शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ये बदलाव आवश्यक हैं।




विमर्श

हालांकि तमिलनाडु सरकार का तर्क है कि यह कदम राज्य के अधिकारों का उल्लंघन करता है और अपनी शिक्षा प्रणाली को संचालित करने की उसकी क्षमता को कमजोर करता है। कुछ राज्यों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यह संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन है और इसका छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह भी कहा गया है कि राज्य को अपनी शिक्षा प्रणाली को संचालित करने का अधिकार है और यूजीसी की कार्रवाई उसके अधिकार का अतिक्रमण है। यूजीसी ने नियम बनाए हैं कि कुलपति के चयन के लिए गठित की जाने वाली चयन समिति का निर्णय राज्यपाल करेंगे। कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल को देने विश्वविद्यालयों को नुकसान होगा। राज्यपालों को मनमाने ढंग से कुलपति नियुक्त करने के लिए अधिक अधिकार देना उचित नहीं है। प्रस्तावित सुधारों की आलोचना में यह भी कहा जा रहा है कि इन नियमों को राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों और आर्थिक ताकत से बनाए गए विश्वविद्यालयों पर केन्द्र की अधिकारिता बढ़ाने का प्रयास माना जाना चाहिए। यह नियम संघीय सिद्धांत के विरुद्ध है। शिक्षा पर केवल जनता द्वारा चुने गए लोगों का ही अधिकार होना चाहिए। तभी सभी लोगों को पूर्ण रूप से शिक्षा प्रदान की जा सकती है। यूजीसी के ड्राफ्ट नियमों को लेकर कहना न होगा कि इससे जमीनी और मौलिक टैलेंट अकादमिक क्षेत्र में लाने के रास्ते बन सकते हैं। कई छात्र काबिलीयत के बावजूद पात्रता परीक्षा पास करने में कामयाब नहीं हो पाते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि वे अच्छे प्राध्यापक नहीं बन पाएंगे।

यूजीसी की नई गाइडलाइन यूनिवर्सिटी में फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति के मानदंडों में भी संशोधन करेंगे, जिनके तहत कम से कम 55 फीसदी मार्क्स के साथ मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (एमई) और मास्टर्स ऑफ टेक्नोलॉजी (एमटेक) में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री रखने वाले लोगों को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) पास किए बिना असिस्टेंट प्रोफेसर लेवल पर डायरेक्ट भर्ती किए जा सकने की अनुमति मिल जाएगी। इससे इंजीनियरिंग क्षेत्र में योग्य शिक्षक मिलेंगे और तकनीकी शिक्षा का कायापलट होगा। तकनीकी और व्यवसायिक विषयों में नेट से छूट दी गयी है लेकिन विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य जैसे विषयों में शिक्षक बनने के लिए पीएचडी और नेट की अनिवार्यता को बरकरार रखा गया है। कुल मिलाकर यूजीसी ने शिक्षकों की योग्यता से बिना किसी छेड़छाड़ के ही उच्च शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये हैं।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

पीएम मोदीजी ने 'मन की बात' में भारत की एकात्मकता के जीवंत प्रतीक, आध्यात्मिकता समता और समरसता के महासमागम महाकुंभ के महत्व की चर्चा कर मार्ग दर्शन किया। सीएम योगी.



वीआईपी अतिथियों को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देते हुए संगम की तरफ जाने वाले सभी मार्ग बंद होने से महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घूककर जाना पड़ता है। अखिलेश यादव



नयी दिल्ली में आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान तमिलनाडु, पुदुचेरी एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों के एक समूह के साथ बात चीत की। निर्मला सीतारमण.



# जीवन का सार

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

# अलादीन का चिराग और चुनाव

व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है।



पूरन सरमा

वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।

# वैश्विक जल संकट पर दिखावे की चिंता अधिक



सामयिक

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन अमरीकी राष्ट्रपति। अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे।

आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर। क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है।

अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं। हिंदुस्तान में साल 1994 में जहां प्रति व्यक्ति 6000 घन मीटर सालाना पानी की उपलब्धता थी, जो अब कम हो गयी है। वीओएल.

## आपकी बात

### औद्योगिक कौशल की कमी

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### आर्थिक विषमता चिंताजनक

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी।

**राजीव कुमार मौर्य, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसएसवी स्कूल का वार्षिक समारोह आज

अयोध्या।एसएसवी इंटर कॉलेज का वार्षिक समारोह 20 जनवरी सोमवार को सुबह 11 बजे से स्कूल प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि वार्षिक समारोह में विविध संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत नाटक, एकांकी और लोकगीत आकर्षण का केंद्र होंगे।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है।

जबकि नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। जेल अधीक्षक उदय प्रताप सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.पवन कुमार तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। डॉ. तिवारी ने बताया कि वार्षिक समारोह के सफल आयोजन के लिए 20 से अधिक विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

# सरकार शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्धः जेपीएस राठौर

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर वित्तविहीन शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन दरबारी लाल जैन सहयोगी इंटर कॉलेज कलुआ मऊ मिल्कीपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर रहे। मौके पर भारी संख्या में शिक्षक प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा कि शिक्षक किसी भी छात्र की कामयाबी का महत्वपूर्ण आधार है। सरकार विद्यार्थियों को अपेक्षित और बेहतर शैक्षिक परिवेश प्रदान करने के साथ शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के प्रयासों से यूपी मे शिक्षा का स्तर लगातार शिखर की ओर जा रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान प्रदेश के शिक्षकों का है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र




- मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर वित्तविहीन शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी सम्मेलन का हुआ आयोजन

नेता एवं प्रधानाचार्य चंद्रबली सिंह ने एवं संचालन अरुण द्विवेदी ने किया। समर्थन एवं संकल्प सम्मेलन में वित्तविहीन शिक्षकों ने अपनी मांगों को मंत्री के समक्ष रखा और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।कार्यक्रम में उपस्थित भारी संख्या में प्रबंधक प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान को विजई बनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा बहादुर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सरकार कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दे रही है।8 फरवरी को मिल्कीपुर भगवा मय होगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि उपचुनाव में समाज के सभी वर्गों का समर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। भाजपा उप चुनाव में बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। मुख्य अतिथि ने चुनाव उपरांत वित्तविहीन शिक्षकों एवं तदर्थ शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में राकेश प्रताप सिंह, तदर्थ शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव सुशील शुक्ला, जिलाध्यक्ष वित्तविहीन शिक्षक संघ के रोहित मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक गुरु प्रसाद तिवारी,तेज बहादुर सिंह, प्रबंधक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र प्रताप शुक्ला, उमानाथ शुक्ला, कार्तिक श्रीवास्तव,अजय वर्मा, महादेव यादव, राम प्रसाद यादव मौजूद रहे। इनायत नगर के ओम सत्यनाम कोटवा धाम शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान में सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में मंत्री जे पी एस राठौर, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, उपस्थित रहे। बैठक में सभी सहकारी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व डेलीगेट 21 जनवरी को बैठक कर अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर जनता से संपर्क व संवाद करेंगे। बैठक में संयोजक अंकित दुबे मुन्ना सिंह, ओम प्रकाश सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, संतोष सिंह, ऋषिकेश वर्मा, राम मोहन भारती आदि उपस्थित थे।

## लेखपाल की कार का शीशा तोड़ दस्तावेज व नकदी चोरी

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र केक नियावां चैराहे के पास स्थित एक शोरूम के पास खड़ी लेखपाल की कार का शीशा तोड़कर चोर उसमें रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज व पांच हजार रुपए चुरा ले गए।रामपथ पर हुई घटना से हड़कंप मच गया। हालांकि चोर सीसीटीवी में कैद हो गए।आदर्श नगर देवकाली निवासी पुनीत सिंह सदर तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार की शाम तहसील से निकलकर नियावां स्थित एक शोरूम के पास अपनी कार खड़ी कर चाय पीने के लिए गए थे। रात करीब 8:45 बजे वह लौटकर आए तो देखा कि उनकी कार का शीशा टूटा था व उसमें रखा उनकी भतीजी के कापी किताब का बैग, तहसील के आवश्यक दस्तावेज व करीब पांच हजार रुपए गायब थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी को चेक किया तो चोर कार से सामान निकालकर ले जाता दिखा।थाना कैंट प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज जांच की जा रही है।सीसीटीवी के आधार पर चोर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## आज कारागार मंत्री जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का करेगे निरीक्षण

**बाराबंकी।** कारागार राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री सुरेश राही का द्विदिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 20 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे आगमन होगा। जनपद भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री ग्राम बलछत विकासखंड हरख के पास आश्रय स्थल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेरा विकासखंड हरख, कंपोजिट विद्यालय बरायन, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) बरायन पेयजल योजना, ग्राम पंचायत कोलागहबड़ी के अमृतसरोवर एंव पुलिस लाइन में 100 व्यक्तियों हेतु हॉस्टल/बैरक के निर्माण का निरीक्षण करेंगे।प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम चांदपुर, ग्राम पंचायत बरायन में स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा ग्राम चैपाल में प्रतिभाग करेंगे। जनपद भ्रमण के द्वितीय दिवस 21 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से जनपद स्तरीय समस्त अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।

## चेकिंग अभियान के दौरान पीटीओ ने वाहन चालकों को दिये टिप्स



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहें सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने शहर के मुख्य चैराहों, मार्गो पर ओवरलोड़, रॉग साइड, हेलमेट-सीटबेल्ट, मोबाइल इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज रविवार को यात्री/मालकर अधिकारी ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे समेत शहर के मुख्य चैराहो, मार्गो पर 3 ओवरलोड़ चालान 1 सीज, 7 रॉग साइड व 10 बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, मोबाइल प्रयोग करने वालें वाहन चालकों पर कार्यवाही कर ई-चालान किये।इस दौरान पीटीओ श्री त्यागी ने वाहन चालकों कों सफर करते समय सीटबेल्ट, हेलमेट, मुडते समय इंडीकेटर, ट्रैक्टर व ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप, मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड़िग न करने को लेकर जागरुक भी किया।

# बारुन बाजार व कुरावन की टीमों ने जीता मैच



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** क्षेत्र में रविवार को करमडांडा खेल मैदान पर शुरू हुई ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में बारुन बाजार और कुरावन की टीमों ने अपना मैच जीत कर टूनामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया।क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा ने किया।पहले मैच में बारुन बाजार की टीम ने पाठक का पुरवा को चार विकेट से हराया। इस मैच में आयुष श्रीवास्तव मैन ऑफ द मैच रहे।प्रतियोगिता के दूसरे मैच का शुभारंभ क्षेत्रीय समाजसेवी पंकज कौशल ने किया इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला भी बढ़ाया।इस मैच में कुरावन की टीम ने एक तरफा मुकाबले में डड़वा को 27 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।इस मैच में रमन ओझा मैन ऑफ द मैच रहे।इस मौके पर प्रमुख रूप से सप्तदीप चैहान,मोनू खान,रोहित शर्मा,निरंजन यादव,नवीन खान,शहजाद खान,निर्मल यादव समेत सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# योजनाओं से गरीबों के चेहरे पर आयी है मुस्कानः लल्लू सिंह

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा द्वारा जनचैपाल का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत कुमारगंज के रतापुर, गढ़ौली, खांडसा पूरे बली, पूरा उर्फ सुमेरपुर, पाकड़पुर में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने जनचैपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामनगरी के विकास में पौराणिता तथा आध्यात्मिकता का भी समावेश किया गया है। सरकार ने श्रद्धालुओं व पयर्टको के सुविधा के लिए चैड़ी सड़के, रेलवे ओवर ब्रिज, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट का निर्माण किया है।उन्होंने बताया कि योजनाओं की श्रृखलाओं से गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। डबल इंजन की सरकार में महिलाओं का उत्थान हुआ है, श्रमिकों का सम्मान हुआ है किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। युवाओं को नए अवसर मिले है।मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह,



परशुराम पांडे, संतोष पांडे, ज्ञान प्रकाश ओझा, रंजीत पांडे मौजूद रहे।महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा-परसवा में चैपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाने के साथ सर्वांगीण विकास की पटकथा लिखी गयी।समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित करके उनकी जरुरतों को पूरा किया गया।सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया गया है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलते हुए अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति सरकार संकल्पित है।सरकार ने शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में कई कार्य किये है। गरीबों, मजदूरों व किसानों को समृद्ध करने हेतु सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं दी है। मौके पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नाइट क्रिकेट लीग में फाइनल मैच जीत पुलिस इलेवन टीम बनी विजेता



**बाराबंकी।** के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में कर्मचारी/अधिकारी रात्रि सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल टूनार्मेन्ट पुलिस इलेवन, कमेटी इलेवन व बार एसोसिएशन टीम के बीच खेला गया।फाइनल क्रिकेट मैच में पुलिस इलेवन टीम मे शानदार प्रर्दशन कर विजय हासिल की।टूनार्मेन्ट मे हे0का ज्ञानेन्द्र सिंह को मैन आफ द मैच बने।आज रविवार को पुलिस लाइन मैदान मे विजयी पुलिस इलेवन टीम का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।जिसमे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस इलेवन टीम को ट्राफी सौपते हुये बधाई दी।

## 5 जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 5 अभियुक्त मो0 असलम पुत्र मो0 गयास, साहबे आलम पुत्र मो0 जमील निवासीगण मो0 कचेहारन निवासी मो0 कचेहरान-1 कस्बा व थाना देवा, पवन पुत्र खलील, फूलचन्द्र पुत्र खलील निवासीगण मानपुर थाना कमलापुर, सीतापुर, कल्लू पुत्र बृजलाल निवासी मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात, सीतापुर को ताश के 52 पत्ते, मालफड़, जामातलाशी के कुल 1240 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## अपहृत सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 07/2025 धारा 87/137(2) भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित 1 अपहता को सकुशल बरामद किया।

## 20 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 6 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 20 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

# बाघ के हमले में किसान की मौत

**बहराइच।** जिले के रमपुरवा बनकटी गांव निवासी एक किसान खेत की रखवाली के लिए गया था तभी अचानक खेत पर आए बाघ ने हमला कर दिया। घटना की जानकारीसुबह किसान का क्षत विक्षत शव जंगल के निकट पाए जाने से इलाके में कोहराम मच गया। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रमपुरवा के मजरा बनकटी

- जंगल के निकट क्षत विक्षत हालत में मिला शव



गांव निवासी शिवधर चौहान (55) हर रोज की तरह शनिवार शाम को वह खेत की रखवाली करने के लिए गए हुऐ थे।

लेकिन जब देर रात तक शिवधर वापस घर नहीं लौटे।इस पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं रविवार सुबह परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों ने शिवधर की खोजबीन की तो किसान का क्षत विक्षत शव जंगल के निकट पड़ा मिला।बाघ ने किसान के चेहरे और शरीर के अन्य भाग को खा लिया। खून से लतपत शिवधर की लाश को देखकर परिवार के लोगो मे हाहाकार मच गया। परिवार के लोगों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी थी।किसान के क्षत विक्षत शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि किसान की बड़े जंगली जीव के हमले में मौत हुई है। फिलहाल बाघ और तेंदुआ के पद चिन्ह की जांच की जा रही है।प्रथम दृष्टया बाघ का ही हमला है।उधर वन क्षेत्राधिकारी ने मृतक के परिवार को पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है।निरंतर हो रहे हमलों से गांव के लोगों में नाराजगी है। सभी ने सुरक्षा की मांग की है।

# चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों पर चलाई गोली, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** थाना पूराकलंदर पुलिस ने रविवार सुबह अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर भरतकुंड के पास वाहन चेकिंग के दौरान फायर कर भाग रहे पिकअप सवार दो युवकों को दबोचा।इनके पास से दो तमंचा-कारतूस, फर्जी

- दो तमंचा-कारतूस, फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अवैध अभिलेख बरामद

आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य अवैध अभिलेख बरामद हुए है।दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है, इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह भदरसा पुलिस चैकी प्रभारी कमलेश साहनी अपनी टीम के साथ भरतकुंड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।इस दौरान सुल्तानपुर से अयोध्या की ओर जा रहे पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार दो युवकों ने पुलिस पर फायर कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।आरोपियों की पहचान प्रवीण



कुमार निवासी ग्राम संडवां थाना मवई जनपद अयोध्या व विकास वर्मा निवासी ग्राम सैदखान पुर खजुरिहा थाना दरियाबाद जनपद बारांबकी के रूप में हुई।बताया कि दोनों शातिर अपराधी हैं।दोनों के खिलाफ अलग अलग थानों में करीब 12 केस दर्ज हैं।इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है।आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

## बकाया कर जमा कर छूट का लाभ उठायें वाहन स्वामीः एआरटीओ

**बाराबंकी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि वाहनों के बकाया टैक्स मे पेनाल्टी मे 100 प्रतिशत छूट देने के लिए वाहन स्वामियो हेतु एकमुश्त समाधान योजना शुरू की गई है।जोकि 6 फरवरी तक चलेगी।जबकि योजना समाप्त होने में अब 17 दिन बचे हैं।योंजनान्तर्गत अगर वाहन स्वामी योजना का लाभ नहीं उठा पाते तो उन्हें टैक्स बकाया के रूप में पूरी धनराशि जमा करनी पड़ेगी।योजना के तहत वाहन स्वामी जिनके व्यवासायिक वाहन के खिलाफ टैक्स बकाया हैं।और टैक्स के भुगतान में देरी पर लगने वाली पेनाल्टी (शास्ति) में छूट चाहते हैं।तो ओटीएस योजना का लाभ उठाये।उन्होने आगे बताया कि वाहन स्वामी उप सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर निर्धारित शुल्क जमाकर पंजीकरण कराये।पंजीकरण के बाद बकाया कर पर लगने वाला पेनाल्टी (शास्ति) अदेय कर दिया जाएगा और बकाया टैक्स की धनराशि एकमुश्त जमा कराई जाएगी।

## कक्षा पांच तक के सभी स्कूलों में 25 तक रहेगी छुट्टी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की ओर से रविवार को आदेश जारी कर प्री प्राइमरी से कक्षा पांच तक के बच्चों की छुट्टी बढ़ा कर 25 जनवरी तक कर दी गई है।जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत शीतलहर और सर्दी को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी बोर्ड के स्कूलों में कक्षा 5 तक के लिए आगामी 25 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है।इसके अलावा कक्षा छह से कक्षा 12 तक की कक्षाएं प्रातः 10 बजे से से तीन बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

# पेट्रोल पंपों पर लगेंगे नो हेलमेट-नो फ्यूल के बोर्ड

**अयोध्या।** सड़क हादसे को लेकर गंभीर योगी सरकार के आदेशों का अमल जिले में भी शुरू हो गया है। इसके लिए जिले के सभी पेट्रोल पंपों को सात दिन के भीतर नो हेलमेट-नो फ्यूल का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है।इसके साथ ही यह आदेश जारी कर दिया गया है कि 26 जनवरी से किसी भी बाइक सवार को बिना हेलमेट पेट्रोल न दिया जाए। इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल प्रदेश में हो रहे सड़क हादसे को लेकर योगी सरकार गंभीर हो गई है। आठ जनवरी को परिवहन आयुक्त की तरफ से इस संदर्भ में पत्र भी जारी किया गया, जिस पर अमल करने के लिए जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति विभाग को निर्देशित किया था।विभाग की ओर से जिले के सभी पम्प चालकों को नो फ्यूल-नो हेलमेट का बोर्ड लगाने को निर्देशित किया गया है। जिलापूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने बताया कि सभी पेट्रोल पम्प पर आगामी 7 दिवस में डीजल/पेट्रोल पम्प परिसर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाना सुनिश्चित




करें कि 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक ने हेलमेट न पहना हो।यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रहे, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। इन प्रावधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दंडनीय है। इसमें जुमार्ने का प्रावधान रहेगा।

# प्रो.के.एम. सिंह अध्यक्ष और अमित मिश्र बने मंत्री



**अयोध्या।** प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट शाखा अयोध्या की बैठक में सर्वसम्मत से अध्यक्ष प्रोफेसर के एम सिंह महामंत्री अमित कुमार मिश्र उपाध्यक्ष मनोज पांडे, कृपा शंकर तिवारी, प्रदीप पाठक, विवेकानंद पांडे, प्रशांत शुक्ला, संयुक्त मंत्री नरेंद्र देव पांडे, राजेश कपूर, बृजेश कुमार, अजय कुमार त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी ,पवन निषाद, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल कार्यकारिणी के सदस्य जेपी तिवारी, वी एन दास, त्रियुग नारायण तिवारी, जयप्रकाश सिंह, त्रिलोकी नाथ दुबे, ओम प्रकाश सिंह, नाथ बख्श सिंह, मधुकर पांडे, कृपा शंकर पांडे, इन्द्र भूषण पांडे, बृजेश कुमार सिंह बनाए गए। अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष कृपा शंकर पांडे एवं एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर के एम सिंह के साथ एन यू जे के राष्ट्रीय महामंत्री चुने जाने त्रियुग नारायण तिवारी को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष प्रो. केएम सिंह ने हर प्रकार का सहयोग प्रेस क्लब और पत्रकारों को देने का आश्वासन दिया। महामंत्री अमित कुमार मिश्र ने भी संगठन को मजबूत करने और पत्रकार के लिए लड़ाई लगने का आश्वासन दिया। बैठक में संजय रस्तोगी, राजेश पांडे, आनंद स्वरूप गौड, जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लकी ड्रा प्रतियोगिता में रौनक को मिली नई कार

**अयोध्या।** किसना डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी हरे कृष्णा ग्रुप का अग्रणी ब्राड ने शुक्रवार को किसान गोल्ड एवं जैवलरी शॉप अयोध्या ने होटल शाने अवध में अपनी शॉप एंड विनर कार प्रतियोगिता के लकी ड्रा विजेता की ग्रैंड घोषणा सफलतापूर्वक आयोजित की । यह आयोजन उत्साहपूर्ण रहा और ग्राहकों की




- किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने शॉप एंड विनर कार ऑफर में बांटी खुशियां

उपस्थिति खुशियों से भरपूर था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लकी विजेता रौनकी की घोषणा थी जिनका कूपन न. एफ007के598 था।जिन्होंने उपहार के रूप में एक कार जीती। ग्राहकों की खुशी और तालियों ने इस पल को सभी के लिए यादगार बना दिया।

किसनरा शोरूम के संचालक प्रमोद धवन ने अपनी भावना व्यक्त की और कहा कि हम किसना के साथ इस रोमांचक यात्रा का हिस्सा बनकर खुश है। यह हमारे ग्रहकों के साथ जुड़ने और उनकी खुशी देखने का शानदार अवसर रहा। विजेता को बधाई और भविष्य में और ऐसेक आयोजन करने के लिये उत्साहित है।

हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि किसना ने हमारे अपने ग्राहकों को उनकी निष्ठा और समर्थन के लिए धन्यवाद देने में विश्वास करते है।शॉप एंड विन कार प्रतियोगिता उनके विश्वास और प्यार के प्रति हमारी सराहना का प्रतीक है।रौनक को ग्रेंड प्राइज जीतने के लिए बधाई और हम सभी ग्राहकों को उनके उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए धन्यवाद देते है। कार्यक्रम का समापन उत्सहपूर्ण माहौल में ग्राहकों केसाथ हुआ।

## मरी माता मंदिर पर भण्डारे का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** नाका तिराहा स्थित मरी माता मंदिर में महाकुम्भ, गणेश चतुर्थी लोहड़ी, खिचड़ी पर्व पर भन्डारा का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी चंचल दास ने बताया कि साल के प्रथम पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया है मन्दिर को फूलो से सजाया गया है इसके बाद आरती हवन पूजन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रताप सिंह रामदास वर्मा उग्रसेन मिश्रा रविंद्र त्रिपाठी रोहिताश चंद्र राजू रोहित सुधीर पांडे प्रेम पांडे आकाश शालू सुमन आदि ने प्रसाद वितरण किया।



संक्षेप

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

**अमेठी ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत को उ0नि0 संजय सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुशील कुमार मिश्रा पुत्र शिवशंकर मिश्रा निवासी खजूरी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को सराय बरबण्ड मेला के पास से समय करीब 12.15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी भोज

**रायबरेली।** लालगंज कस्बे के बरदाही मोहल्ला स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर परिसर में रविवार को आरएसएस के की ओर से खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जिला संघचालक रामचरन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता आती है।समरसता से समाज संगठित होता है। संगठित समाज संगठित देश का निर्माण करता है।वर्तमान समय में देश के भोले भाले हिंदुओं को बरगला कर उन्हें मतांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है।कहा कि उपासना पद्धति के बदलने से विचारधारा बदलती है।विचारधारा में बदलाव आने पर मतांतरण होता है, जिसके सहारे ही राष्ट्रांतरण संभव है। कुछ समय पहले तक क्रिस्चियन मिशनरियां देश के पूर्वांचल क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक हिंदू आबादी को बरगला लिया था।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनुसांगिक संगठनों की ओर से चलाए जा रहे तमाम सेवा कार्यों के जरिए सारे समाज को एक साथ जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक आशुतोष, सह जिला कार्यवाह राकेश, शीतला प्रसाद, सतीश त्रिवेदी, रवी बाजपेई, सचिन रस्तोगी, राणा प्रताप गुप्ता, इंद्रेश सिंह, शिवम गोलू गुप्ता, गौरव शुक्ला, राजेश सोनी, भास्कर सहित खाटू श्याम शाखा के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन

**रायबरेली।** लालगंज कस्बे के बाईपास रोड पर डिवाइन लाइट इंग्लिश स्कूल परिसर में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की नगर इकाई का गठन हुआ।जिसमें सर्वसम्मति से सतीश महाजन को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा राघवेंद्र सूर्यवंशी, शिवम गुप्ता और महेश सोनी को उपाध्यक्ष बनाया गया।राहुल अग्रहरि और अर्पित गुप्ता को महामंत्री का दायित्व दिया गया। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई दीपेंद्र रस्तोगी को संगठन में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। ओम प्रकाश गुप्ता, अनिल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, विमल गुप्ता व अशोक गुप्ता संगठन में संरक्षक का दायित्व संभालेंगे।अपने मनोनयन पर श्री महाजन ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में वह हर संभव प्रयास करेंगे।युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा।कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता ने किया।

# सांसद के भेजे गये कंबलों का अतुल सिंह ने किया वितरण



**रायबरेली।** सांसद राहुल गाँधी द्वारा भेजे गए कंबल का वितरण कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह द्वारा जगतपुर के समाचार पत्र वितरकों (हॉकर) को एवं जरूरतमंदों को किया गया। श्री सिंह ने जगतपुर के पत्रकार बन्धुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा करना हम सबका कर्तव्य है, यही सबसे बड़ी पूजा होती है। राहुल गाँधी, प्रियंका गांधी यहाँ की जनता की लगातार चिंता करते है,उनका प्रयास है कि जनता जनार्दन को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता का विकास करना हमारी प्राथमिकता है, छुट्टा जानवरों से हमारा किसान परेशान है, इसको कोई देखने सुनने वाला नहीं है। पत्रकार समाज का आइना होता है,सरकार को पत्रकारों की हर सुख सुविधा का ध्यान देना चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिपं सदस्य राकेश सिंह राना, जिला सचिव शैलेन्द्र सिंह, रामदत्त पांडेय, अनिल यादव, अभय सिंह, अजय सिंह, अजीत सिंह, रमेश गौतम, राकेश पटेल, गोलू अग्रहरि, अनुराग गुप्ता, भोला साहू, रमेश यादव, शिव आधार द्विवेदी, राघवेंद्र शुक्ल, सुनील सिंह, सत्यम तिवारी, इंद्रेश कुमार, राजकुमार, जगदेव, प्रमोद मौर्या आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आशू सिंह ने मऊ गांव में बांटे 500 कंबल

**महराजगंज, रायबरेली।** हांड़ कंपाती ठंड में लोगों को राहत दिलाने हेतु क्षेत्र के मऊ गांव में समाजसेवी व प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष प्रताप उर्फ आशु सिंह ने 500 गरीबों को निशुल्क कंबल बांटे।बताते चले कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनवरी माह में मऊ गांव निवासी समाजसेवी व गरीबों के सुख दुख में हमेशा शरीक रहने वाले आशुतोष प्रताप सिंह उर्फ आशु सिंह ने क्षेत्र के महबूबगंज जियापुर शिवगढ़, रानी का पूर्वा, दुबे की बाजार मजरे मऊ गांव में लगभग 500 कंबल वितरित किए तथा हर वर्ष हजारों कंबल वितरण का कार्यक्रम पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह व उनके छोटे भाई आशु सिंह द्वारा किया जाता रहा है।जिसके तहत कल शनिवार से कंबल वितरण कार्यक्रम का आगाज कर दिया गया है तथा गांव सहित क्षेत्र के हर पात्र व्यक्ति को कंबल दिया जाएगा।इस मौके पर भेलई मौर्य, मोहम्मद महफूज, अशोक कोरी, राजू नाई, माता प्रसाद, रतीपाल, दीपू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के आलमपुर बूथ पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना और कार्यकर्ताओं से पीएम के विचारों को आत्मसात कर जनता के बीच कार्य करने का आह्वान किया।भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत के संविधान को धर्म संस्कृति और ज्ञान से ओतप्रोत बताया।इसके अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस व निर्वाचन आयोग की सुचिता के प्रति भी आभार जताया। महाकुंभ को भी प्रधानमंत्री ने अविकल्पनीय बताया, कहा कि महाकुंभ समरसता समता का संगम है।अमीर गरीब सभी संगम में डुबकी लगाते हैं तभी तो महाकुंभ एकता का संगम कहा जाता है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को पुनर प्रतिष्ठा की द्वादशी बताया और लोगों से अयोध्या धाम के दर्शन करने की अपीलकी। साथ ही प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों के महत्व के बाबत चर्चा करते हुए अंतरिक्ष की उपलब्धता की भी चर्चा की। भारत को संस्कृति व विरासत का देश बताते हुए कहा कि हम पुरातन काल से अपने आसपास के जीव जंतु की भी रक्षा करते आ रहे हैं। स्टार्टअप योजना से भी लोगों के लाभान्वित होने की प्रधानमंत्री ने बिस्तार से चर्चा की और बेटियों की भागीदारी पर प्रसन्नता जताई।साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से नेक नियत, निस्वार्थ भावना के साथ समाज के बीच कार्य करने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम का संयोजन शक्ति केंद्र संयोजक श्याम प्रसाद दीक्षित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मौके पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, आशुतोष दीक्षित, पंकज कुमार, अमित कुमार, हिमांशु, सोनू सिंह, प्रिंस, दुर्गा दत्त शुक्ला, अशोक सिंह, राम प्रकाश, राम शंकर, अचिन अवस्थी, अवधेश सविता आदि मौजूद रहे।

### दीप प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकताओं को जाड़े के मौसम में शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान भाजपा में ही है। भारतीय जनता पार्टी ही कार्यकर्ता आधारित पार्टीहैं। उन्होंने सदैव कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है और आगे भी करते रहेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी भी कार्यकर्ताओं को ही सर्वोपरि मानते हैं।

# एकता व समरसता का संदेश है कुंभ



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग ने कुंभ का शैक्षिक निहितार्थ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने कुंभ के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्रबंधन पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।संगोष्ठी में मारुत कुमार ने कुंभ के आर्थिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।साक्षी सिंह ने कहा कि कुंभ हमारी संस्कृति के संरक्षण और प्रसार का माध्यम है। आस्था यादव ने कुंभ को आत्ममंथन और एकता का प्रतीक बताया। अनुभवी सिंह ने इसे समरसता का अद्भुत उदाहरण कहा।हिमांशु सिंह ने इसके आध्यात्मिक लाभ और मानव जीवन में ऊर्जा संचार के महत्व पर चर्चा की।डॉ. संतोष सिंह अंश ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसमें पौराणिक, खगोलीय और वैज्ञानिक पहलू भी छिपे हैं।उन्होंने बताया कि कुंभ आत्मशुद्धि और आत्मावलोकन का अवसर प्रदान करता है।कुंभ से हम विविधता में एकता, सेवा भाव और कुशल प्रबंधन की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।कार्यक्रम में डॉ. सीमा सिंह ने कुंभ को युवाओं में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने वाला बताया।शांतिलता कुमारी ने कहा कि कुंभ मानव शरीर और ब्रह्मांड के संतुलन का समय है।बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुंभ शिक्षा के ज्ञानात्मक, भावात्मक और क्रियात्मक उद्देश्यों की पूर्ति करता है।संगोष्ठी का संचालन आभा शर्मा ने किया।

## बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े ट्रेलर से भिड़े तीन डीसीएम व कार, चालक की मौत, तीन गंभीर

**अमेठी ।** जिले में रविवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ।हाईवे की बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े एक ट्रेलर में पीछे से एक-एक करके तीन डीसीएम और एक कार भिड़ गई।इस हादसे में एक डीसीएम चालक की मौत हो गई।गंभीर रूप से घायल तीन चालकों को जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यह हादसा लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कमरौली थाना क्षेत्र में बीएचईएल फैक्ट्री के पास की रेलवे क्रॉसिंग हुआ है।रविवार तड़के करीब 4 बजे क्रॉसिंग बंद थी।इस कारण एक ट्रेलर खड़ा था।ट्रेलर के पीछे से एक-एक करके तीन डीसीएम आकर भिड़ गए।इसके बाद एक कार भी टकरा गई।इस हादसे में एक डीसीएम चालक रोहित पांडेय, दूसरे का चालक जितेंद्र सिंह, तीसरे का चालक रोहित यादव और कार चालक गुलजार निवासी संभल गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जगदीशपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डीसीएम चालक रोहित पांडेय की मौत हो गई।गंभीर रूप से घायल तीन अन्य का इलाज चल रहा है।इस हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।पुलिस ने क्रेन की मदद से छतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर वाहनों का आवागमन शुरू करवाया।

# शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने आये हुए षिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के भविष्य को संवारने के लिए समर्पित पूज्य शिक्षकों को सम्मानित करने और उनसे आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिक्षक केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज के निर्माण की नींव है।एक शिक्षक न केवल शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का प्रकाश फैलाता है, बल्कि अपने उत्कृष्ट कार्यों और समर्पण से समाज को सुदृढ़ और समृद्ध बनाने में अमूल्य योगदान देता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी, जिला संयोजक श्रवण कुमार अवस्थी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, राजेंद्र बहादुर सिंह, चंद्र प्रकाश पाण्डेय, नरेंद्र सिंह सहित प्रधानाचार्य, सेवानिवृत शिक्षक व कार्यरत शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार से अभद्रता करने वाले चौकी इंचार्ज पर नही हुई कार्रवाई तो मुख्यमंत्री से की जाएगी शिकायत : जिलाध्यक्ष

**सरहरी,गोरखपुर।** पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की तहसील इकाई सदर की मासिक बैठक रविवार को सरस्वती देवी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चकिया में तहसील अध्यक्ष राजेश पांडेय की अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रमुख रूप से सदस्यों की समस्याओं तथा संगठन की मजबूती के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई।साथ ही तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय के साथ सरहरी चौकी प्रभारी द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर पीपीए के जिला अध्यक्ष अवधेश दुबे के साथ एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर एक शिकायती पत्र दिए जाने के बाद आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। पीपीए जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि समस्याओं से घबराने की जरूरत नहीं है संगठित रहने से हर समस्याओं का समाधान मिलेगा।तहसील अध्यक्षता से अभद्रता की शिकायत पर अगर अधिकारी कार्रवाई नही करते है तो पीपीए का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से शिकायत करेगा।

# पीडीए की मजबूती ही संविधान को बचा सकती है : सपा प्रदेश अध्यक्ष

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** पीडीए की मजबूती ही संविधान व लोकतंत्र को बचा सकती है।हमें ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो संघर्ष कर सके और परिणाम हासिल कर सकें।हमारी सरकार में ही बच्चियों एवं महिलाओं को सम्मान मिला और शिक्षा तथा राजनीति के क्षेत्र में भी वह अपना मुकाम हासिल कर पाई।प्रदेश की बालिकाओं के लिए जो सपा सरकार ने किया वह अभी तक किसी सरकार ने नहीं किया।उक्त बातें लंभुआ क्षेत्र के श्रीरामपुर चैराहे पर आयोजित समाजवादी प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कही।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव नवनीत यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल एवं इंटर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 49 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र व साइकिल भेंट की।



उन्होंने कहा कि सपा ने प्रदेश की बालिकाओं को बहुत कुछ दिया और वर्ष 2027 में सत्ता परिवर्तन के बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनने वाली सपा सरकार में बालिकाओं के कल्याण के लिए ढेर सारी योजनाएं प्रस्तावित हैं। सपा सरकार ने ही बालिकाओं को कन्या विद्या धन तथा छात्र-छात्राओं को उनके पढ़ने के लिए लैपटॉप वितरित किया था।उन्होंने कहा कि अगर लोकतंत्र व संविधान बचाना है तो वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए पीडीए को मजबूत होना होगा।सपा के कार्यकाल में ही राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया और उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर प्रदान किया गया।भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है।सबसे ज्यादा सम्मान महिलाओं को सपा के कार्यकाल में मिला। कार्यक्रम की शुरूआत में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पृथ्वी पाल के आवास पर सपाईयों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## चाचा नेहरू विद्यालय को 12वीं तक मिली अंग्रेजी माध्यम से मान्यता

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षा क्षेत्र कूरेभार के मीरामानिकपुर में संचालित चाचा नेहरू विद्यालय को सरकार द्वारा हाईस्कूल से इंटरमीडिएट तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण कार्य के लिए मान्यता प्रदान की गई।जिससे क्षेत्रवासियों, छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार में खुशी की लहर छा गई। माध्यमिक शिक्षा परिषद (उ.प्र.) इलाहाबाद द्वारा अंग्रेजी माध्यम से हाई स्कूल में सभी अनिवार्य विषय कक्षा छ से लेकर कक्षा- 10 तक तथा इंटर मीडिट की परीक्षा के लिए (वैकल्पिक विषय) अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, नागरिकशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, अर्थ शास्त्र एवं कला तथा (वैज्ञानिक वर्ग) नवीन में गणित, भौतिकविज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्रदत्त की गई।जिससे क्षेत्र के साथ साथ विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है।विद्यालय प्रबंधक-मिर्जा अल्ताफ वेग ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों तथा शुभचिंतकों को धन्यबाद ज्ञापित करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# विवेक नगर की गलियों का नामकरण, शास्त्री नगर की गलियों का नाम हुआ 'शास्त्री पथ'



**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रयागराज मार्ग स्थित सीतापुर सुंदरदेवी नेत्र चिकित्सालय से सरस्वती विद्या मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर तक जाने वाले मार्ग का नामकरण भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम पर ह्यशास्त्री पथह्ल रखा गया। इसका लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने प्रदेश मंत्री भाजपा शंकर गिरि और वार्ड सभासद रेनू सिंह व कंचनलता की उपस्थिति में पं. रमाकांत पांडेय द्वारा विधिवत पूजन कराकर किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले विवेक नगर चैराहे से जुड़े तीन वार्डों के मुख्य मार्ग का नाम ह्यअटल पथह्ल रखा गया था और उसके दोनों तरफ की 39 गलियों को लेन नंबर देकर साइनेज बोर्ड स्थापित किए गए थे। उसी तर्ज पर अब शास्त्री पथ का नामकरण करते हुए घोसियाना और शास्त्री नगर वार्डों की 22 गलियों का लेन नंबर निर्धारित किया गया है। मुख्य अतिथि शंकर गिरि ने नगर पालिका की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस मॉडल को वाराणसी में भी लागू कराने का प्रस्ताव रखने की बात कही। कार्यक्रम में सभासदगण और स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल को सराहा। सभासदों ने कहा कि गलियों को लेन नंबर देने से अब स्थानीय जनता और बाहरी लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।इस मौके पर सभासद देवानन्द, मंगरू प्रसाद प्रजापति, रमेश सिंह ह्यटिन्नूह्ल, मो अहमद, मो जाहिद, मो अफजल अंसारी, दिनेश चैरसिया, विजय कुमार जायसवाल, संजय कप्तान, अरविन्द यादव, राजू पीको, अखिलेश मिश्र तथा भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, मोहित साहू, डा. अरविन्द कुमार सिंह, सीएल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति व ग्राम पंचायत की चौपाल संपन्न

**नसीराबाद, रायबरेली।** रविवार को मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत थाना नसीराबाद के थाना प्रभारी कमलेश कुमार और ग्राम प्रधान राजाराम यादव द्वारा कान्हा गौशाला कुंवर मऊ में चैपाल का आयोजन किया गया। शक्ति दीदी महिला कांस्टेबल आकांक्षा यादव द्वारा पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नम्बरों और पिंक बूथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति को और सक्रिय होना होगा। पुलिस रातों दिन आपकी सेवा के लिए तत्पर है।पुलिस गश्त के बावजूद क्षेत्र मे चोरियां हो जाती हैं इसलिए हम आप मिलकर इस कठिनाई से निपटें। इसके पूर्व प्रधान राजाराम यादव ने सभी अतिथियों और माल्यार्पण और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया।उन्होंने कड़ाके की ठंड में ठिठुरते रहे ग्राम पंचायत के आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर महिलाओं और पुरुषों को करीब 500 वृद्ध पुरुष महिलाओं को कंबल बांटे। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल गये।ग्राम प्रधान राजाराम यादव ने कहा गरीब, असहाय लोगों की मदद करना सबसे बडा पुन कार्य होता है।कार्यक्रम का संचालन धर्मराज यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से राम सुख, राम मूरत, छोटेलाल, ओरिएंटल बैंक के सेवानिवृत्त डायरेक्टर अक्षयवर सिंह, मोहम्मद सईद, चैतन्य सिंह भदौरिया, राम सुख यादव, सतीश चन्द्र पांडेय, विरला तिवारी, राम मूरत पांडेय, रज्जन सिंह, सुमन यादव, शत्रोहन सिंह, रज्जन सिह, राम बरन, कांस्टेबल,शुभम यादव, महिला कास्टेबल सोनम आदि मौजूद रहे।

## आरोग्य मेले में दो हजार से अधिक मरीजों का हुआ इलाज,22 रेफर



**अमेठी।** जन आरोग्य मेले में आए दो हजार से अधिक महिला,पुरूष व बच्चों का उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से ग्रसित 22 मरीजों को संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।मेले के कुशल संचालन का जायजा लेने के लिए सीएमओ ने भ्रमण कर निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कई मरीजों का परीक्षण कर दवा उपलब्ध कराया। रविवार को जिले के सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने जामो ब्लाक के नंद महर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मेले का निरीक्षण किया।इस दौरान 42 मरीज देखे गए व 22 की जांच कराई गई थी। सीएमओ ने खुद कई मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवा उपलब्ध कराया। वहीं डॉ. पीतांबर कनौजिया ने जेठू मवई मेले में तमाम मरीजों का उपचार किया। स्वास्थ्य मेले में 1048 पुरूष,1059 महिला व 380 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उपचार किया गया।22 रोगियों में गंभीर लक्षण दिखाई देने पर संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। मेले में 50 लाभार्थियों का प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाया गया।मेले को सुचारू रूप से सकुशल संपन्न कराने के लिए सीएमओ ने 60 चिकित्सक व 272 अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी थी।सीएमओ ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सेवा का लाभ उपलब्ध हो रहा है।

# होम्योपैथिक विधा से होगा इमरजेंसी मरीजों का इलाज

- जिले में खुल रहा है होम्योपैथिक आईसीयू

**रायबरेली।** ब्रेन हैमरेज, कालरा जैसी बीमारियों से अब होम्योपैथिक विधा से भी तात्कालिक लाभ मिल सकेगा। जिले के होम्योपैथी के लब्ध प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर राजीव सिंह के निपुण एवं दक्ष अनुवीक्षण में होम्योपैथिक गहन चिकित्सा संस्थान का शुभारंभ 22 जनवरी से संपर्क होगा। इस होम्योपैथिक गहन चिकित्सा संस्थान में बुखार से लेकर एक्सीडेंटल इमरजेंसी जैसे मरीजों का इलाज होम्योपैथी विधा से किया जाएगा। रघुकुल होम्योपैथिक गहन चिकित्सा इकाई एवं नारी चिकित्सा अवेक्षा केंद्र के डायरेक्टर डॉक्टर राजीव सिंह ने बताया कि अभी तक आम जनमानस में होम्योपैथिक इलाज को लेकर तमाम भ्रांतियां हैं जैसे होम्योपैथिक दवाओं का असर धीरे-धीरे होता है व होम्योपैथी इलाज इमरजेंसी में कारगर नहीं है। इन्हीं भ्रांतियों को चुनौती के रूप में लेकर मैं इमरजेंसी ट्रामा सेंटर की तर्ज पर होम्योपैथिक गहन चिकित्सा इकाई शुरू करने का प्लान किया है ताकि लोगों को बिना साइड इफेक्ट के बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके। डॉक्टर सिंह ने बताया कि हमारे संस्थान में जुकाम, बुखार, कालरा, शुगर, बीपी, थायराइड के साथ-साथ महिला रोग जनित बीमारियों, प्रेगनेंसी मैनेजमेंट का इलाज किया जाएगा।साथ ही इमरजेंसी सेवाओं में चोट, प्लास्टर, हडिडयों का फ्रैक्चर, डेंगू, मलेरिया जैसी वायरल जनित बीमारियों का भी इलाज एलोपैथिक तर्ज पर किया जाएगा।इससे बिना साइड इफेक्ट के मरीज ठीक हो जायेंगे।

# कमजोर फेफड़े वालों के लिए मुसीबत बनी सर्दी

- बढ़ रहे पीड़ित, मेडिकल कालेज में इलाज व दवाओं की सुविधा निःशुल्क

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सर्दी के कारण फेफड़े के रोगियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। जकड़न तथा सांस लेने में तकलीफ के कारण 70 से अधिक मरीज मेडिकल कालेज के अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से कई मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। चिकित्सक ऐसे मरीजों को जाड़े भर विशेष सावधानी बरतने की चेतावनी भी दे रहे हैं।

मेडिकल कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा वरिष्ठ फिजीशियन डा. एसके यादव की ओपीडी में एक घंटे में करीब आठ लोग फेफड़े की किसी न किसी समस्या से पीड़ित रोगी पहुंचे। इनमें आदर्शनगर के ढिल्लन, द्वारिकागंज की सुमित्रा, सीताकुंड के राजेश, दूबेपुर के दयाशंकर, बरौंसा के राम कुमार व मुरलीनगर के शिवराज आदि शामिल थे। ढिल्लन का एक फेफड़ा पहले से खराब है। सर्दी के मौसम में इनकी समस्याएं बढ़ जाती हैं। सुमित्रा एक सांस में करीब बीस बार खांसते हुए दिखीं। उन्हें चिकित्सक ने मुंह पर रुमाल या कपड़े रखकर खांसने की सलाह दी।



रामकुमार पुराने दमा रोगी हैं। बात करते समय इनकी सांसों से खरखराहट की आवाज आ रही थी। डा. यादव के अनुसार फेफड़े शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं।

खान-पान, देखरेख व जीवन शैली में अनियमितता से इनके प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। टीबी व दमा जैसे रोग हो जाते हैं। कमजोर होने से आक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती है। सांस लेने में घुटन व खांसी से रोगी का जीवन कष्टकर हो जाता है। फेफड़े खराब होने के पीछे सबसे बड़ा कारण धूमपान, टीबी या कैंसर प्रमुख हैं। इनसे फेफड़े कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। फेफड़े खराब होकर सिकुड़ जाते हैं और रक्त में आक्सीजन का प्रवाह बाधित होने लगता है। कभी-कभी खांसते समय रक्त भी निकलता है।ऐसे रोगियों को तत्काल चिकित्सीय सलाह की जरूरत होती है। कुछ मरीजों को भर्ती कर उन्हें आक्सीजन देनी पड़ती है।फेफड़े को मजबूत बनाने के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है। इसके लिए स्पाइरोमीटर प्रयोग करना चाहिए। इसमें तीन गेंदें होती हैं। नियमित अभ्यास से इन तीनों गेंदों को आसानी से ऊपर उठाया जा सकता है।

## मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से किया हमला

- दो महिलाओं समेत चार गंभीर रूप से घायल

**अमेठी ।** आपसी कहासुनी में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर दिया.दबंगो के हमले में एक ही परिवार की दो महिलाओ समेत चार लोगों को गंभीर चोटें आई है जिन्हें इलाज के लिए असपताल में भर्ती कराया गया है.पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।जनपद के जामो थाना क्षेत्र के कमालपुर हरगांव गांव का है जहाँ गांव के रहने वाले भगवानदीन पुत्र भीखा से गांव के रहने वाले धर्मराज सके बीच आपसी कहासुनी हो गई है.इसी इसी आपसी कहासुनी के चलते धर्मराज ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भगवानदीन के परिवार पर लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर दिया ।दबंगो के हमले में भगवानदीन और उसकी बेटी कर सर फट गया जबकि पत्नी और बेटे का भी गंभीर चोटें आई.आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सभी का इलाज चल रहा है.पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.पूरे मामले पर जामो एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है ।मामले की जांच की जा रही है ।धर्मराज, फूलकला,मंशा देवी और बंटेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है ।

संक्षेप

## 66 वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एनबीडब्ल्यू एस आर वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बीती रात्रि में अभियान चलाकर 66 अभियुक्तों जिसमें 62 एनबीडब्ल्यू वारण्टी 2 एसआर वांछित व 2 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिसमें थाना उत्तर 5 थाना दक्षिण 2 थाना रामगढ़ 4 थाना रसूलपुर 5 थाना टूण्डला 4 थाना पचोखरा 3 थाना नारखी 4 थाना नगला सिंघी1थाना सिरसागंज 8 थाना नसीरपुर 3 थाना नगला खंगर1 थाना शिकोहाबाद 4 थाना मक्खनपुर 2 थाना खैरगढ़2 थाना जसराना 6 थाना फरिहा 3 थाना मटसेना 2 थाना लाइनपार 4थाना बसई मौहम्मदपुर 3 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में 62 एनबीडब्लू वारंटियों 2 एसआर केसों में वांछित व 2 वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 66 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## मथुरा के क्लेम कोर्ट के नये जज होंगे राजेश चौधरी

**मथुरा।** जनपद में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में पीठासीन अधिकारी के पद पर कार्यरत राकेश कुमार त्रिपाठी के स्थान पर शनिवार को राजेश चैधरी को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा शनिवार को न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की गई है। जिसमें कई जनपदों के पंद्रह अधिकारियों को तबादला किया गया है। मथुरा में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी के पद पर कार्यरत राकेश कुमार त्रिपाठी को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। उनकी वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति जिला जज के पद पर होने की अतिरिक्त सूची जारी होने की संभावना है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कानपुर नगर के पद पर कार्यरत रहे राजेश चैधरी का स्थानांतरण पहली बार मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी के पद पर किया गया है। र

## बीते दिनों धोरेरा के जंगलों में मिला था महिला का शव

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धौरेरा के जंगलों में बीते दिनों महिला का शव मिलने के मामले में वृंदावन पुलिस ने खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या करने वाले आरोपी को मय माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। आपको बताते चलें कि बीते मंगलवार 14 जनवरी को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धौरेरा के जंगलों में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मृतक महिला की पहचान अनीता पत्नी रवि निवासी छाता के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतक महिला के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया था। जिसमें वृंदावन पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए मृतक महिला के पति के साथी को मय माल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हत्या की घटना को कबूल कर लिया है। वृंदावन पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी दीपक की महिला के साथ काहसुनी हो गई थी। जिसमें महिला ने आरोपी युवक दीपक की चप्पल से पिटाई कर दी थी। इस बात को लेकर आरोपी दीपक आक्रोशित हो गया था। जिसके बाद आरोपी दीपक महिला को बहलाकर जंगलों में ले गया था। जहां उसने दुपट्टे से महिला का गला दबा दिया। जब महिला चीखने लगी तो उसे पेड़ से लटका दिया।

# पर्यटन मंत्री ने किया औद्योगिक आस्थान का शिलान्यास




सोमेंद्र पोनियां

**फिरोजाबाद/टूंडला।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जयवीर सिंह ने फिरोजाबाद जनपद की टूंडला तहसील क्षेत्र के गांव रूधऊ मुस्तकिल में विशाल जनसमूह की उपस्थिति में औद्योगिक आस्थान का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया, और टूंडला क्षेत्र को बड़ी औधोगिक सौगात दी यहां पर कुल 62 प्लॉट है इसमें 540 वर्ग मीटर से लेकर 1110 वर्ग मीटर तक का प्लॉट उपलब्ध होगा, उद्यमियों को 99 वर्ष का पट्टा आवंटन किया जाएगा, जमीन की कीमत का 10 फीसदी तत्काल जमा करना होगा, शेष धनराशि आगामी 15 वर्षों में किस्त के रूप में देनी होगी, यहां उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विभाग द्वारा ऋण भी प्रदान किया जाएगा, जिस उद्यमी को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, समस्त मिनी औद्योगिक क्षेत्र रूधऊ मुस्तकिल में 19.46 एकड़ भूमि चिन्हित है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र से तेज गति से विकास की संभावना बनेगी औधोगिक आस्थान से क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही इस पिछड़े क्षेत्र को विकास की नई पहचान मिलेगी प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तर प्रदेश मे उद्योग के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। देश विदेश के उद्योगपति अब प्रदेश में उद्योग स्थापित कर रहे है यह प्रदेश वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है प्रदेश का नौजवान अब प्रदेश में ही रोजगार पाएगा दूसरे प्रदेशों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर उपस्थित उद्योगपतियों से मेरी यह उम्मीद है कि वह इस औद्योगिक स्थापना में अपना योगदान देंगे, ऐसे बीहड़ क्षेत्र में उद्योग स्थापित होना, इस जिले की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, उच्च कानून व्यवस्था ही ऐसे उद्योग और विकास के रास्ते खोलता है, उच्च कानून व्यवस्था होने से अब उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की अवधारणा तेजी से बदल रही है, 40 लाख करोड़ निवेश का प्रस्ताव प्रदेश में आना एक बड़ी उपलब्धि है, अब उत्तर प्रदेश तेजी से औद्योगिककरण की रहा की ओर बढ़ रहा है। बाहर के देश अब यहां निवेश करने को आतुर दिखाई दे रहे है, यहां पर औद्योगिक विकास से अपने घर पर युवाओं को रोजगार मिल सकेगा, हमारा यह प्रयास है कि यहां पर पर्यटन के द्वारा भी विकास के रास्ते खुलें, यहां पर आधुनिकतम ग्लास म्यूजियम का निर्माण हो रहा है, बटेश्वर पर्यटन का एक आकर्षण केंद्र बनने जा रहा है, वहीं रपड़ी में ईको टूरिज्म का विकास किया जा रहा है। इन तीनों पर्यटन स्थलों की एक चयन श्रृंखला स्थापित की जा रही हैं, जिससे यहां पर्यटक अधिक से अधिक आ सके, उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की है, कि जिला का पैसा जिले में ही खर्च करें जिससे इसकी दिशा और दशा बदल सके, इस अवसर पर विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र से यहां की जनता के लिए वृहद रोजगार के द्वार खुलेंगे, जिससे इस पिछड़े इलाके का कायाकल्प हो सकेगा, वहीं जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि जिस तरह से यहां मिनी औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये जा रहे हैं, उससे यह जिला उद्योग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर सकेगा, यहां पर एक्सपोर्ट के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र देश भर में अपनी पहचान कायम कर सके, इस मौके पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम विकास के साथ विरासत को भी सजों हो रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि यहां पर आयुष्मान कार्ड और फार्मर रजिस्ट्री वितरण का लाभ आप सब उठा सकते हैं, इससे पूर्व पर्यटन मंत्री विधायक टूण्डला, जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर किया, इस अवसर पर उद्योगपति ओम ग्लास इंडस्ट्री के निदेशक प्रदीप गुप्ता, राजकुमार मित्तल, राजीव अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये, साथ ही साथ इस अवसर पर लाभार्थियों को विशिष्ट जनों के हाथों सम्मानित भी किया गया, जिनमें उपायुक्त स्वतः रोजगार के क्षेत्र में रीना देवी, ज्ञान प्रवाह, ललिता इत्यादि को, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में राम लखन व मुख्यमंत्री आवास योजना के संबंध में कल्पना देवी, इसी तरह से कन्या सुमंगला योजना से अच्छादित स्वाति कुमारी को, घरौनी में पंचम सिंह, हरि सिंह, पदम सिंह को, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत गौरव जैन इत्यादि को सम्मानित किया गया, इस मौके पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया, इस अवसर पर नारखी और टूंडला के ब्लॉक प्रमुख, टूंडला के चैयरमैन भंवर सिंह उप जिलाधिकारी टूंडला गजेन्द्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांके बिहारी मंदिर का परिसर एक बार फिर बना जंग का अखाड़ा

**मथुरा।** वृंदावन विश्व विख्यात ठाकुर बांके बिहारी मंदिर रविवार को एक बार फिर जंग का अखाड़ा बन गया। आपको बता दें कि आए दिनों बांके बिहारी मंदिर में सेवायतों और मंदिर में लगे निजी सुरक्षा कर्मियों के साथ श्रद्धालुओं की हाथापाई होने का मामला संज्ञान में आता रहता है। ताजा मामला रविवार का है। जब मुंबई के घाटकोपर से 30 लोगों का ग्रुप बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंचा था। जहां पर श्रद्धालुओं के साथ सेवायत और कर्मचारियों द्वारा मंदिर परिसर के अंदर मारपीट कर दी गई। मारपीट के बाद सभी श्रद्धालु वृंदावन कोतवाली पहुंचे और जहां पर उन्होंने सेवायत और सेवायतों के कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी। मिली जानकारी के अनुसार मुंबई के घाटकोपर से 14 जनवरी को 30 लोग वृंदावन दर्शनार्थ को आए हुए थे। आज रविवार की सुबह सभी बांके बिहारी मंदिर दर्शनों के लिए गए हुए थे। अधिक भीड़ होने के कारण सभी इधर-उधर बट गए।

- **सेवायतों के कर्मचारियों ने मुंबई से आए हुए श्रद्धालुओं के साथ की हाथापाई**

इस बीच उनके कुछ साथी एक स्थान पर खड़े होकर अपने साथी का इंतजार करने लगे। तभी मंदिर परिसर के अंदर मौजूद गोस्वामियों के कर्मचारियों ने महिला श्रद्धालु से अभद्र भाषा का प्रयोग कर दिया। जिस बात पर साथ में आए श्रद्धालु युवक ने विरोध किया, तो उसी बात पर गोस्वामियों के साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। श्रद्धालुओं को कहना है कि उक्त लोगों ने महिलाओं के साथ मारपीट व उनके बाल भी खींचे हैं। इतना ही नहीं बल्कि जब वह स्थानीय पुलिस के पास घटना के सीसीटीवी देखने के लिए गए, तो एक बार फिर पुलिस की मौजूदगी में ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मंदिर में हुई मारपीट की घटना से उनकी भावनाओं को आहत पहुंची है। वही वृंदावन कोतवाली में बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों ने घंटों की मशक्कत के बाद श्रद्धालुओं के साथ आपसी सहमति से समझौता कर लिया है।

## सभी तहसीलों के एसडीएम ने किया गौशाला व रैन बसेरों का निरीक्षण



**मथुरा।** जनपद में नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह के आदेश के चलते बीती रात्रि सभी एसडीएमसी और तहसीलदार ने अपने-अपने क्षेत्र में रैन बसेरा और गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाए करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने शनिवार रात्रि 11 बजे तक मथुरा वृंदावन क्षेत्र में बने गौशाला और रेन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छाता मांट मथुरा गोवर्धन के उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपने-अपने क्षेत्र में गौशाला और रेन बसेरा की स्थिति को जाकर देखें। आदेश मिलते ही मांट तहसील के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आई ए एस अभिनव जे जैन ने बजाना और राया नगर पंचायत क्षेत्र में बनी गौशाला में पहुंचकर गोवंश के लिए सर्दी से बचने हेतु अलाव जलवाने की व्यवस्था प्रतिदिन करने के निर्देश दिए। दोनों नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि गौशालाओ में पूर्ण साफ सफाई भूसा हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहना चाहिए। प्रत्येक गो वंश के ऊपर कंबल ढके रहने चाहिए।

गोपाल बाग राया और बजाना कस्बा में बने रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद गरीब लोगों से उनके हाल-चाल जाने। यहां निरीक्षण में बिस्तर कंबल शौचालय साफ सुथरे मिले। अर्द्ध रात्रि को एसडीएम मांट अभिनव जे जैन अचानक बलदेव मार्ग स्थित नगर पंचायत कार्यालय पहुचे जहा रैन बसेरा में मौजूद कर्मचारी सुरेश से ठहरने वाले लोगो के बारे में जानकारी ली औ? रजिस्टर चैक किये। जहा उन्हें सभी व्यबस्थाये दुरुस्त पायी गयी। इसके बाद एसडीएम मांट रोड गोपालबाग मार्ग में बनी गौशाला पहुचे। जहा उन्होंने गायों के रखरखाव गौशाला में रखे चारा आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद सभासद प्रतिनिधि नितेश पाठक आदि मौजूद रहे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन के अनुसार मांट तहसील के अंतर्गत सभी गौशाला और रेन बसेरा में समुचित व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा कई स्थानों पर कंबल वितरण के कार्यक्रम भी किए गए हैं।

# नवागत डीएम ने कान्हा गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा



**मथुरा।** जनपद के तेज तर्रार डीएम चार्ज लेने के पश्चात महानगर की दिशा दशा जानने के लिए शीत लहर की परवाह किए बिना दल बल के साथ सड़क पर निकल पड़े। उन्होंने हृदय स्थल माने जाने वाले होलीगेट चैराहा के अलावा भरतपुर गेट डीग गेट भूतेश्वरए आदि चैराहो का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पसंदीदा आईएएस की टॉप टेन की सूची में शामिल डीएम सीपी सिंह ने आराम की परवाह किए बिना योगी सरकार की छवि में चार चांद लगाने का संकल्प लेकर आम जनता की समस्याओं को जानना शुरू कर दिया।

जनपद की भौगोलिक स्थिति से परिचित डीएम एक्शन मोड में दिख रहे है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख चैराहों पर अव्यवस्था देख साथ मौजूद अधिकारियो से सवाल जवाब करने लगे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। प्रमुख चैराहा पर लगे सिग्नल लाइट बंद मिलने पर संबंधित कंपनी को तत्काल खराब पड़ी लाइटों और कैमरों को तत्काल चालू कराने की आदेश दिए। शहरी क्षेत्र में जगह जगह अतिक्रमण और बिगड़ी यातायात व्यवस्था से लग रहे जाम को लेकर एसपी सिटी अरविंद कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि श्रीकृष्ण की नगरी को स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाएगा। जनपद में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द ही पूरा कराया जाएगा। जिलाधिकारी की तेज तर्रार कार्यशैली से अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के होश उड़े हुए हैं। जिलाधिकारी ने रात्रि 9 बजे वृन्दावन स्थित कान्हा पशु आश्रय गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंशो की संख्या की जानकारी ली जिस पर प्रबंधक ने अवगत कराया कि गौशाला में 2298 गौवंश है। जिलाधिकारी ने भूसा चारा साफ - सफाई सफाई कमचारियों की संख्या सीसीटीवी कैमरे लाइटिंग पानी शेड ठंड से बचाव आदि की जानकारी ली। उक्त गौशाला 2.9 एकड़ भूमि पर बनी है। जिसकी साफ-सफाई को 30 कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने ठन्ड के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए है।

**डीएम ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण :** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने रात्रि पर नए बस स्टैंड रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं, जनसामान्य, यात्रियों आदि से वार्ता की। रैन बसेरे की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रजाई, गद्दे, हीटर, विद्युत, पेयजल, चार्जिंग प्वाइंट, महिलाओं हेतु की गई व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया।

## पुलिस ने दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाले वांछित को गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाले वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी वीडियो वायरल करने वाले वाँछित अभियुक्त सुनील कुमार यादव पुत्र सुरेश निवासी नगला भाट थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को खडीत नहर पुल के पास से जसराना पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना पर आई.टी एक्ट मुकदमा पंजीकृत है, पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# परशुराम चौक सुंदरीकरण पर गदगद हुए विप्र



**मथुरा।** कोसीकलां नगर पालिका परिषद् बोर्ड ने विप्रों के स्वाभिमान ०आस्था के प्रतीक भगवान् परशुराम चैक सौंदर्णीयकरण के लिए 16.60 लाख की राशि अवमुक्त कर दी है जिससे विप्र समाज गदगद नजर आ रहा है। रविवार को श्री ब्राह्मण सभा कोसीकलां के पदाधिकारियों ने विप्रों संग नगर पालिका परिषद् में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल पत्रकार को उत्तरीय पहनाकर तथा भगवान् परशुराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभा की ओर से सभाषद विनय उपाध्याय द्वारा सभाषद लोकेश सिरथरिया का सहयोग लेकर बोर्ड बैठक में किये गए अथक प्रयास की भी सराहना कर उत्तरीय पहनाकर सम्मान किया और सार्थक कार्य के लिए चर्चा की। उपस्थितजनों में श्री ब्राह्मण सभा कोसीकलां के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, मंत्री कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष वेदराम शर्मा, उपमंत्री देवेश पंडित निरीक्षक राम प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष सियाराम शर्मा, व्यवस्थापक राज कुमार भारद्वाज, संरक्षक मंडल के सदस्य श्याम बिहारी पालीवाल, राज कुमार शर्मा, बी. एस. शर्मा उपन, गणेश त्यागी, तारा चंद शर्मा एड. हीरो शर्मा, सोनू शर्मा सहित अन्य विप्र मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 15 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी

फिरोजाबाद। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने व कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए कुल 15 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु विगत वर्षों में हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, पुलिस मुठभेड़, एनडीपीएस एक्ट, अपहरण, चौथ वसूली आदि श्रेणी के कुल 15 अपराधियों की नई एच0एस खोलकर कठोर कानूनी कार्यवाही की जा रही है, हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी लगातार 02 वर्षों तक सघन निगरानी स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी। यदि तब भी इनके आचरण में सुधार नही होता है तो इनकी हिस्ट्रीशीटर की श्रेणी को गम्भीर श्रेणी में परिवर्तित करते हुए स्थायी रुप से आजीवन निगरानी की जाएगी। हिस्ट्रीशीटर (दुराचारी) को अपनी उपस्थिति के बारे में भी स्थानीय थाने पर इतला करनी होगी, दुराचारी के किसी भी पारिवारिक सदस्य एवं उसके रिश्तेदारों से भी उसके बारे में जानकारी की जाएगी, यदि दुराचारी अपने मूल निवास में परिवर्तन करता है तो उसे नए निवास स्थान पर रहने की जानकारी स्थानीय पुलिस को देनी होगी तथा अपने कारोबार की जानकारी स्थानीय पुलिस को देनी होगी। इस प्रकार से जनपद में 15 अपराधियों के ऊपर प्रभावी नियत्रण रखने के दृष्टिगत उनके विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोलकर नियमित रुप से निगरानी करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## निकाली जायेगी भगवान श्री राम की शोभायात्रा

**मथुरा।** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर मथुरा में भी बड़े ही धूमधाम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मीडिया से बात करते हुए पाण्डेय फोम हाउस के मालिक मोनू पाण्डेय ने बताया कि 22जनवरी मंगलवार को राधिका बिहार से प्रारंभ होकर मंडी चैराहा, कृष्णा नगर, भूतेश्वर चैराहा से बीएसए कॉलेज रोड से राधिका बिहार में सम्पन्न होगी। यात्रा सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारा सभी भक्तजनों के लिए




किया जाएगा। जिसमें समस्त मित्रमंडली और कॉलोनी वासियों का सहयोग रहेगा। वहीं उन्होंने बताया कि ये शोभायात्रा दूसरी बार निकाली जा रही है और अबकी बार पहले से भी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। और हमारी कोशिश रहेगी कि प्रति वर्ष इसी तरह हमारे आराध्य भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाए। वहीं मीडिया के माध्यम से उन्होंने समस्त सनातनी भाइयों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने की अपील की। वहीं मीडिया से बात करते हुए हैकर्स फैशन हब के ऑनर अनुज खंडेलवाल बताया कि ये हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है और इसमें हम सभी सनातनियों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

## नगर आयुक्त ने किया वार्डों का स्थलीय निरीक्षण



**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर में जन समस्याओ को जानने के लिए नगर आयुक्त शशांक चैधरी ने अलग अलग वार्डो के स्थलीय निरीक्षण का अभियान छेड़ रखा है। शनिवार को उन्होंने वार्ड सं. 59 महोली द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राजवीर एवं सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त श्री चैधरी द्वारा सुना गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वार्ड में साफ-सफाई, सड़क/मार्ग जल निकासी पेयजलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान उक्त वार्ड के मार्ग पर जल भराव की समस्या प्रकाश में आयी जिसके दृष्टिगत क्षेत्रीय अवर अभियंता को जल निकासी हेतु नाला निर्माण की कार्यवाही तथा इसके अतिरिक्त उक्त वार्ड के नेशनल हाईवे से जुड़ी सड़कों पर मरम्मत/सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। वार्ड में समुचित सफाई व्यवस्था रखे जाने एवं नाले/नालियों/तालाबों में एन्टी लार्वा का छिड़काव कराये जाने हेतु जोनल सेनेटरी ऑफिसर को निर्देशित किया। मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक जल/प्रभारी प्रकाश को समुचित पेयजलापूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था निरंतर बनाये रखने के लिए कहा है। निरीक्षण के पश्चात नगर आयुक्त शशांक चैधरी ने बताया कि अलग-अलग वार्डों में पहुंचने से स्थानीय लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी हो रही है और उनको तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान प्रभारी मुख्य अभियंता अमरेन्द्र गौतम नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गोपाल बाबू गर्ग महाप्रबंधक जल/प्रभारी प्रकाश मौ. अनवर ख्वाजा जितेन्द्र कुमार जोनल सेनेटरी ऑफिसर संदीप सोनकर अवर अभियंता सिविल शैलेश कुमार अवर अभियंता वि/यां मुकेश शर्मा मुख्य सफाई निरीक्षक उपस्थित थे।

## दुबई में विशिष्ट अतिथियों को भेंट की गयी पुस्तक 'द वॉटर'



**मथुरा।** दुबई में एक विशेष अवसर पर श्रीमती अनीता सचान के सौजन्य से आध्यात्मिक योगी और ओओजे फाउंडेशन के संस्थापक योगी प्रियव्रत अनिमेष द्वारा अपनी प्रेरणादायक पुस्तक ह्लद वॉटरह्ल को विशिष्ट अतिथियों को भेंट किया। यह आयोजन अपनी गहनता और महत्व के लिए यादगार रहा। यह जानकारी मथुरा के सत्या चतुर्वेदी ने दी है। ह्लद वॉटरह्ल पुस्तक जल संरक्षण, उसकी आध्यात्मिक महत्ता और जीवन व पर्यावरण में उसकी अनिवार्य भूमिका पर योगी प्रियव्रत अनिमेष के गहन दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक मानवता और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध को उजागर करते हुए जल के महत्व और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी को रेखांकित करती है। यह आयोजन नेतृत्व, कला, और आध्यात्मिकता के संगम का प्रतीक बना, जिसने सतत और जागरूक भविष्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रेरित किया।

# राष्ट्रोत्थान को समर्पित थीं अहिल्याबाई होल्कर

**वृंदावन।** संस्कार भारती वृंदावन इकाई के तत्वावधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मशती के उपलक्ष में परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय ह्लअहिल्याबाई होल्कर की राष्ट्रीय उत्थान में भूमिका ह्ल रहा। मुख्य वक्ता गोपाल कृष्ण दुबे ने विचार रखते हुए कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म शती पूरा देश मना रहा है। उनकी प्रजा वात्सलता ने ही उन्हें राजमाता बनाया। उनकी समाज सेवा भारतीय संस्कृति की जो विरासत है उसको संरक्षित करने का जो कार्य था वह राष्ट्रीय महत्व का ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के महत्व का कार्य था। विशिष्ट अतिथि रुपेश धनगर ने विचार रखते हुए कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर नारी सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान दहेज प्रथा और सती प्रथा को खत्म करने का काम किया। मुख्य अतिथि इतिहासकार घनश्याम होलकर ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, न्याय व्यवस्था के नीतिगत प्रबंध किए। रोजगार व्यापार तथा कृषि को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. उमाशंकर राही ने कहा



कि अहिल्याबाई होलकर ने राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर कवि मोहनलाल मोही ने काव्य के माध्यम से महारानी अहिल्याबाई होल्कर का कृतित्व और व्यक्तित्व रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल मूर्ति वाले, विनीत अग्रवाल, अखिल अग्रवाल खांड़वाले, हरिदास अग्रवाल, राजीव अग्रवाल गोटे वाले एवं संजीव अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल शर्मा, दान बिहारी खंडेलवाल, हरिवंश खंडेलवाल, केशव देव उपाध्याय, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, आदित्य उपाध्याय, राहुल पटेल, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, आनंद प्रकाश द्विवेदी, रवि अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल राकेश चैधरी, विजय रिणवां, कालीचरण सिंह, ब्रज किशोर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन खिचड़ी सहभोज के साथ हुआ।

संक्षेप

## आल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 भारत में लॉन्च

नयी दिल्ली। ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भारत में ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादितए यह स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल देश में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन्स में उपलब्ध होगा। ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को पूरे भारत में बीएमडब्ल्य डीलरशिप और डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट बीएम डब्ल्यू डाट इन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। अब अपने चैथे पीढ़ी के अवतार में ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्स आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया है। ऑल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के लॉन्च के साथए आधुनिकताए उपस्थिति और स्पोटिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ ऐक्सैसिबल लक्जरी के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोजीन एमजी एम9 इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरूआत करने के कंपनी के विजन को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं।

## किआ इंडिया की नयी ईवी6 लॉन्च

नईदिल्ली। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ ईवी6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार करेगा 26 को कोल्डप्ले की लाइव स्ट्रीमिंग

नई दिल्ली। डिज़्नी+ हॉटस्टार ने कोल्डप्ले के साथ भागीदारी करके लाइव स्ट्रीमिंग मनोरंजन के अनुभव में एक नया मानदंड स्थापित किया है। इसके तहत उनका मशहूर म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर कॉन्सर्ट भारत में दर्शकों के लिये लाइव होगा। बैण्ड गणतंत्र दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में परफॉर्म करने की तैयारी कर रहा है। साथ ही यह प्लेटफॉर्म शानदार अनुभवों को सभी की पहुँच में लाकर मनोरंजन के भविष्य को नई परिभाषा दे रहा है। इस तरह से प्रशंसक देश की हर स्क्रीन पर यह यादगार आयोजन देख सकेंगे। कोल्डप्ले का म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर दुनियाभर में मशहूर है। इसका अहमदाबाद परफॉर्मेंस बैण्ड की उस रिकॉर्ड-तोड़ यात्रा का हिस्सा है।

## अवादा श्रद्धालुओं को करायेगा पवित्र स्नान

नोएडा। सनातन संस्कृति की आस्था रखने वाले संस्थाये अब महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान करने का जिम्मा उठाया। इसी को लेकर अवादा फाउंडेशन लोगों को कुंभ की यात्रा कराएगा। जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, सोनभद्र उत्तरप्रदेश राज्य के लोग शामिल होंगे। एक अभूतपूर्व पहल करते हुए लगभग हजारों श्रद्धालुओं को प्रयागराज कुंभ मेले में शामिल होने का अवसर दिया। कुंभ मेले में शामिल होने की उनकी इच्छा कई वर्षों से थी और इस बार का प्रयाग कुंभ तो और भी विशेष है। तीर्थयात्रा तो आत्मीय स्वजन ही करवाते हैं और अवादा फाउंडेशन तो हमारे स्वजन से भी बढ़कर है।

## ब्रिटिश काउंसिल ने की ग्रेट छात्रवृत्ति 2025 की घोषणा

नई दिल्ली। सांस्कृतिक संबंधों और शैक्षिक अवसरों के लिए ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ के साथ मिलकर में ग्रेट स्कॉलरशिप 2025 की घोषणा की है। ग्रेट स्कॉलरशिप्स भारत के छात्रों को ब्रिटेन में विभिन्न अध्ययन क्षेत्रों में स्नातकोत्तर अध्ययन करने का अवसर प्रदान करती है।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण से तय होगी बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे तिमाही नतीजों का सीजन आगे बढ़ेगा, निवेशकों का ध्यान आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्रित होने की उम्मीद है, जो साल के लिए सरकार के आर्थिक और राजकोषीय रुख की रूपरेखा तैयार करेगा। बाजार प्रतिभागी नीतिगत उपायों, राजकोषीय आवंटन और विकास पहल पर बारीकी से नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर सभी की निगाहें डोनाल्ड ट्रंप पर हैं। ट्रंप 20 जनवरी को औपचारिक रूप से अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। वह व्हाइट हाउस में फिर वापस लौट रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। निवेशकों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद नीतिगत घोषणाएं वैश्विक स्तर पर बाजार धारणा को काफी प्रभावित करेंगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। आगे हम उम्मीद करते हैं कि इस सप्ताह बाजार कई घरेलू और वैश्विक कारकों के कारण सतर्क रुख बनाए रखेगा। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीपीसीएल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसे दिग्गजों कंपनियों के तिमाही नतीजे आ रहे हैं।

# एफपीआई ने जनवरी में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। डॉलर की मजबूती, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ रुपये निकाले हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 15,446 करोड़ रुपये डाले थे। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर तमाम तरह की अड़चनों की वजह से विदेशी निवेशकों के रुख में बदलाव हुआ है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारतीय रुपये में लगातार गिरावट ने विदेशी निवेशकों पर काफी दबाव डाला है। यही वजह है कि वे भारतीय बाजार से अपना निवेश निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हाल की गिरावट के बावजूद भारतीय शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन, कमजोर तिमाही नतीजों की संभावना, आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को लेकर अनिश्चितता निवेशकों को प्रभावित कर रही है। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (17 जनवरी तक) अबतक भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 44,396 करोड़ रुपये निकाले हैं। दो जनवरी को छोड़कर इस महीने के सभी दिन एफपीआई बिकवाल रहे हैं। एफपीआई की लगातार बिकवाली की मुख्य वजह डॉलर की मजबूती और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल का बढ़ना है। डॉलर सूचकांक 109 से ऊपर है और 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल 4.6 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में एफपीआई का उभरते बाजारों में बिकवाली करना तर्कसंगत है, खासकर सबसे महंगे उभरते बाजार भारत में। चूंकि अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक बना हुअ है, ऐसे में एफपीआई ऋण या बॉन्ड बाजार में भी बिकवाली कर रहे हैं। उन्होंने बॉन्ड बाजार में सामान्य सीमा के तहत 4,848 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 6,176 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# डब्ल्यूईएफ में मोदी की आर्थिक नीतियों को लेकर काफी रुचि

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों को लेकर वैश्विक स्तर पर काफी रुचि देखने को मिल रही है और दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में ये नीतियां चर्चा का केंद्र रहेंगी।

सोमवार से शुरू हो रही वार्षिक विश्व आर्थिक मंच की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे वैष्णव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की वृद्धि की कहानी में काफी रुचि है, खासकर डिजिटल बदलाव और नए डिजिटल ढांचे को लेकर। उन्होंने कहा कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच में हमारी विचारप्रक्रिया को समझने, प्रधानमंत्री की आर्थिक नीतियों, डिजिटल बदलाव और कैसे भारत ने डिजिटल ढांचा तैयार किया है और कैसे प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण हुआ है, के बारे में काफी रुचि देखने को मिल रही है। वैष्णव ने कहा कि समावेशी वृद्धि, सामाजिक, भौतिक, डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश और प्रौद्योगिकी के लोकतांत्रिकरण के बारे में विस्तृत चर्चा होगी। सूचना एवं प्रसारण, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री ने समावेशी विकास और ऐसी वृद्धि पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया है, जो समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तनकारी बदलाव लाएगी।

# कंपनियों की पूंजी 1.71 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा। शीर्ष 10 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से ।,71,680.42 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 62,948.4 करोड़ रुपये घटकर 7,53,678.38 करोड़ रुपये रहा गया। सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस को ही हुआ। तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को इन्फोसिस के शेयर में करीब प्रतिशत की गिरावट आई। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 50,598.95 करोड़ रुपये घटकर 14,92,714.37 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,605.92 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.52 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,005.84 करोड़ रुपये घटकर 8,65,495.17 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 15,640.8 करोड़ रुपये घटकर 12,51,799.81 करोड़ रुपये रह गई।

# डब्ल्यूईएफ की बैठक से पहले किले में बदला दावोस, हजारों सैन्यकर्मी तैनात

नयी दिल्ली। यूरोप का सबसे ऊंचा शहर दावोस विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की वार्षिक बैठक विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) का पर्याय बन गया है और इसके लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता होती है। स्विट्जरलैंड के लगभग 5,000 सैन्य कर्मियों ने इस छोटे से स्कीइंग रिजॉर्ट शहर को अपने नियंत्रण में ले लिया है, ताकि अगले सप्ताह के लिए इसके दुनिया के अमीर और शक्तिशाली मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन सुरक्षा कर्मियों में ड्रोन और कृत्रिम मेधा संचालित उपकरणों जैसे नवीनतम गैजेट से लैस लोग भी शामिल हैं।

## आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने लॉन्च की आयशर प्रो एक्स रेंज

नई दिल्ली। वीई कमर्शियल व्हीकल्स की व्यावसायिक इकाई आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने अपनी इलेक्ट्रिक फर्स्ट छोटे व्यावसायिक वाहनों (एससीवी) की रेंज आयशर प्रो एक्स भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लॉन्च की। कंपनी की यह नवीनतम रेंज, तेजी से बढ़ रहे 2 से 3.50 टी सेगमेंट में, आयशर का शानदार प्रवेश है, जो अंतिम कड़ी के परिवहन की जरूरतों को पूरा करने और इसे बढ़ावा देने के आयशर के ध्येय को अंगीकृत करता है।

# विनिर्माण को प्रोत्साहन के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क घटाये सरकार

नयी दिल्ली। सरकार को स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए आगामी बजट में चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (इनपुट) पर सीमा शुल्क में कटौती करनी चाहिए। कर विशेषज्ञों ने यह सुझाव दिया है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) हरप्रीत सिंह ने कहा कि एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले 2025-26 के बजट से सीमा शुल्क पक्ष की प्रमुख मांगें दरों को युक्तिसंगत बनाने, व्यवस्था को सरल करने और मुकदमेबाजी और विवाद प्रबंधन की होंगी। चरणबद्ध विनिर्माण योजना की तर्ज पर हम इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, स्वास्थ्य सेवा उत्पादों और फार्मास्युटिकल्स में कच्चे माल में कुछ शुल्क कटौती की उम्मीद करते हैं। ये ऐसे उद्योग हैं जहां सरकार विनिर्माण के मामले में प्रोत्साहन देना चाहती है। जुलाई, 2024 में पेश बजट में घोषित प्रस्तावित सीमा शुल्क युक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में करों को तर्कसंगत किया जा सकता है उनमें स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, रेफ्रिजरेटर, एसी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, जूते और खिलौने शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कारोबार सुगमता के लिए सीमा शुल्क ढांचे की वृहद समीक्षा की घोषणा की गई थी। इसमें कहा गया था कि अगले छह माह में सीमा शुल्क ढांचे की समीक्षा की जायेगी।

## लेक्सस इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में 'लक्जरी को व्यक्तिगत बनाया

नई दिल्ली। लेक्सस इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी भविष्यवादी और लक्जरी-परिभाषित उत्पादों की प्रदर्शनी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थायी मोबिलिटी और अनूठे अनुभवों के युग में कदम रखते हुए, लेक्सस ने 'लक्जरी को व्यक्तिगत बनाने' के अपने विजन के तहत अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। लेक्सस ने इलेक्ट्रिफिकेशन और स्थिरता के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें प्रामाणिकता, परिष्कार, ओमोटेनाशी, आकर्षक अनुभव, और कल्पनाशीलता जैसे मुख्य मूल्यों को मजबूत किया गया है। भारत मंडपम के हॉल 5 में लेक्सस के पवेलियन को तीन अलग-अलग जोनों में विभाजित किया गया था। एलएफ-जेडसी अगली पीढ़ी की बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन कॉन्सेप्ट कार, एलएफ-जेडसी, इलेक्ट्रिक कारों के माध्यम से मोबिलिटी की नई संभावनाओं को दर्शाती है।

## नयी बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में लॉन्च

नयी दिल्ली। नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में लॉन्च हो गई है। यह एडवेंचर मोटरसाइकिल कंप्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी। नयी बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस बड़ी एडवेंचर मोटरसाइकिल्स की दुनिया में नया मानदण्ड है। नई एडवेंचर जीएस सबसे बड़ी ट्रैवल एंड्यूरो के पोर्टफोलियो में एक अजेय चट्टान है। दो दशकों से भी ज्यादा समय से फ़्लैट ट्विन बॉक्सर इंजन वाली बड़ी बीएमडब्ल्यू जीएसएडवेंचर लंबी दूरी की मोटरसाइकिल यात्राओं का पर्याय रही है। इसे कई तरह के मानक इक्विपमेंट से सुसज्जित किया गया है, यह बेहद व्यक्तिगत है और यह आपको एक शानदार मोटरसाइकिल अनुभव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है।

# बाजार पहुंच के मुद्दे को हल कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ा सकते हैं भारत-न्यूजीलैंड

नयी दिल्ली। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए भारत और न्यूजीलैंड को वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच के मुद्दे को हल करने, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और संपर्क में सुधार करने की जरूरत है।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह राय जताई है। जीटीआरआई ने कहा कि दोनों के देशों के बीच व्यापार फिलहाल सिर्फ डेढ़ अरब डॉलर है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। शोध संस्थान ने कहा कि दोनों देशों को पांच साल में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। इसके अलावा ऐसे उत्पादों की पहचान की जानी चाहिए जिनमें तत्काल शुल्क राहत दी जा सकती है।

## मारुति सुजुकी ने पेश की इलेक्ट्रिक एसयूवी-ई विटारा

नई दिल्ली। अपने डिकाबोर्नाइजेशन (कार्बन कम करने) और सभी के लिए आनंदमय मोबिलिटी (यात्रा) के प्रति संकल्प को दिखाते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में व्यापक इलेक्ट्रिक ईको-समाधान के साथ अपनी पहली बी-ईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) एसयूवी - ई विटारा को पेश किया है। ई विटारा को हार्टेक्ट-ई प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन रेंज के साथ उच्च स्तर का आराम और सुरक्षा प्रदान करता है।

## किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी

नई दिल्ली। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो #अबकीबारआपकेलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई। यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को रुपये 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और रुपये 50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था।

# पेज एक का शेष

## भारतीय महिला

तक नई दिल्ली में खेला गया। भारत की दोनों टीमें टूनार्मेंट में अजेय रहीं। जबकि नेपाल की दोनों टीमों को भारत के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। चैंपियन बनने के बाद भारत की दोनों टीमों ने तिरंगे के साथ विक्ट्री लैप लगाया। मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला। टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से भारत के पक्ष में रहा। तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया। रविवार शाम 6 बजे विमेंस खो-खो वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू हुआ। नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस करना चुना। भारत ने पहली पारी में एकतरफा दबदबा दिखाया और 34 पॉइंट्स हासिल किए। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और 24 पॉइंट्स बटोरे, इस टर्न में भारत को भी एक पॉइंट मिल गया। हाफ टाइम के बाद भारत ने 35-24 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। तीसरी पारी में भारत ने बढ़त का अंतर और भी ज्यादा कर लिया। टीम ने इस टर्न में 38 पॉइंट्स बटोरे और स्कोर 73-24 से अपने हक में कर लिया। चौथी और आखिरी पारी में नेपाल 16 ही पॉइंट्स बटोर पाई, जबकि भारत ने 5 पॉइंट्स हासिल कर लिए। 78-40 की स्कोर लाइन के साथ फाइनल खत्म हुआ और इंडिया विमेंस टीम पहले वर्ल्ड कप की चैंपियन बन गई।

## मुख्यमंत्री योगी

और मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि हर आगंतुक श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से गया। अब आगामी मौनी अमावस्या के मौके पर 08-10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। इससे पहले गणतंत्र दिवस पर भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में लोगों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। बिजली और पेयजल आपूर्ति हो, शौचालय और उसकी सफाई हो, पांटून पुलों का अनुरक्षण हो, अथवा भीड़ के मूवमेंट की रणनीति, हर एक बिंदु पर अच्छी तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन/गाड़ियों की पार्किंग के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा मीडिया और पुलिस हो या आम श्रद्धालु, मोबाइल नेटवर्क की जरूरत सभी को पड़ती है। निर्देश दिए कि प्रयास करें कि जो लोग जिस ओर से आ रहे हैं, वहीं के निकटस्थ घाट पर स्नान कर सकें। उन्होंने स्नानार्थियों को कम से कम पैदल चलने के लिए आवश्यक प्रबंध के निर्देश दिये। रेलवे के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्था बनाने में रेलवे की बड़ी भूमिका है।

## महाकुंभ में

सीमा बनाई उसके पार सकुर्लेटिव एरिया घोषित की गई थी। पता नहीं प्रशासन ने वे जगह किसे दी, उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया। हमारी रसोई टिनशेड की थी, पक्की थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की घटना के बाद अस्पताल में तैयारी की गई है। गनीमत है कि अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का मुआयना करके अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। पीएम मोदी ने सीएम योगी से घटना को लेकर बातचीत की है।

## सीएम ने मौके

लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्पूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुशल फायर ब्रिगेड एवं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम द्वारा समय रहते आग पर काबू पाया गया। कोई हताहत नहीं हुआ है, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुआ है। स्थिति नियंत्रण में है।

## सैफ अली

एक अभिनेता के बारे में नहीं है बल्कि इसमें एक क्रूर हमला शामिल है। पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि जांच प्राथमिक चरण में है। जांच अधिकारी ने अदालत को बताया कि हमले में खान को गंभीर चोटें आईं, जिसमें चाकू के ब्लेड के एक हिस्से का उनके शरीर में धंसना शामिल है।

## सर्दी में

कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स आफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दूसरी टीम को राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का जिम्मा सौंपा गया है।

## लैंड, थूक और

में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास की गंगा बहाने के लिए कमल के फूल पर मुहर लगाकर भाजपा को भारी मतों से बनाएं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर करारे प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय नेताओं जैसे राहुल गांधी की फोटो तक लगाने से परहेज कर रही है। दो राज्यों महाराष्ट्र व हरियाणा में करारी हार के बाद कांग्रेस अब नगर निकायों चुनावों में जीत हासिल करना चाहती है, ताकि पुनः भ्रष्टाचार कर सके। परन्तु देवभूमि की महान जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा मेयर प्रत्याशी दीपक बाली के समर्थन में आज किला बाजार से महाराणा प्रताप चौक तक रोड शो निकाला जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके बाद समान मुख्यमंत्री सैनिका कालोनी पहुंचे जहां उन्होंने हजारों की भीड़ को संबोधित किया। भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जब मैं खटीमा से चला तो मौसम बहुत खराब था। लेकिन मुझे आप सब लोगों से मिलना बहुत जरूरी था। मैंने ऊपर देखकर कहा कि बादल छंटेगा, ये मौसम बदलेगा, सूर्य उगेगा और कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का उत्साह देखते हुए लग रहा है कि मतगणना की 25 तारीख महज औपचारिकता है। दीपक बाली मेयर बन चुके हैं। और उसके बाद उन्होंने दीपक बाली की गले में विजय माला पहना दी। उधर, कार्यकताओं और जनता ने बाली-बाली होरया के जमकर नारे लगाये। इस अवसर पर कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी मुक्ता सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## राष्ट्र निर्माण

आयोजित '24वीं अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता' में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कही। इस अवसर पर श्रीमती अलका दास गुप्ता को भी भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ अपने विचारों को साझा करते हुए श्रीमती अलका दास ने कहाकि भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानन्द के विचारों से प्रेरित है और उनके विचारों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कहाकि स्वामी विवेकानन्द जी ने शिक्षा के विषय में बहुत कुछ लिखा और कहा है। अगर हमारी शिक्षा व्यवस्था स्वामी जी के विचारों के अनुरूप हो और युवा उनके विचारों से प्रेरित होकर शिक्षा को ग्रहण करें तो राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा राष्ट्र निर्माण के साथ ही व्यक्ति के निर्माण का साधन बने, ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान के लिए प्रेरित करे, समाज सेवा की भावना विकसित करे, स्वामी जी ने ऐसी समावेशी शिक्षा की बात कही है। शिक्षा आत्म विकास और आत्म सुधार का माध्यम बने, ज्ञान की खोज को प्रेरित करे, बौद्धिक विस्तार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे, ऐसी शिक्षा देने की बात स्वामी विवेकानन्द ने की है। प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रतिभागी विजेताओं को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार वितरण किया गया। भारत को जानों कार्यक्रम विगत 24 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यही है कि हमारे देश के युवा हमारी सनातन संस्कृति और भारत की सभ्यता से सदैव जुड़े रहें। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अनूप चंद्र पांडे पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी भारत सरकार ने भारत विकास परिषद के कार्यों को सराहा और उन्होंने कहा सामाजिक समरसता एवं समाज में सभी वर्गों के विकास के लिए भारत विकास परिषद अनेक माध्यमों से सदैव प्रयास करता रहा है। परिषद की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने बच्चों से पूछा की भारत का नाम भारत कैसे पड़ा तो बच्चों ने बताया की दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र भरत के नाम से अपने देश का नाम भारत पड़ा है। भारत देश का दो नाम पूछा तो बच्चों ने उत्तर दिया जम्मू द्वीप और आर्यावर्त इन प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों को मंच पर बुलाकर अनूप चन्द्र पांडे ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उद्घाटन सत्र के बाद भारत को जानो प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी क्विज के माध्यम से प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये बच्चों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में पूर्व क्षेत्र से ओडिसा ने 130 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, उत्तर मध्य क्षेत्र-1 में मेरठ ने द्वितीय स्थान एवं मध्य क्षेत्र मध्य प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में उत्तर मध्य-2 काशी क्षेत्र ने 100 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर क्षेत्र -2 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं उत्तर क्षेत्र-1 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग में 10 टीमों ने हिस्सा लिया एवं सीनियर वर्ग में 9 टीमों ने हिस्सा लिया विजेता टीम के साथ-साथ सभी टीमों को भारत विकास परिषद की तरफ से प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अलका दास गुप्ता, चांसलर बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना की और प्रतिभागी विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किया और कहाकि हमारा सौभाग्य है कि आज भारत विकास परिषद के इस कार्यक्रम में आने का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी का कोटि कोटि आभार व्यक्त करती हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेंद्र सिंह संधू, समन्वयक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद ने की और उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और कहा हमारे देश के युवा प्रतिभावान एवं शिक्षित होंगे तभी अपना देश आगे विकसित राष्ट्र बनेगा और आगे बढ़ेगा। आने वाले समय में देश की बागडोर इन्हीं युवाओं के हाथ में होगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनी नगर, राजीव मिश्रा अध्यक्ष ममता चैरिटेबल ट्रस्ट, विक्रांत खंडेलवाल क्षेत्रीय संगठन मंत्री, सुशील शर्मा केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष एनआर-1, मुकेश जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद एवं देवेंद्र स्वरूप शुक्ला प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद के साथ परिषद के सैकड़ों सदस्य एवं बहुत से संख्या में प्रतिभागी युवा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




# खो-खो वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने रचा इतिहास

## भारत की मेंस- विमेंस टीम नेपाल को हराकर बनी विश्व चैंपियन

एजेंसी



नयी दिल्ली। इंडिया विमेंस ने खो-खो वर्ल्ड कप में लगातार 6 मैच जीते और टाइटल जीता। भारत की मेंस और विमेंस टीम ने खो-खो का पहला वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में दोनों कैटेगरी के फाइनल खेले गए। विमेंस टीम ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं मेंस टीम ने भी नेपाल को ही हराया, लेकिन अंतर 54-36 का रहा। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में खेला गया। भारत की दोनों टीमें टूनार्मेंट में अजेय रहीं। जबकि नेपाल की दोनों टीमों को भारत के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। चैंपियन बनने के बाद भारत की दोनों टीमों ने तिरंगे के साथ विक्ट्री लैप लगाया।

मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला। टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से भारत के पक्ष में रहा। तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया। रविवार शाम 6 बजे विमेंस खो-खो वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू हुआ। नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस करना चुना। भारत ने

**❍ दोनों ने नेपाल को फाइनल हराया, टूनार्मेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया**

पहली पारी में एकतरफा दबदबा दिखाया और 34 पॉइंट्स हासिल किए। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और 24 पॉइंट्स बटोरे, इस टर्न में भारत को भी एक पॉइंट मिल गया। हाफ टाइम के बाद भारत ने 35-24 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। इंडिया विमेंस ने 2 टर्न के बाद 35-24 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। तीसरी पारी में भारत ने बढ़त का अंतर और भी ज्यादा कर लिया। टीम ने इस टर्न में 38 पॉइंट्स बटोरे और स्कोर 73-24 से अपने हक में कर लिया। चौथी और आखिरी पारी में नेपाल 16 ही पॉइंट्स बटोर पाई, जबकि भारत ने 5 पॉइंट्स हासिल कर लिए। 78-40 की स्कोर लाइन के साथ फाइनल खत्म हुआ और इंडिया विमेंस टीम पहले वर्ल्ड कप की चैंपियन बन गई। विमेंस ग्रुप में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया विमेंस ग्रुप-ए में ईरान, मलेशिया और साउथ कोरिया के साथ थी। टीम ने साउथ कोरिया को 176-18, ईरान को 100-16 और मलेशिया को 100-20 के बहुत बड़े अंतर से हराया। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

क्वार्टर फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 109-16 के अंतर से हराया। वहीं सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 66-16 से मुकाबला जीता। फाइनल में भी इंडिया विमेंस का दबदबा दिखा और टीम ने 78-40 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। पूरे टूनार्मेंट में नेपाल इकलौती ऐसी टीम रही, जिसने भारत के खिलाफ हार का अंतर 50 से कम पॉइंट्स का रखा। मेंस इवेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। भारत के ग्रुप में पेरु, ब्राजील, भूटान और नेपाल थी। टीम ने नेपाल को 42-37, ब्राजील को 66-34, पेरु को 70-38 और भूटान को 71-34 के अंतर से हराया। क्वार्टर फाइनल में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 100-40 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं, टीम ने सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 62-42 से हराया।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप : उत्तर प्रदेश पुरुष टीम ने जीता रजत



उत्तर प्रदेश में **बास्केट बॉल** की लगातार प्रगति का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है । टीम के खिलाड़ी हर्ष डगर , कुशल सिंह , सत्यजीत चपराना और दिग्विजय सिंह थे । लीग मैच में पहले मैच में पंजाब को 21-20 से हराया । दूसरे मैच में मेजबान कर्नाटक को 21-19 से हराया । इसके बाद प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड को 20-12 से हराया । क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को 21-14 से हरा कर सेमी फाइनल में स्थान बना या । सेमी फाइनल में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को २१-१० से हरा कर फाइनल में स्थान बनाया ।

**❍ चौथी थ्री ऑन थ्री नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप , बेंगलुरु में आयोजित**

**फाइनल उत्तर प्रदेश और तमिल** नाडू के मध्य हुआ । मैच बहुत ही कांटे का रहा , पर अंतिम समय में तमिल नाडु में 21-16 से जीत दर्ज की । उत्तर प्रदेश की टीम ने पहली बार नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता । उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की प्रेसिडेंट , डॉ सीमा शर्मा ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर टीम को बधाई दी । उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन ने हर खिलाड़ी को दस हजार रुपए का नगद इनाम की घोषणा की । इस साल बास्केट बॉल खेल में उत्तर प्रदेश का यह दूसरा पदक है ।

## संक्षेप

### एमआई केप टाउन व पार्ल रॉयल्स ने अपने-अपने मैच जीते

केप टाउन। एमआई केप टाउन और पार्ल रॉयल्स ने लक्ष्य का अच्छी तरह से पीछा करते हुए यहां एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की। एमआई केप टाउन ने जॉबर्ग सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया। जॉबर्ग सुपर किंग्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फाफ डु प्लेसी के 61 रन की मदद से पांच विकेट पर 172 रन बनाए। डु प्लेसी ने इस दौरान अपने टी20 करियर के 11,000 रन पूरे किये। वह इस प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी हैं। उनकी यह पारी हालांकि टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थी क्योंकि रयान रिकेल्टन की 89 रन की शानदार पारी से एमआई केप टाउन ने केवल 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 173 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### भारत ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया

कुआलालंपुर। भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (सात रन पर तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (छह रन पर दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (छह रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना सके। केनिका कैस्सार ने 29 गेंद में 15 जबकि सलामी बल्लेबाज असाबी कैलेंडर ने 12 रन का योगदान दिया। टीम के पांच बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए।

### सौराष्ट्र की तरफ से रणजी मैच में खेलेंगे जडेजा

नयी दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने रविवार को राजकोट में सौराष्ट्र की टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उनका दिल्ली के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलना तय है। जडेजा आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए जनवरी 2023 में खेले थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद खिलाड़ी के फिट होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने रविवार को पीटीआई को बताया, जडेजा आज अभ्यास करने के लिए आए हैं। वह अगला मैच खेलेंगे।

# 38वां राष्ट्रीय खेल : उत्तर प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम जीते से शुरू की तैयारी



लखनऊ। उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश की महिला **हैंडबॉल** टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश की महिला टीम के कैंप के लिए संभावितों का चयन शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित ट्रायल के माध्यम से किया गया। चयन के बाद 22 संभावितों का कैंप मुख्य कोच अरविंद कुमार यादव (एनई रेलवे) और सहायक कोच अंकिता रत्न (लखनऊ) व उपमा पाण्डेय (वाराणसी) की निगरानी में शुरू किया गया। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि 3 फरवरी, 2025 तक आयोजित कैंप में प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश की 16 सदस्यीय टीम चुनी जाएगी। उन्होंने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेल में हैंडबॉल की स्पधाओं का आयोजन 7 से 11 फरवरी, 2025 तक उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में आयोजित होगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, आयोजन सचिव अमित कुमार पाण्डेय, संयुक्त सचिव परमिंदर सिंह व केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोच मो.तौहीद भी मौजूद थे। यूपी टीम के कैंप के लिए चुने गए संभावितों के नाम इस प्रकार हैं:-शिवा सिंह, निक्की चौहान, उषा प्रजापति, मोनी चौधरी, मोना, आराधना त्रिपाठी, रेशमा, तेजस्विनी सिंह, आरती यादव, युक्ता तिवारी, नैना, राजपति, सुमन, समृद्धि सिह, सुनीता राज, सपना कश्यप, मुस्कान, विधि राव, ऋतु पाल, चंदा पाण्डेय, खुशबू, प्रीति यादव, स्टैंडबाई : आकांक्षा सिंह, सताक्षी पाल, अनुराधा शर्मा, ज्योति चौहान।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 127 रन से हराया

मुल्तान (पाकिस्तान)। ऑफ स्पिनर साजिद खान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में नौ विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने रविवार को यहां तीसरे ही दिन 127 रन से जीत दर्ज की। पहली पारी में चार विकेट चटकाने के बाद साजिद ने दूसरी पारी में भी 50 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान के 251 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम स्पिनर की अनुकूल पिच पर दूसरी पारी में 123 रन पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने भी 27 रन देकर चार विकेट हासिल किए जिससे वेस्टइंडीज की पारी 36.3 ओवर तक ही टिक सकी। अपना 12वां टेस्ट खेल रहे एलिक अथानाजे ने 68 गेंद पर 55 रन की जुझारू पारी खेली लेकिन अपनी टीम को लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंचा पाए। वह साजिद का पांचवां शिकार बने। इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में तीन विकेट पर 109 रन से की और टीम 46.4 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। कप्तान और सलामी बल्लेबाज शान मसूद ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। उन्होंने मुहम्मद हुरेरा (29) के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। पाकिस्तान ने अपने अंतिम आठ विकेट 51 रन जोड़कर गंवाए। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 32 रन देकर सात विकेट चटकाए।

# नुनेज के दो गोल से लिवरपूल जीता

एजेंसी



लंदन। डार्विन नुनेज़ के इंजरी टाइम में किए गए दो गोल की मदद से लिवरपूल ने ब्रेंटफोर्ड को 20 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की जबकि आर्सेनल ने दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद एस्टन विला से ड्रॉ खेला जिससे वह खिताब की दौड़ में पिछड़ गया। लिवरपूल एक समय लगातार तीसरा मैच ड्रॉ खेलने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन उरुग्वे के स्ट्राइकर नुनेज़ ने अतिरिक्त समय के पहले और तीसरे

**❍ आर्सेनल प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में पिछड़ा**

मिनट में गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल ने विला के खिलाफ गैब्रियल मार्टिनेली और काई हैवर्टज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन आखिर में यह मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। ओली वॉटकिंस ने विला के लिए बराबरी का गोल दागा। लिवरपूल के इस जीत से 22 मैच में 50 अंक हो गए हैं और उसने आर्सेनल पर छह अंक की बढ़त हासिल कर ली है। आर्सेनल के 22 मैच में 44 अंक हैं।

**भारतीय डिफेंडर प्रीतम कोटल चेन्नईयिन एफसी से जुड़े**

चेन्नई। भारत के डिफेंडर प्रीतम कोटल रविवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम केरल ब्लास्टर्स एफसी को छोड़कर चेन्नईयिन एफसी में शामिल हो गए। कोटल का अनुबंध ढाई साल का है। भारत के लिए 50 से अधिक मैच खेलने वाले 31 वर्षीय कोटल पिछले एक दशक से आईएसएल में नियमित रूप से खेल रहे हैं। कोटल ने आईलीग और फिर आईएसएल से जुड़ने से पूर्व चिराग यूनाइटेड के साथ यूथ स्तर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। पश्चिम बंगाल का यह खिलाड़ी मोहन बागान सुपर जाइंट की कप्तानी कर चुका है और उनकी अगुआई में टीम ने कोलकाता डर्बी में लगातार आठ जीत दर्ज की। वह 2016 और 2019-20 में आईएसएल जीतने वाली टीमों के सदस्य भी रहे हैं। कोटल के जुड़ने से चेन्नईयिन एफसी की रक्षा पंक्ति मजबूत होगी।

**रीयल कश्मीर ने एससी बेंगलुरु को हराया, डेम्पो ने राजस्थान यूनाइटेड को बराबरी पर रोका**

श्रीनगर। पाउलो सीजर के दो गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को यहां एससी बेंगलुरु को 3-1 से शिकस्त दी।

# सबालेंका, गॉफ, जोकोविच अल्काराज और ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मेलबर्न पार्क पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच, कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम आठ में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चौथी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में दो बार के उपविजेता रहे ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-1, 2-6, 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच और तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रियाई ओपन के 10 बार के चैम्पियन जोकोविच ने विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज जिरी लेहेस्का को 6-3, 6-4, 7-6 से हराया तो वहीं अल्काराज ने जैक ड्रेपर के कूल्हे की समस्या के कारण दो सेटों के बाद हट जाने के कारण अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की। महिला वर्ग में कोको गॉफ का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूट गया।

# एक्सेलसेन, आन से यंग ने इंडिया ओपन बैडमिंटन बने चैंपियन

एजेंसी




नयी दिल्ली। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और आन से-यंग ने रविवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकतरफा फाइनल में शानदार जीत दर्ज करके क्रमशः पुरुष और महिला एकल का खिताब हासिल किया। इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैम्पियन रहे एक्सेलसेन ने पुरुष एकल में पिछले साल के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को 21-16 21-8 से हराया। दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के शुरुआती दौर में इस प्रतिद्वंद्वी से मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ दिया।

इंडिया ओपन में पिछले 10 साल में अपना छठा फाइनल खेलने वाले एक्सेलसेन ने चैम्पियन बनने के बाद कहा, सच कहूं तो यह खिताब जीतना मेरे लिए बहुत खास है। यह एक अलग एहसास है, यह अलग तैयारी का नतीजा है। मुझे लगने लगा है कि मेरा आत्मविश्वास वापस आ गया है। इस 31 साल के खिलाड़ी ने कहा, ओलंपिक के बाद मुझे चोट की समस्या था। इससे मेरी प्रेरणा थोड़ी प्रभावित हो रही थी तो ऐसे में यह खिताब जीतना मेरे लिए बेहद खास है। महिला एकल में आन से-यंग ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया। गोह सेज फेई और नूर इजुद्दीन की मलेशिया की पुरुष जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में किम वोन हो और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को 21-15,13-21, 21-16 से हराया। मलेशिया की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पराजित किया था। महिला युगल के फाइनल में जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोतो ने दक्षिण कोरिया की किम हये जांग और कोंग ही यंग को 21-15, 21-13 से हराया। चीन के जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की मिश्रित युगल जोड़ी ने थॉम गिक्केल और डेल्फिन डेलरू की जोड़ी को 21-18 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पिछले सत्र के उपविजता ली लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके। हांगकांग ओपन (2019) के इस चैम्पियन ने पहले गेम में 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। ली ने इसके बाद संघर्ष करना जारी रखा लेकिन एक्सेलसेन की बराबरी नहीं कर सके। ऐक्सेलसेन ने पांच गेम प्वाइंट हासिल किये और ली का शॉट कोर्ट से बाहर जाने के साथ ही उन्होंने पहले गेम को जीत लिया। एक्सेलसेन ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा जारी रखा। उन्होंने लगातार नौ अंक जुटाते हुए 10-6 की बढ़त को 19-6 में बदलकर ली के आत्मविश्वास को तोड़ते हुए आसानी से इस गेम को जीतकर मैच और खिताब जीत लिया।

**आईटीएफ डब्ल्यू50 एकल: ततियाना प्रोजोरोवा ने छह मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता**

नयी दिल्ली। रूस की ततियाना प्रोजोरोवा ने रविवार को यहां दूसरी वरीय हंगरी की पेना उडवर्डी के खिलाफ महिला एकल फाइनल छह मैच प्वाइंट बचाते हुए आईटीएफ डब्ल्यू50 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। सातवीं वरीय प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में तीन मैच प्वाइंट बचाने के बाद टाईब्रेकर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाए और तीन घंटे चले कड़े मुकबले में उडवर्डी के खिलाफ 4-6 7-6 6-4 से जीत दर्ज की।

प्रोजोरोवा ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि यह मैच जीत सकी और इतने सारे अंक बचा सकी और साथ ही अपना मौका भी नहीं गंवाया। मैं इस साल जनवरी में अपना पहला खिताब जीतकर बेहद खुश हूं और मैं यहां नयी दिल्ली में अगला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्सुक हूं। यह चार महीने में प्रोजोरोवा का पहला एकल खिताब था। उन्होंने अपना पिछला खिताब सितंबर 2024 में जीता था। उन्होंने इंचियोन में आईटीएफ डब्ल्यू100 प्रतियोगिता में जीत हासिल की थी। हंगरी की रहने वाली और 2022 में शीर्ष 100 में शामिल उडवर्डी जून 2024 के बाद अपना पहला फाइनल खेल रही थीं। वह जून 2024 में इटली में क्ले कोर्ट पर डब्ल्यूटीए 125 प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं थी।

# सीआरपीएफ ने दूसरे दिन जीते पांच स्वर्ण



लखनऊ। सीआरपीएफ के खिलाड़ियों ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025 के दूसरे दिन पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी धाक जमाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए अनय यादव, नम्यता यादव, अंशिका मौर्या व प्रिया सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। मेजबान ने आज 4 स्वर्ण, 7 रजत व 11 कांस्य पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप में आज सर्विसेज ने तीन स्वर्ण पदक जीते जबकि साई लखनऊ को 2 स्वर्ण एवं अरुणाचल प्रदेश व साई काशीपुर को एक-एक स्वर्ण मिले।

**❍ सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025**
**❍ मेजबान उत्तर प्रदेश को 4 स्वर्ण**

**दूसरे दिन के परिणाम**

सीनियर पुरुष अंडर-74 किग्रा वर्ग में सीआरपीएफ के अनुराग कपूर ने स्वर्ण, जम्मू-कश्मीर की मन्नत शर्मा ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के कौशलेंद्र सिंह व राजस्थान के अर्जुन सोनी ने कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला 73 किग्रा से अधिक वर्ग में सीआरपीएफ की सरजू बाला देवी ने स्वर्ण, मध्य प्रदेश की द्रोणादुला श्रव्या ने रजत एवं राजस्थान की वसुंधरा व्यास व उत्तर प्रदेश की आकांक्षा सिंह ने कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला अंडर-53 किग्रा वर्ग में साई लखनऊ की सीमा कनौजिया ने स्वर्ण, मध्य प्रदेश की आकांक्षा पटेल ने रजत एवं उत्तर प्रदेश की तृप्ति कुमारी व आंचल यादव ने कांस्य पदक जीते। सीनियर पुरुष अंडर-54 किग्रा में सीआरपीएफ के शोभित शाह ने स्वर्ण, मध्य प्रदेश के अभय ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के अनुराग कुमार व बिहार के प्रिंस कुमार ने कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला व्यक्तिगत पूमसे (30 वर्ष से कम) में सीआरपीएफ की ममता कुमारी शाह ने स्वर्ण, अरुणाचल प्रदेश की डोरिक गमोह ने रजत एवं बिहार की टिंवकल भारती व अरुणाचल प्रदेश की मार्पी बशर ने कांस्य पदक जीते। सीनियर मिक्स पेयर पूमसे (30 वर्ष से कम) में अरुणाचल प्रदेश के डोरिक गमोह व बादल दास ने स्वर्ण एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम सिंह व दीपांशी प्रजापति ने रजत पदक जीते। सब जूनियर बालक अंडर-50 किग्रा वर्ग में उत्तर प्रदेश के अनय यादव ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश के अंशु कुमार ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के अमित विक्रम ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालक अंडर- 180 सेमी.वर्ग में सर्विसेज के आर्यवीर ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश के अथर्व गुप्ता ने रजत एवं उत्तराखंड के आयुष सैनी व उत्तर प्रदेश के चैतन्य शिखर ने कांस्य पदक जीते। कैडेट बालिका अंडर-144 सेमी.वर्ग में नम्यता यादव ने स्वर्ण, परी कुमारी ने रजत एवं सृष्टि कश्यप व अवनी सिद्धार्थ (सभी उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीते।

# छह माह में तीन लाख परियोजनाओं को दी मंजूरी

## प्रधानमंत्री मोदी ने हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये मंजूर किए

एजेंसी




अमरावती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए केवल छह महीनों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

शाह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन के परिसर तथा अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। शाह ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए आंध्र प्रदेश के लोगों से कहा कि वे बर्बाद हुए पांच वर्ष पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायडू और प्रधानमंत्री मोदी राज्य के विकास के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर तेजी से प्रयास करते हुए मिलकर काम करेंगे। गृह मंत्री ने कहा, मैं यह आश्वासन देना चाहता हूं कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। शाह ने एनडीआरएफ के बारे में कहा कि आज भारत आपदा प्रबंधन के मामले में विश्व स्तर पर अगुआ के रूप में उभरा है और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

एनडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान काम करता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मानव निर्मित संकटों के दौरान लोगों की सेवा करने के लिए आगे आता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में 2024 के विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत के बाद राजग 2025 की शुरुआत में दिल्ली में भी सरकार बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से राज्य के पूरी तरह से आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति में आने तक केंद्र से निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने की अपील की।

# कश्मीर में 24 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान



श्रीनगर। कश्मीर में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि से निवासियों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। हालांकि, अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी क्योंकि घाटी के कई हिस्सों में 24 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान है। शनिवार रात को कश्मीर में न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। श्रीनगर में पारा शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जो पिछली रात के तापमान (शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे) कम है। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के तापमान (शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे) से मामूली ज्यादा है।

स्कीइंग के लिए मशहूर उत्तरी कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस, पंपोर शहर के कोनीबल में शून्य से दो डिग्री सेल्सियस, कुपवाड़ा में शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस और कोकरनाग में शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि कश्मीर में एक सप्ताह तक बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया, अगले 36 घंटों में कई स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान है। 22 से 23 जनवरी तक जम्मू में हल्की से मध्यम बारिश और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बर्फबारी की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि 24 से 28 जनवरी तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है और 29 से 31 जनवरी तक फिर से बारिश होने का पूर्वानुमान है।

**संक्षेप**

## मोदी ने कारोबार में आसानी को कारोबार में असुविधा बना दिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि मोदी सरकार की प्रतिगामी नीतियों ने भारत में निवेशकों का भरोसा तोड़ दिया है और व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को व्यापार करने में असुविधौ (अनईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में बदल दिया है। केंद्रीय बजट से पहले विपक्षी दल ने कहा कि इसे ठीक करने के लिए आगामी बजट में छापेमारी राज और कर आतंकै को खत्म करना होगा। पार्टी ने सरकार से भारतीय विनिर्माण नौकरियों की रक्षा के लिए कदम उठाने और मजदूरी व क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए निर्णायक कार्वाई करने का भी आह्वान किया। कांग्रेस महासचिव, प्रभारी संचार, जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार लंबे समय से भारत में व्यापार करने में आसानौ में सुधार की इच्छा को लेकर ढिंढोरा पीटती रही है, लेकिन पिछले एक दशक में निजी निवेश में कमी ही देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि निजी निवेश रिकॉर्ड निचले स्तर पर चला गया है और बड़ी संख्या में उद्योगपति भारत छोड़कर विदेश चले गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, जीएसटी और आयकर को मिलाकर बनने वाली पेचीदा, दंडात्मक, और मनमानी कर व्यवस्था भारत की समृद्धि के लिए खतरा बनी हुई है।

## राष्ट्रपति श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सम्मान समारोह में होंगी शामिल

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अप्रैल में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में शामिल होंगी, जिसमें इस वर्ष का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्य, कला, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। शर्मा ने एक्स पर लिखा, मुझे माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला। मैं माननीय राष्ट्रपति का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने हमारे राज्य का दौरा करने और अप्रैल 2025 में श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करने का हमारा निमंत्रण स्वीकार किया।

उनका बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन सचमुच सराहनीय है। इस पुरस्कार का नाम असम के वैष्णव संत और सुधारक श्रीमंत शंकरदेव के नाम पर रखा गया है। असम सरकार 1986 से साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करती रही है।

# राहुल ने जाति सर्वेक्षण को बताया फर्जी

एजेंसी



पटना। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (रागज) ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राज्य में नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण को फर्जी बताने के लिए निशाना साधा। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार के दौरे पर आए राहुल गांधी ने

**राजग ने साधा निशाना**

शनिवार को देश भर में जाति जनगणना कराने का संकल्प लिया और कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि यह कवायद बिहार में 2022-23 में की गई जाति सर्वेक्षण की तरह फर्जी न हो इसका उद्देश्य लोगों को मूर्ख बनाना न हो। राजग में घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता और राज्य में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम ऐसे नेता से कुछ बेहतर की उम्मीद नहीं कर सकते जो भारत सरकार और भारतीय राज्य के बीच अंतर करने में असमर्थ हैं। उनका इशारा दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा हाल ही में की गई टिप्पणी की ओर था, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित असम में कांग्रेस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। चौधरी ने गांधी को याद दिलाया कि उनकी पार्टी शुरू से ही जाति सर्वेक्षण का समर्थन करती रही है।

सरकार भी ठोस सबूतों के साथ विसंगतियों को दूर करने के लिए तैयार रही है। ऐसी पृष्ठभूमि में, गांधी की टिप्पणी हास्यास्पद लगने वाली बातें कहने की उनकी प्रवृत्ति का एक और उदाहरण है। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने भी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता पर निशाना साधा।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले हजारों लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से दो दिन पहले हजारों लोग राजधानी वाशिंगटन डीसी में एकत्र हुए और उनकी नीतियों का विरोध किया। ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। सखी फॉर साउथ एशियन सर्वाइवर्स समेत गैर-लाभकारी निकायों के एक समूह ने पीपुल्स मार्च के बैनर तले यहां ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ट्रंप (78) रोधी पोस्ट दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अगले राष्ट्रपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क समेत उनके करीबी समर्थकों के खिलाफ नारे लगाए।

जनवरी 2017 में ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के समय भी ऐसा ही एक विरोध प्रदर्शन हुआ था। तीन अलग-अलग पार्कों से शुरू हुए विरोध मार्च लिंकन मेमोरियल के निकट समाप्त हुए। पीपुल्स मार्च की तरफ से कहा गया, सामूहिक विरोध प्रदर्शन हमारे समुदायों को यह दिखाने का सबसे प्रभावी तरीका है कि हम पहले से ही नतमस्तक नहीं हैं या फासीवाद के आगे नहीं झुक रहे हैं।

# बजट में छापेमारी राज व कर आतंक को खत्म किया जाना चाहिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि मोदी सरकार की प्रतिगामी नीतियों ने भारत में निवेशकों का भरोसा तोड़ दिया है और व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) कौ व्यापार करने में असुविधौ (अनईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में बदल दिया है। केंद्रीय बजट से पहले विपक्षी दल ने कहा कि इसे ठीक करने के लिए आगामी बजट मे छापेमारी राज और कर आतंकै को खत्म करना होगा। पार्टी ने सरकार से भारतीय विनिर्माण नौकरियों की रक्षा के लिए कदम उठाने और मजदूरी व क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए निर्णायक कार्वाई करने का भी आह्वान किया।

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) **जयराम** रमेश ने कहा कि मोदी सरकार लंबे समय से भारत मैं व्यापार करने में आसानौ में सुधार की इच्छा को लेकर ढिंढोरा पीटती रही है, लेकिन पिछले एक दशक में निजी निवेश में कमी ही देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि निजी निवेश रिकॉर्ड निचले स्तर पर चला गया है और बड़ी संख्या में उद्योगपति भारत छोड़कर विदेश चले गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, जीएसटी और आयकर को मिलाकर बनने वाली पेचीदा, दंडात्मक, और मनमानी कर व्यवस्था भारत की समृद्धि के लिए खतरा बनी हुई है। यह पूरी तरह कर आतंक जैसा है।

## मादक पदार्थ पर सख्त हिमाचल सरकार : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मादक पदार्थ माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई करेगी। कांगड़ा जिले के नूरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि पुलिस ने हाल के महीनों में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है और उनसे 11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित कानून को लागू किया है।

# इंदिरा गांधी व नेहरू ने की संविधान से छेड़छाड़

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता

**राहुल को नहीं पता इतिहास: नड्डा**

(नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के संविधान गौरव अभियान में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं।

उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें सिर्फ पढ़ते हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं। नड्डा ने कहा, भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है।

**इंटरटेनमेंट...**

# बॉक्स ऑफिस पर 'इमरजेंसी' का कलेक्शन 5.92 करोड़




**मुंबई।** कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज हो चुकी है। विवादों के बावजूद फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना मिल रही है, हालांकि कलेक्शन के मामले में फिल्म ने धीमी शुरूआत की है। फिल्म ने पहले दिन 2.50 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था। वहीं दूसरे दिन शनिवार को फिल्म की कमाई में 39 प्रतिशत उछाल देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे दिन फिल्म इमरजेंसी ने 3.42 करोड़ का कलेक्शन किया है।

इसी के साथ 2 दिनों में फिल्म की कमाई 5.92 करोड़ रुपए हो चुकी है। आज यानी रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी के अनुमान हैं। 2 दिनों में महज 5.92 करोड़ करने के बावजूद कंगना रनोट ने पिछले 5 सालों में रिलीज हुईं अपनी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले 5 सालों में कंगना हिंदी फिल्मों धाकड़ और तेजस में ही नजर आईं थीं। जहां 70 करोड़ में बनी तेजस महज 5.6 करोड़ कमाकर सिमट गई, वहीं 85 करोड़ में बनी धाकड़ बॉक्स ऑफिस में महज 3.77 करोड़ रुपए कमा सकी। कंगना रनोट की साउथ फिल्मों की बात करें तो 5 सालों में उनकी चंद्रमुखी 2 ही 40 करोड़ रुपए कलेक्शन कर सकी, लेकिन ये भी 65 करोड़ रुपए बजट में बनी फ्लॉप रही। वहीं थलाइवी भी 4.98 करोड़ कमाकर सिमट गई थी। कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी का क्लैश अजय देवगन, राशा थडानी स्टारर फिल्म आजाद से हुआ है। दोनों ही फिल्में 17 जनवरी को एक साथ रिलीज हुई हैं। जहां कंगना की फिल्म ने दो दिनों में 5.92 करोड़ कमा लिए हैं, वहीं आजाद ने 2.58 करोड़ की कमाई की है। इन दोनों फिल्मों के अलावा अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल भी टक्कर में है। फिल्म ने रिलीज के 38वें दिन यानी बीते शनिवार को 1.10 करोड़ कमा लिए हैं। इस तरह फिल्म का कुल इंडियन कलेक्शन 1226 करोड़ हो चुका है। वहीं फिल्म वर्ल्डवाइड करीब 1800 करोड़ कमाई कर चुकी है।

17 जनवरी को जुहू के पीवीआर में फिल्म इमरजेंसी की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी, जहां आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु भी पहुंचे थे। इसी दौरान कंगना रनोट और अनुपम खेर ने उनका स्वागत किया। साथ ही फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद भी लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंगना के इस वीडियो पर यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'हिंदू शेरनी कंगना रनौत।' दूसरे ने लिखा, 'ये होते हैं संस्कार।' तीसरे ने लिखा, 'ऐसा सिर्फ यही कर सकती हैं। कंगना ने कहा, 'हमारी फिल्म देखने के लिए सद्गुरु जी आए, ये हमारा सौभाग्य है।

## सिंगर दर्शन रावल ने गर्लफ्रेंड से की शादी

मुंबई। पॉपुलर सिंगर दर्शन रावल ने हाल ही में लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी कर ली है। सिंगर ने गुपचुप तरीके से इंटिमेट वेडिंग की, जिसमें चंद करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए थे। शादी की अनाउंसमेंट सिंगर ने वेडिंग पोस्ट के जरिए की है। दर्शन रावल ने हाल ही में अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से शादी की खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। इसके साथ सिंगर ने लिखा है, माय बेस्ट फ्रेंड फॉरएवर। बताते चलें कि दर्शन अपनी प्राइवेट लाइफ पर ज्यादा बात करना पसंद नहीं करते हैं। शादी की तस्वीरों से पहले दोनों ने ही कभी एक-दूसरे के साथ कोई तस्वीर पोस्ट नहीं की है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दर्शन और धरल बीते कई महीनों से रिलेशनशिप में हैं। धरल सुरीला एक इंटीरियर डिजाइनर हैं।

## सैफ अली की फेक फोटो शेयर कर ट्रोल हुए शत्रुघ्न सिन्हा

मुंबई। शत्रुघ्न सिन्हा, सैफ अली खान की अस्पताल से फर्जी फोटो शेयर कर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। सीनियर एक्टर ने हाल ही में अपने ऑफिशियल हैंडल से एक तस्वीर शेयर की है, जो अक जनरेटेड है। तस्वीर में सैफ हॉस्पिटल बेड में नजर आए हैं और उनके साथ करीना कपूर भी बैठी दिखी हैं। पोस्ट के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा ने एक्टर के जल्द ठीक होने की दुआ की है। हालांकि फेक फोटो शेयर किए जाने पर कई यूजर्स उन पर भड़क गए हैं, वहीं कुछ का कहना है शत्रुघ्न सिन्हा का अकाउंट हैक हो गया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने ऑफिशियल अकाउंट से पोस्ट कर लिखा, हमारे प्रिय सैफ अली खान पर बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण ट्रैजिक अटैक हुआ।

# मुंबई में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट का पहला दिन, 40 हजार से ज्यादा पहुंचे फैंस



मुंबई। कोल्डप्ले वर्ल्ड टूर 2025 का पहला कॉन्सर्ट शनिवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। कॉन्सर्ट दो घंटे रात 8 बजे से 10 बजे तक चला। इस दौरान स्टेडियम में खचाखच भरा था। करीब 40 हजार से ज्यादा लोग कॉन्सर्ट में नजर आए। भारत की जसलीन रॉयल ने शो की ओपनिंग की। उन्होंने खो गए हम कहां, रांझा और लव यू जिंदगी जैसे गाने गाए। जसलीन ब्रिटिश रॉक बैंड के लिए ओपनिंग करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

सोशल मीडिया पर कॉन्सर्ट के वीडियो और फोटो तेजी से वायरल हो रहे हैं। कॉन्सर्ट में क्रिस मार्टिन ने येलो, पैराडाइज, मैजिक और कई फेमस गाने गाए। 19 और 21 जनवरी को भी मुंबई के इसी स्टेडियम में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 दिन के इस कॉन्सर्ट में लगभग 70 हजार दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। मुंबई के बाद अहमदाबाद में कोल्डप्ले के 2 और कॉन्सर्ट होंगे। यह शो 25 और 26 जनवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होंगे। कॉन्सर्ट होने के बाद कुछ दिन पहले ही बुक माय शो पर अहमदाबाद के लिए एडिशनल टिकट जोड़े गए हैं। इस बात की जानकारी 15 जनवरी को सोशल मीडिया पर बुक माय शो के ऑफिशियल पेज पर शेयर की गई है। पोस्ट में लिखा गया है- कोल्डप्ले म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर 2025- भारत, अहमदाबाद के सभी शो के लिए सीमित टिकट जोड़े गए हैं। अहमदाबाद के दोनों शो के लिए लिमिटेड टिकट आज शाम 6 बजे से लाइव हो जाएंगे।

इससे पहले जब साल 2024 में अहमदाबाद कॉन्सर्ट के लिए बुक माय शो पर टिकट बिकने शुरू हुए थे, तो कुछ ही मिनटों में सभी टिकट बिक गए और बुकिंग फुल हो गई थी। इस वजह से नाराज फैंस का कहना है कि जब कॉन्सर्ट के ऑर्गनाइजर्स ब्लैक में टिकट नहीं बेच पाए, तो उन्होंने एक्स्ट्रा टिकट्स जोड़ दिए। फिल्ममेकर करण जौहर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया था कि प्रिविलेज्ड होने के बावजूद वो टिकट बुक करने से चूक गए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com